# हरिभूमि

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




अमित शाह लगातार छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। नक्सल ऑपरेशन के अलावा वे लोगों से संवाद भी करते है और विकास की बात भी...।



- मोदी सरकार में समस्या का समाधान टुकड़ों-टुकड़ों में नहीं, समस्या को जड़ से समाप्त किया जाता है
- बिना बिचौलिये डीबीटी से गरीब परिवारों के साथ सीधे पहुंचे 44 लाख करोड़ रुपए

# अभूतपूर्व विकास के साथ, राष्ट्र में आत्मविश्वास जगाना, मोदी जी की सबसे बड़ी उपलब्धि

*हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर*

*भारतीय राजनीति में अमित शाह एक ऐसी शख्सियत के रूप में हैं जो ना केवल कुशल रणनीतिकार और प्रशासक हैं, साथ ही उनके क्रियान्वयन में भी सिद्धहस्त हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर अपने आपको दक्ष राजनीतिज्ञ के तौर पर साबित करने में कामयाब रहे श्री शाह गत छह वर्ष से देश के गृहमंत्री की भूमिका में बतौर प्रशासक परिवेश को अचंभित किए हुए हैं। दस माह पूर्व देश से 31 मार्च 2026 तक नक्सलियों के खात्मे का ऐलान कर अचंभित कर देने वाले श्री शाह वक्त से पहले लक्ष्य हासिल करते दिखाई दे रहे हैं। पिछले ग्यारह वर्षों से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सर्वाधिक विश्वस्त सहयोगी के तौर पर पहिचाने जाने वाले गृहमंत्री अमित शाह एक बार फिर छत्तीसगढ़ प्रवास पर थे। इस दौरान उनसे अनौपचारिक मुलाकात के दौरान देश- प्रदेश से जुड़े तमाम विषयों पर विस्तार से बात हुई। जहां एक ओर वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के उभार को लेकर प्रसन्नता जाहिर की, वहीं दूसरी ओर नक्सल मोर्चे पर निर्णायक सफलता को लेकर आश्वस्त भी दिखे।*

*श्री शाह ने देश-विदेश और छत्तीसगढ़ प्रदेश के जुड़े मुद्दों पर बेबाकी से बात की हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डा. हिमांशु द्विवेदी से। प्रस्तुत है चर्चा के प्रमुख अंश।*

## बस्तर हमारे भी दिल में बसता है, वहां का विकास वहां के लोगों की मंशा के मुताबिक होगा



■ *आपकी सरकार के 11 साल और यूपीए के एक दशक के राज में आप मूल अंतर क्या देखते हैं?*

■ देखिए...सबसे बड़ा अंतर सोच का है। यूपीए की सरकार समस्याओं को टुकड़ों-टुकड़ों में देखती थी, लेकिन मोदी जी के नेतृत्व में समस्याओं को जड़ से समाप्त किया जाता है। यूपीए का लक्ष्य होता था इतने गांवों में बिजली दी जाएगी, हमारा लक्ष्य, हर गांव में बिजली देना, हर घर में नल से जल पहुंचाना हर घर में पीने का स्वच्छ पानी की उपलब्धता, हर घर शौचालय पहुंचाना, हर घर में गैस सिलेंडर देना। वही कारण है कि मोदी सरकार ने पिछले 70 सालों का काम 11 वर्षों में किया है।


■ *विपक्ष अर्थव्यवस्था को लेकर लगातार सरकार को घेरता है, वो कहते हैं कि अर्थशास्त्री प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी अच्छे थे, मोदी जी से?*

■ मैं आपसे आंकड़ों के साथ बात करूंगा। यूपीए के वक्त अर्थशास्त्री प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी थे, लेकिन उसके बावजूद आखिर क्यों देश की अर्थव्यवस्था में सुधार नहीं हुआ। यूपीए की जब सरकार आई तब अर्थव्यवस्था में दुनिया में 11वें स्थान पर थे। 10 वर्षों के बाद भी 11वें स्थान पर ही रहे, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी जी के 11 साल के कार्यकाल में भारत 11वें से विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है, और हम तेजी से तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहे हैं। अब आप बताइए कौन अच्छा है? आज विदेशी एजेंसियां भारत की तारीफ करती हैं, आईएमएफ ने भारत की अर्थव्यवस्था को वैश्विक आर्थिक मानचित्र पर एक 'ब्राइट स्पॉट' और 'स्टार पर्फॉर्मर' कहा, मूडी रेटिंग ने भारत के जीएसटी, बैंकरप्टसी कोड और एनपीए के क्षेत्र में रिफॉर्म की प्रशंसा करते हुए सोवरिन रेटिंग को बीएए 2 में अपग्रेड किया। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग ने भारत की रेटिंग को 'स्थिर' से 'पाजीटिव' में अपग्रेड किया, अब आप ही बताइए कौन अच्छा है? ▶▶ पढ़ें पेज 11 भी

inh 24x7 छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें TATA PLAY चैनल नं. 1155 airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### दूसरी बेटी समेत एक ही परिवार के 4 की मौत



**देवास।** थाना उदयनगर अंतर्गत ग्राम धोबघट्टा निवासी एक ही परिवार के चार लोगों ने बीते शनिवार जहरीला पदार्थ खा लिया था, जिससे माता-पिता व एक बेटी की मौत सोमवार को हो गई थी। वहीं एक अन्य बेटी की मौत मंगलवार को हुई। एक ही परिवार के चार लोगों को मौत हुई है। इनका इलाज इंदौर के निजी अस्पताल में जारी था।


### जीडीपी ग्रोथ अनुमान 6.5% तक बढ़ाया गया





**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसी एस एंड पी ग्लोबल ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 6.5% कर दिया है। एजेंसी ने कहा कि सामान्य मानसून, कच्चे तेल की नरम कीमतें और मौद्रिक नरमी भारत की आर्थिक ग्रोथ को मजबूती देने में अहम भूमिका निभाएंगे।

### मप्र कोरोना से 5वीं मौत, ये सभी महिलाएं



**भोपाल।** प्रदेश में कोरोना वायरस से 5वीं मौत हो गई है। भिंड निवासी 52 वर्षीय महिला के फेफड़ों में गंभीर सूजन थी, जिससे उसे सांस लेने में काफी परेशानी हो रही थी। ग्वालियर के एक अस्पताल में महिला का इलाज चल रहा था। जहां सोमवार रात उसकी मौत हो गई। डॉक्टरों के मुताबिक महिला को एक्यूट लंग इंजरी थी।

## दुनिया को ऐसा लगा कि मध्य पूर्व में सब कुछ फिक्स था : ईरान-इजराइल की जंग आखिरकार 12 दिन में खत्म

# डोनाल्ड ट्रंप ने किया 'सीजफायर' का ऐलान इससे पहले दोनों देशों ने दागी दनादन मिसाइलें





एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इजराइल और ईरान के बीच जारी जंग खत्म हो गई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार देर रात 3.30 बजे दोनों देशों के बीच सीजफायर पर बनी सहमति का ऐलान किया।

उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर दावा किया कि इजराइल और ईरान के बीच 'पूर्ण युद्धविराम' पर सिद्धांत रूप में सहमति बन गई है, जिससे '12 डे वॉर' का अंत होगा। ट्रंप ने लिखा, 'सभी को बधाई। ट्रंप ने दोनों देशों की 'हिम्मत, बुद्धिमत्ता और सहनशक्ति' की तारीफ करते हुए कहा कि यह युद्ध वर्षों तक चल सकता था और पूरे मध्य पूर्व को तबाह कर सकता था, 'लेकिन ऐसा नहीं हुआ, और कभी नहीं होगा।

**इजराइल ईरान के बीच हुए संघर्षविराम का भारत ने किया स्वागत**

### ट्रंप बोले- मुझे यह पसंद नहीं आया कि इजराइल ने संघर्ष विराम पर सहमति जताने के बाद तुरंत हमला कर दिया

### ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई ने कहा कि हम तानाशाहों की धमकियों से नहीं डरते

### यह है युद्ध विराम का मसौदा

- 6 घंटे के भीतर एक पूर्ण और समग्र युद्धविराम लागू होगा
- पहले 12 घंटे ईरान युद्धविराम का पालन करेगा, फिर इजराइल
- इसके 24 घंटे बाद यह युद्ध समाप्त माना जाएगा





### सबने 'पिटकर' अपनी-अपनी पीठ थपथपाई

**ईरान**

- न्यूक्लियर ठिकाने तबाह, एटमी प्रोग्राम 50 साल पीछे खिसका
- टॉप कमांडर व टॉप वैज्ञानिक मारे गए
- करीब 1000 लोग अकाल काल कवलित
- फेस सेविंग के लिए कतर के यूएस बेस पर बताकर हमला किया, यानी ये फिक्स हमला था, बेस खाली करा लिया गया था
- ईरान ने कहा- लेकिन, हम नहीं झुके, हम समर्पण करने वाले देश नहीं

**इजराइल**

- पहली बार किसी देश ने इजराइल का आयरन डोम भेद डाला
- ईरान की मिसाइलों मे कई शहरों को खंडहर बना डाला
- ईरान के हमलों में करीब 100 मौतें हुई, हजारों लोगों ने घर गंवाए
- इजराइल ने कहा- हमने मध्य-पूर्व में परमाणु बम का खतरा कम कर दिया

**अमेरिका**

- ▶▶ इजराइल को हमले के लिए उकसाया, उसे हथियार दिए
- ▶▶ खुद भी युद्ध में कूदा और एटमी ठिकाने तबाह किए
- ▶▶ फिर, ईरान को कतर के अपने एयरबेस पर सिंबॉलिक हमला करने की छूट दी, ताकि वह बदले को जस्टिफाई कर सके
- ▶▶ हमलों के बीच ईरान में तख्तापलट के प्लान की घोषणा कर दी
- ▶▶ अब ट्रंप ने कहा- ये युद्ध बरसों चल सकता था, हमने रुकवा दिया

### विदेश मंत्रालय ने कहा- क्षेत्र में संघर्षों के समाधान के लिए बातचीत और कूटनीति ही एकमात्र विकल्प

**हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली।** पश्चिम-एशिया में जारी युद्ध को रोकने के लिए इजराइल और ईरान के बीच हुए संघर्षविराम का मंगलवार को भारत ने स्वागत किया है। विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि हम दोनों देशों के बीच हुए संघर्षविराम को लेकर आ रही रिपोर्ट और उसमें अमेरिका और कतर द्वारा निभाई गई भूमिका का स्वागत करते हैं। साथ ही भारत क्षेत्र में जारी विभिन्न संघर्षों का हल निकालने के लिए बातचीत और कूटनीति के अलावा किसी अन्य विकल्प के मौजूद न होने के अपने पक्ष को लेकर भी प्रतिबद्धता प्रकट करता है। हम ऐसे तमाम प्रयासों में अपनी भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। उम्मीद करते हैं कि सभी पक्ष शांतिऔर स्थिरता की दिशा में काम करेंगे।

### शांति स्थापित करने में कतर ने महत्वपूर्ण मध्यस्थ की भूमिका निभाई

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कतर के अमीर से फोन पर बातचीत की और उनसे अनुरोध किया कि वे ईरान को अमेरिका समर्थित संघर्षविराम प्रस्ताव को स्वीकार करने के लिए मनाएं। इस कॉल के बाद कतर के प्रधानमंत्री ने पहल की और ईरान को इस प्रस्ताव पर सहमति देने के लिए राजी किया। कतर के अमीर ने ईरान को अमेरिका समर्थित सीजफायर प्रस्ताव पर सहमति दिलाई। यह पहल ट्रंप और कतर के अमीर के बीच बातचीत के बाद हुई। इससे यह स्पष्ट होता है कि क्षेत्र में शांति स्थापित करने में कतर ने एक महत्वपूर्ण मध्यस्थ की भूमिका निभाई।

### कतर एयरवेज ने अपनी उड़ानें फिर से शुरू कीं

अल उदीद एयर बेस पर ईरानी हमले के बाद कतर ने अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया था। फ्लाइट-ट्रैकिंग डेटा ने मंगलवार की सुबह फिर से वाणिज्यिक विमानों को कतर के हवाई क्षेत्र में उड़ते हुए दिखाया। इससे संकेत मिलता है कि ऊर्जा-समृद्ध राष्ट्र पर अब खतरा टल गया है।

### एयरइंडिया की उड़ानें भी शुरू






इधर, एयर इंडिया ने मंगलवार को घोषणा की कि वह धीरे-धीरे मिडिल ईस्ट और यूरोप के लिए अपनी उड़ानों को फिर से शुरू कर रही है, क्योंकि कुछ क्षेत्रों में हवाई क्षेत्र दोबारा खोल दिए गए हैं। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने एक बयान में बताया कि मिडिल ईस्ट के लिए उड़ानें फिर शुरू हो रही हैं और 25 जून से अधिकतर संचालन सामान्य रूप से बहाल कर दिए जाएंगे। अमेरिका और कनाडा के ईस्ट कोस्ट के लिए उड़ानों को जल्द से जल्द फिर शुरू किया जाएगा।

## पुलिस ने वीडियो पर संज्ञान लेकर केस दर्ज किया

# सीहोर में दो युवकों को बेरहमी से की पिटाई गोबर खिलाया, लड़कियों के कपड़े पहनाए

- घटना के बाद ग्रामीणों ने ही वीडियो किया वायरल
- घटना के पीछे का कारण अभी तक सामने नहीं आया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



सीहोर जिले के दोराहा क्षेत्र में आने वाले ग्राम बुगली वाली से मानवता को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। जहां दो युवकों के साथ भीड़ ने अमानवीय बर्ताव किया, जिसका वीडियो भी बनाया गया। वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पीड़ित दोनों युवक रायसेन जिले के रहने वाले बताए जा रहे हैं। जो ग्रामीण इस घटना में शामिल हैं, उनमें से अधिकतर बेलदार समाज से संबंधित बताए जा रहे हैं। गांव में संदेह के आधार पर इन युवकों को पकड़ा गया। उन्हें बेरहमी से पीटा गया। इतना ही नहीं जबरन लड़कियों के कपड़े पहनाए गए और गोबर खिलाया गया। बाल काटकर बेइज्जत किया गया। इस मामले पर कोई पुलिस केस फाइल नहीं हुआ। उक्त वीडियो ▶▶ शेष पेज 4 पर

## गुना में बड़ा हादसाः बछड़े को बचाने कुए में उतरे

# दम घुटने से 5 की मौत, 1 की हालत नाजुक...जहरीली गैस की आशंका

एक युवक कुए में बेहोश हुआ तो उसे बचाने एक-एक कर उतरे और हादसे का शिकार हो गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

जिले के धरनावदा कस्बे में मंगलवार दोपहर गाय का बछड़ा बचाने के प्रयास में 6 लोग एक के बाद एक कुए में उतरते गए दम घुटने से पांच लोगों की मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया।

सबसे पहले मन्नू कुशवाह कुए में उतरा, जिस ने कुछ ही देर में अंदर दम घुटने की शिकायत की और बेहोश हो गया। उसे बचाने के लिए उतरे सोनू कुशवाह का भी वही हाल ▶▶ शेष पेज 4 पर







### सीएम ने जताया दुख, 4-4 लाख आर्थिक मदद के निर्देश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि शोकग्रस्त परिवार के साथ मेरी संवेदनाएं हैं। प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत को घटनास्थल पर पहुंचने के निर्देश दिए हैं। मृतकों के निकटतम परिजन को राज्य शासन की ओर से 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से प्रार्थना की है कि दिवंगत की आत्माओं को शांति और परिजन को यह असहनीय कष्ट सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## काशी में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक में शामिल हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

# बच्चों के स्वास्थ्य पैरामीटर की ट्रैकिंग करने के लिए एक इंटीग्रेटेड पोर्टल विकसित किया जाए

## केंद्रीय गृहमंत्री शाह की अध्यक्षता में 4 राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने की सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज भारत विकसित भारत 2047 के जिस मार्ग पर चल रहा है, उसमें राज्यों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। नीति आयोग, मुख्यमंत्री परिषद और क्षेत्रीय परिषद जैसे संस्थागत तंत्र ने इन्हें केवल संवाद का साधन नहीं, बल्कि समाधान का माध्यम बनाया है।

उन्होंने कहा कि महिला बाल विकास एवं स्वास्थ्य विभागों में अलग-अलग पोर्टल होने के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पैरामीटर को ट्रैकिंग करने में कठिनाई आ रही है। इसका समाधान करने के लिए एक इंटीग्रेटेड पोर्टल विकसित किए जाने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ▶▶ शेष पेज 4 पर

### पीएम ने इस धारणा को बदला कि राज्य और केंद्र प्रतिस्पर्धी

डॉ. यादव ने कहा कि पिछले वर्षों में देखा गया है कि आपदा प्रबंधन हो, आंतरिक सुरक्षा या अधोसंरचना विकास, जब राज्य एकजुट होकर कार्य करते हैं, तो भारत की गति दोगुनी हो जाती है। प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों से राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ नियमित संवाद, केंद्र-राज्य समन्वय समितियां और निवेश सम्मेलन इन सभी माध्यमों से संघीय व्यवस्था को नया बल मिला है। प्रधानमंत्री ने इस धारणा को बदल दिया है कि राज्य और केंद्र प्रतिस्पर्धी हैं। अब हम राज्य और केंद्र साझेदार हैं, इस सोच के साथ आगे बढ़ रहे हैं।





### आयुष्मान भारत और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में 60: 40 का अनुपात

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना भारत सरकार की ओर से वर्ष 2018 में लागू की गई थी। योजना के तहत एसईसीसी के हितग्राहियों पर होने वाले व्यय का वहन भारत सरकार एवं मप्र शासन की ओर से 60: 40 के अनुपात में किया जाता है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण ने प्रतिवर्ष प्रति परिवार व्यय की अधिकतम सीमा राशि 1052 रुपए सीलिंग निर्धारित की है, जो कि वर्ष 2018 से आज तक यथावत है। उन्होंने निर्धारित सीलिंग को बढ़ाने का अनुरोध किया। ▶▶ पढ़ें पेज 02 भी

### मप्र सरकार की उपलब्धियों से कराया अवगत

बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मप्र की उपलब्धियों और विकास संबंधी जानकारियां प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि प्रदेश के अधिकारी एवं कर्मचारी की 9 वर्षों से पदोन्नतियां रुकी हुई थीं। इसका निराकरण करते हुए मप्र में लोक सेवा पदोन्नति नियम 2025 स्वीकृत किए गए हैं। जिससे प्रदेश के 5 लाख कर्मचारियों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। पदोन्नति से जो 2 लाख पद खाली होंगे, उनसे सीधी भर्ती के पदों पर नवीन नियुक्तियां की जा सकेगी। मप्र महानगर क्षेत्र नियोजन एवं विकास अधिनियम 2025 पारित कर इंदौर, उज्जैन, भोपाल, जबलपुर और ग्वालियर को उनके आसपास के जिलों को साथ में लेकर मेट्रोपॉलिटन सिटी के रूप में विकसित करने की रणनीति तैयार की गई है।

# कल श्री बांके बिहारी लालजी मार्कडेण्य मंदिर में होंगे श्री जगन्नाथ रथ यात्रा के दर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्री बांके बिहारी लालजी मार्कडेण्य मंदिर चौबदारपुरा तलैया भोपाल में श्री जगन्नाथ रथ यात्रा के दर्शन गुरुवार शाम 6 बजे होंगे। मंदिर प्रांगण के आंगन में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा छोटे रथ में सभी भक्तों के माध्यम से होगी। दाल भात, बाटी, मालपुआ अन्य सामग्रियों को भोग के लिए रखा जाएगा। महाप्रसाद वितरण होगा तथा भजन कीर्तन कार्यक्रम होगा।

## मासिक शिवरात्रि पर शिवमय हुआ भोपाल

भोपाल। सद्गुरुदेव श्री बजरंगदास दादाजी महाराज की दिव्य कृपा और सत्संकल्प से राजधानी के विभिन्न मंदिरों में मंगलवार को मासिक शिवरात्रि का पावन पर्व अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और दिव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने दिनभर उपवास, पूजन, सेवा और संकीर्तन में भाग लेकर अपने जीवन को आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण किया। इस अवसर पर भवानी शिव हनुमान मंदिर, तारा धाम, शिव मंदिर, सर्व सिद्धेश्वर मंदिर, शनि मंदिर, नीलकंठेश्वर मंदिर एवं हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से पार्थेश्वर शिवलिंग निर्माण कर भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया। मंत्रोच्चार, पंचामृत अभिषेक और शुद्ध जल से शिव पूजन के साथ वातावरण भक्ति में डूब गया। इस मौके पर महिलाओं, युवाओं, बच्चों और बुजुर्गों ने एक साथ मिलकर इस पर्व को सामाजिक एवं आध्यात्मिक उत्सव बना दिया। कहीं धूप-दीप की आरती की गई, तो कहीं ॐ नमः शिवाय के सामूहिक जप से वातावरण गुंजायमान हो उठा। पंडित राकेश चतुर्वेदी ने बताया आयोजन की विशिष्टता प्रसादी वितरण, सामूहिक साधना,



और भजन संध्या में भी देखने को मिली। हर स्थान पर सेवा और समर्पण की भावना ने आयोजन को केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक एकता का पर्व बना दिया।

## हर्षोल्लास एवं भक्ति भाव से मनाया दादाजी धाम मंदिर का स्थापना दिवस

राजधानी के रायसेन रोड के पास पटेल नगर स्थित दादाजी धाम मंदिर मंगलवार को 16वां स्थापना पर यजमानों से भगवान गणेशजी की पूजन प्रारंभ की गई। इसके बाद सभी भगवान, मुख्य शिखर पर विराजित चारो धाम एवं गर्भगृह परिक्रमा स्थल में स्थापित सभी संतो का अभिषेक, पूजन, हवन, आरती की गई।

## अहमदाबाद हादसे में मृत लोगों का आचार्य शास्त्री ने किया पिंडदान



आदि गौड़ बावीसा ब्राह्मण समाज राष्ट्रीय महामंत्री आचार्य धर्मेन्द्र शास्त्री ने मंगलवार को अहमदाबाद प्लेन क्रैश में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए पिंड दान किया। इस हादसे को मंगलवार को 13 दिन पूरे हो चुके हैं और हिन्दू धर्म की परंपराओं के अनुसार, तेरहवें दिन पिंड दान कर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की जाती है।

## जीएमसी में 3 दिवसीय 'रिसर्च मेथडोलॉजी वर्कशॉप' आज से

भोपाल। राजधानी के गांधी मेडिकल कॉलेज में तीन दिवसीय रिसर्च मेथडोलॉजी वर्कशॉप का आयोजन बुधवार 25 जून से किया जा रहा है।

इस कार्यशाला का उद्देश्य डॉक्टरों और फैकल्टी को अच्छा शोधकर्ता बनाना है, ताकि वे सिर्फ मरीजों का इलाज न करें, बल्कि भारत की स्वास्थ्य नीति और भविष्य को भी आकार दें। जीएमसी डीन डॉ. कविता एन सिंह ने बताया कि रिसर्च मेथडोलॉजी वर्कशॉप में देशभर के जाने-माने विशेषज्ञ, शोधकर्ता और संस्थान हिस्सा ले रहे हैं, जिनमें आईसीएमआर, आईआरएसएचए पुणे और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय शामिल है। जीएमसी के डीन डॉ. कविता एन. सिंह ने कहा यह वर्कशॉप डॉक्टरों को नए विचारों पर सोचने, समाज के लिए उपयोगी शोध करने और नीति निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित करेगी।

### वर्कशॉप में डॉक्टरों को यह सिखाया जाएगा

मेडिकल फैकल्टी में हेल्थ रिसर्च की मूलभूत समझ विकसित करना, अच्छा रिसर्च सवाल बनाना और उचित स्टडी डिजाइन तय करना प्रपोजल लिखना और फंडिंग के लिए आवेदन करना सिखाना अस्पताल व सामुदायिक डेटा के इस्तेमाल को बढ़ावा देना विभिन्न कॉलेजों और विभागों के बीच रिसर्च सहयोग को बढ़ाना।

## आम लोगों की जनसुनवाई के लिए कलेक्टर ने किया नवाचार

# जनसुनवाई के दौरान पीड़ितों को कुर्सी पर बैठाकर कलेक्टर ने सुनी उनकी फरियाद

## कलेक्ट्रेट पहुंचे 165 लोगों ने लगाई मदद की गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कलेक्ट्रेट की जनसुनवाई को लेकर कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने मंगलवार को नवाचार करते हुए यहां आने वाले लोगों को कुर्सियों पर बैठाकर खुद खड़े होकर लोगों की फरियाद सुनी। मौके पर ही दो दर्जन से अधिक लोगों की समस्याओं का निराकरण किया गया है। अन्य आवेदनों को लेकर विभागों के अफसरों को निर्देश दिए गए हैं। दरअसल पिछले हफ्ते ही कलेक्टर ने विभागवार स्टॉल लगाकर जनसुनवाई करने की हिदायत दी थी। मंगलवार को जब कलेक्टर दफ्तर पहुंचे, तो वहां भीड़ देखकर उन्होंने पीड़ितों को सम्मानपूर्वक कुर्सियों पर बैठाया और प्रत्येक आवेदक के पास जाकर उसकी समस्या सुनी।

कलेक्टर ने बताया कि जनसुनवाई में आने वाले आवेदकों की समस्याओं को लेकर विभागीय अफसरों को हिदायत दी गई है कि वह गंभीरता से एक-एक शिकायत का निपटारा करें। अगर फिर भी कोई व्यक्ति संतुष्ट नहीं है, तो वह मुझसे आकर सीधे मिल सकता है। उन्होंने बताया कि जनसुनवाई के आवेदनों के निराकरण के लिए एडीएम स्तर के अधिकारी मॉनीटरिंग कर रहे हैं।

### डेढ़ साल बाद दंगा पीड़ित बुजुर्ग ने चौथी बार कांच तोड़े



पांच बार आर्थिक मदद मिलने के बाद भी छोला निवासी 75 वर्षीय दंगा पीड़ित कालूराम साहू ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट की जनसुनवाई में चौथी बार हंगामा कर दिया। बुजुर्ग इसके पहले भी सभाकक्ष के दो गेटों के कांच तोड़ दिए थे। मंगलवार को भी वह आर्थिक मदद लेने पहुंचा था। इस दौरान उसने डंडे से पुराने लोकसेवा केंद्र के बाहर दरवाजे में लगे कांच तोड़ दिए। हंगामा होने पर कलेक्टर ने उसे शांत बैठने की बात कही। कलेक्टर ने बताया कि बुजुर्ग को पिछले दो महीने में पांच बार आर्थिक मदद दी जा चुकी है। बुजुर्ग ने बताया कि दंगे में वह अपाहित हो गया था, जिसकी वजह से अपना भरण पोषण नहीं कर पा रहा है। ऐसे में उसे आर्थिक मदद दी जाए।

### मस्जिद के पूर्व इमाम के दखल पर ऐतराज

अरेरा हिल्स स्थित मस्जिद कोह ए अरेरा के पूर्व इमाम के दखल को लेकर स्थानीय लोगों ने शिकायत दर्ज कराई है। जिसमें बताया गया है कि छह महीने पहले मसाजिद कमेटी ने एक पत्र के माध्यम से पूर्व इमाम मोहम्मद राशिद को हटा दिया था। जिसके बाद मस्जिद के मुअज्जिन को ही इमाम की जिम्मेदारी सौंपी गई। लेकिन पूर्व इमाम आए दिन मस्जिद में आकर विवाद करते हैं। मंगलवार को अफजल कॉलोनी जिंसी निवासी चांद खां ने मामले की शिकायत दर्ज कराई। कलेक्टर ने मामले की जांच एसडीएम शहर दीपक पांडे को सौंपी है।

## आरएनटीयू की एनसीसी नौसैनिक इकाई ने किया विशेष योग सत्र



- भारतीय नौसेना के सहयोग से नवल सेलिंग नोड, खानूगांव, अपर लेक में किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय की एनसीसी नौसैनिक इकाई ने 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष योग सत्र का आयोजन किया। यह सत्र भारतीय नौसेना के सहयोग से नवल सेलिंग नोड, खानूगांव, अपर लेक, भोपाल में सम्पन्न हुआ। प्राकृतिक जलाशय के समीप आयोजित इस योग सत्र का नेतृत्व एसोसिएट एनसीसी अधिकारी सब लेफ्टिनेंट मनोज सिंह मनराल ने किया। योग सत्र में 15 एनसीसी कैडेट्स एवं 15 नौसेना स्टाफ ने भाग लिया। शांत वातावरण में योगाभ्यास के माध्यम से प्रतिभागियों ने शारीरिक और मानसिक संतुलन का अभ्यास किया। कार्यक्रम में डिप्टी प्रोजेक्ट ऑफिसर चीफ पेटी ऑफिसर विपिन मिश्रा एवं एनसीसी प्रशिक्षक दुर्गा वर्मा की सक्रिय उपस्थिति रही, जिन्होंने आयोजन के संचालन एवं कैडेट्स के मार्गदर्शन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को योग के प्रति जागरुक करना, मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना तथा एक स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम में सूर्य नमस्कार, प्राणायाम एवं विभिन्न योग आसनों का अभ्यास कराया गया, जिसे प्रतिभागियों ने अत्यंत उत्साह एवं अनुशासन के साथ किया।

## युवराज की हत्या के विरोध में वंशकार समाज ने किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

- बांस शिल्पकार युवा शक्ति संगठन धानुक समाज ने की पीड़ित परिजनों को एक करोड़ रुपए की सहायता राशि देने की मांग
- आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई कर उन्हें फांसी की सजा दिलाने की मांग

विगत दिनों एक धार्मिक आयोजन में शामिल हुए ललितपुर के युवराज वंशकार की हत्या के विरोध में मंगलवार को बांस शिल्पकार युवा शक्ति संगठन धानुक समाज ने प्रदर्शन किया। बांस शिल्पकार युवा शक्ति संगठन धानुक समाज के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश बंसल ने कहा कि असामाजिक तत्वों द्वारा पीट-पीट कर उसकी हत्या कर दी थी। यह मामला बहुत ही गंभीर है। इस घटना की समाज के लोगों ने निंदा करते हुए गहरा शोक व्यक्त किया है। इस तरह की घटनाओं से समाज के लोग भयभीत है। समाज के लोग युवराज की हत्या को लेकर प्रदेश सरकार से आग्रह किया है कि युवराज के परिवार को एक करोड़ की रुपए की आर्थिक सहायता और और उसकी बहन जो कि बेसहारा और आशय हो गई है उनको नौकरी प्रदान की जाए।

## आरपीओ ने पासपोर्ट जारी कर रिकॉर्ड स्थापित किया

# तीन पासपोर्ट अदालतों में छह हजार से अधिक लंबित मामलों का किया समाधान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय (आरपीओ) भोपाल को पासपोर्ट सेवा दिवस के अवसर पर विदेश मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा लगातार दूसरी बार उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया है। यह सम्मान विदेश राज्यमंत्री पबित्र मार्घेरिटा ने दिया। यह सम्मान पासपोर्ट कार्यालय भोपाल की पासपोर्ट सेवाओं में पारदर्शिता, दक्षता और नागरिक-सुलभता के लिए निरंतर प्रयासों का परिणाम है। इसके साथ ही, मध्य प्रदेश पुलिस विभाग को वर्ष 2024 में पासपोर्ट सत्यापन प्रक्रिया में सर्वोच्च वृद्धि (हाइएस्ट ग्रोथ) के लिए पहली बार पुरस्कृत किया गया है। आरपीओ भोपाल ने वर्ष 2024 में 2,59,100 पासपोर्ट जारी कर रिकॉर्ड स्थापित किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 10% अधिक है। इसके अतिरिक्त, तीन पासपोर्ट अदालतों के माध्यम से 6,000 से अधिक लंबित मामलों का समाधान किया गया। क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी, शीतांशु चौरसिया का कहना है कि यह पुरस्कार हमारे कर्मचारियों, मध्य प्रदेश पुलिस और डाक विभाग के समर्पण का प्रतीक है। हम नागरिकों को और बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# महिला बना रही थी शराब, 32 कुप्पों में भरी मदिरा सड़क पर बहाई

## 500 किलोग्राम महुआ लाहन व शराब निर्माण सामग्री बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में अवैध शराब बनाने और बेचने पर आबकारी विभाग ने कार्रवाई की है। मंगलवार को शांतिनगर, पड़रिया और हरिपुरा क्षेत्र में दबिश देकर कुप्पों में भरी शराब जब्त की। इसके बाद टीम ने शराब जब्त करके जमीन पर बहा दी। करीब 32 कुप्पों में भरी शराब जमीन पर बहाकर नष्ट की गई।



आबकारी कंट्रोलर आरजी भदौरिया ने बताया कि शहर से करीब 12 किलोमीटर दूर शांति नगर में लखन बंजारा के घर दबिश देकर करीब 15 लीटर हाथ भट्टी शराब जब्त की गई। पड़रिया गांव में एक महिला के घर से 2 प्लास्टिक कुप्पी में करीब 25 लीटर अवैध हाथ भट्टी शराब जब्त की गई। वहीं, 32 कुप्पों में भरी 500 किलोग्राम महुआ लाहन व शराब निर्माण सामग्री को बरामद कर कब्जे में लिया गया। कार्रवाई के लिए मौके पर पहुंची महिला भाग निकली। उसके यहां से करीब सवा लाख रुपए कीमत की शराब एवं अन्य सामान जब्त किए गए हैं। टीम ने केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

## धमकी पर पुलिस ने नहीं की कार्रवाई छात्र को चाकू मारे, जांच के निर्देश

- मप्र मानव अधिकार आयोग ने लिया मामले में संज्ञान, रिपोर्ट भी तलब

भोपाल। मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने भोपाल शहर में एक निजी कॉलेज में छात्र पर कुछ युवकों द्वारा चाकुओं से हमला करने के मामले में संज्ञान लिया है। आयोग के संज्ञान में आया है कि पीड़ित छात्र के परिजनों का कहना है कि आरोपियों ने पहले कई बार छात्र को धमकी दी थी, लेकिन शिकायत के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। परिजनों का कहना है कि आरोपियों में एक एसआई का बेटा भी है। मामले में संज्ञान एसपी, ग्रामीण, भोपाल से मामले की जांच कराकर की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन एक माह में मांगा है।

CONGRATULATIONS
DR. VANDITA UPADHYAY
( ASSISTANT PROFESSOR IN
DR. BABASAHEB AMBEDKAR
MARATHWADA UNIVERSITY)
PhD in yoga
from
SAM GLOBAL UNIVERSITY
Raisen Bhopal ( M.P)
Thesis Topic
हठयोग ग्रंथों में योगांगो का समन्वयात्मक अध्ययन।
• Guide Dr Shashikant Mani Tripathi



SAM | GLOBAL UNIVERSITY
BEST WISHES TO
DR. VANDITA UPADHYAY & FAMILY

## शहर में रह रहे परिजनों को सता रही चिंता

# ईरान-इजराइल युद्ध में फंसी गुलफशां, अबरार ने कहा- पढ़ाई पूरी करने के बाद ही लौटूंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के दो छात्र ईरान-इजराइल युद्ध में फंस गए हैं, हालांकि पीएचडी छात्रा गुलफशां हालात सामान्य होने पर वापस आने का बोल रही है, जबकि दूसरा अबरार अपनी पढ़ाई पूरी कर ही वापस लौटना चाहता है, इधर दोनों के परिवार को चिंता सता रही है।

छात्रा के परिजनों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से गुहार लगाई है कि वह उनकी बेटी को सकुशल अपने वतन वापस बुलवा लें। अमन कॉलोनी करोंद निवासी 28 वर्षीय गुलफशां खातून चार साल से ईरान के मशहद शहर स्थित जामियातुल मुस्तफा यूनिवर्सिटी में आलिमा कोर्स से पीएचडी कर रही हैं। उसकी एक साल की पढ़ाई शेष रह गई है। युद्ध को लेकर पिता मिगदाद मुसावी और मां शाहीन काजमी मुसावी चिंतित हैं। चार दिन पहले ही उनकी बातचीत हुई थी।

### चार साल से शिक्षा ले रहा अबरार





निशातपुरा इलाके में रहने वाले 30 वर्षीय अबरार अली ईरान के कोम महानगर में इस्लाम धर्म से जुड़ा मौलवियत का पांच साल का कोर्स कर रहा है। उसका एक साल का कोर्स शेष रह गया है। इस बीच युद्ध की खबर आते ही उनकी मां शाहनूर बेगम घबराई हुई हैं। उन्होंने सोमवार को अपने बेटे अबरार से बात कर अपने देश वापस आने के लिए कहा था, लेकिन उसने अपनी शिक्षा पूरी करने के बाद आने की बात कही है। अबरार के मामा आबिद अली ने बताया कि वह पढ़ाई पूरी करके ही भारत लौटने की बात कह रहा है।

### सीएम ने केंद्रीय गृह मंत्री शाह से मनीषा के कतर से स्वदेश वापसी के लिए किया अनुरोध

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि उज्जैन निवासी रजत भटनागर की पत्नी मनीषा दोहा, कतर में युद्ध की स्थिति होने से संकट में हैं। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से सहयोग के लिए अनुरोध किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि केंद्र सरकार के संपर्क में रहते हुए श्रीमती मनीषा की सकुशल स्वदेश वापसी सुनिश्चित करें।

CONGRATULATIONS
DR. MUKTI CHAUHAN
( YOGA & WELLNESS EXPERT)
PhD in yoga
from
SAM GLOBAL UNIVERSITY
Raisen Bhopal ( M.P)
Thesis Topic
ध्यान के माध्यम से मानसिक विकारों का निदान
• Guide Dr. Shashikant Mani Tripathi



SAM | GLOBAL UNIVERSITY
BEST WISHES TO
JAYESH CHAUHAN & FAMILY

भोपाल
बुधवार, 25 जून 2025
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष-अमावस
वर्ष : 12, अंक : 85
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 26
न्यून. 23

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

छह बार आई रुकावटों के बाद अंतरिक्ष में उड़ान को तैयार

## आज लॉन्च होगा शुभांशु शुक्ला का 'एक्सिओम' मिशन

- इस मिशन में भारत के साथ हंगरी और पोलैंड भी शामिल
- भारतीय समयानुसार दोपहर 12:01 बजे स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट के जरिए लॉन्च किया जाएगा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के अंतरिक्ष मिशन में एक बड़ा और ऐतिहासिक दिन आने वाला है। भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला जल्द ही अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की ओर रवाना होंगे। अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने जानकारी दी है कि एक्सिओम-4 मिशन अब 25 जून को लॉन्च किया जाएगा। इस मिशन में भारत के साथ हंगरी और पोलैंड ▶▶ शेष पेज 4 पर

### बतौर पायलट शामिल होंगे शुभांशु

मिशन में भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला बतौर पायलट शामिल होंगे। उनके साथ इस मिशन में हंगरी के तिबोर कापु और पोलैंड के स्लावोस उज्नांस्की-विस्नेव्स्की मिशन ▶▶ शेष पेज 4 पर

फायरिंग रेंज में युद्ध अभ्यास में हादसा

# डमी बम गिरने से हेड कांस्टेबल की मौत, चार सौ फीट की ऊंचाई से सिर पर गिरा चार से पांच किलो का बम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सूखी सेवनिया थाना क्षेत्र स्थित आर्मी की फायरिंग रेंज में सोमवार शाम एक दर्दनाक हादसे में हवलदार की मौत हो गई। दअरसल, फायरिंग रेंज में युद्ध अभ्यास चल रहा था।

इस दौरान जवान ड्रोन से बम ठिकाने पर ले जाने का अभ्यास कर रहे थे, तभी करीब चार सौ फीट की ऊंचाई से डमी बम हेड कांस्टेबल के सिर पर गिर गया।

सूखी सेवनिया फायरिंग रेंज में सोमवार शाम हुआ हादसा, जांच में जुटी पुलिस और आर्मी

### पुलिस ने मर्ग कायम किया

चार से पांच किलो का बम चार सौ फीट की ऊंचाई से गिरने के कारण हेड कांस्टेबल को सिर में गंभीर चोट थी। उन्हें साथ अभ्यास कर रहे जवान तत्काल आर्मी अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद आर्मी अधिकारियों को सौंप दिया है। उनका शव टिहरी उत्तराखंड परिजन के पास भेजा जा रहा है। पुलिस के अनुसार आर्मी के सूबेदार मोहन सिंह ने सूचना दी कि विजय सिंह (37) ▶▶ शेष पेज 4 पर



### आर्मी और पुलिस कर रही अलग-अलग जांच

मंगलवार सुबह हेड कांस्टेबल विजय सिंह का शव पीएम के बाद आर्मी के अधिकारियों को सौंप दिया गया। आर्मी के अधिकारियों ने हेड कांस्टेबल का पार्थिव शरीर उत्तराखंड उनके गांव भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि मामला आर्मी की फायरिंग रेंज से जुड़ा होने के कारण मर्ग की जांच आर्मी के अधिकारियों के द्वारा की जा रही है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मर्ग कायम किया है और पुलिस भी अपनी जांच कर रही है।

## खबर संक्षेप

### 13वीं बार आरजेडी अध्यक्ष बने लालू, निर्विरोध चयन

**पटना।** आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को दोबारा पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया है।



लालू 13वीं बार आरजेडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने हैं। इसकी घोषणा पार्टी के राष्ट्रीय चुनाव पदाधिकारी रामचंद्र पूर्वे ने पार्टी कार्यालय में की। 1997 में आरजेडी की स्थापना के बाद से लालू यादव ही पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। मंगलवार को नामांकन पत्रों की जांच की गई। उन्हें अध्यक्ष पद पर निर्विरोध घोषित कर दिया गया।

### विस का मानसून सत्र 28 जुलाई से, होंगी 10 बैठकें

**भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र 28 जुलाई से प्रारंभ होगा। 8 अगस्त तक चलने



वाले इस 12 दिवसीय सत्र में 10 बैठकें होंगी। विधानसभा सचिवालय ने मंगलवार को इसकी अधिसूचना जारी कर दी। सत्र के दौरान सरकारी कामकाज के साथ विपक्ष ज्वलंत मुद्दों पर सरकार को घेरेगा। सत्र में राज्य सरकार विधेयकों के साथ पहला अनुपूरक बजट भी पेश करेगी, जिसे सदन की मंजूरी मिलना तय है।

### भारत में लॉन्च हुआ गूगल सर्च एआई मोड

**नई दिल्ली।** गूगल ने अपनी सर्च सर्विस में नया एआई मोड फीचर अब भारत में भी लॉन्च कर दिया




है। यह फीचर पहले अमेरिका में एक्सपेरिमेंटल तौर पर शुरू किया गया था और वहां यूजर्स से बेहद पॉजिटिव प्रतिक्रिया मिलने के बाद अब इसे भारत में इंग्लिश भाषा में गूगल लैब्स के तहत उपलब्ध कराया गया है। गूगल का नया एआई मोड उपयोगकर्ताओं को लंबे, जटिल और विस्तृत सवाल पूछने की सुविधा देता है।

रेलवे के नए टैरिफ के अनुसार सामान्य द्वितीय श्रेणी में 500 किमी तक कोई वृद्धि नहीं

# रेलवे ने बढ़ाए टिकटों के दाम, 1 जुलाई से महंगा होगा एसी-एक्सप्रेस ट्रेनों में सफर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रेल यात्रियों के लिए एक अहम खबर सामने आई है। भारतीय रेलवे 1 जुलाई 2025 से नया किराया टैरिफ लागू करने जा रही है। यह बदलाव आम यात्रियों के साथ-साथ लंबी दूरी की यात्रा करने वालों की जेब ढीली करेगा। हालांकि, राहत की बात यह है कि कुछ कैटेगिरी में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। रेलवे के नए टैरिफ के अनुसार सामान्य द्वितीय श्रेणी में 500 किलोमीटर तक यात्रा करने पर कोई वृद्धि नहीं होगी। लेकिन अगर यात्रा 500 किलोमीटर से ज्यादा की है तो प्रति किलोमीटर आधा पैसा अतिरिक्त देना होगा। इसके अलावा, मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों (नॉन एसी) में सफर करने वालों को अब प्रति किलोमीटर 1 पैसा ज्यादा चुकाना पड़ेगा। इसी तरह, एसी क्लास के टिकट में सबसे ज्यादा बदलाव किया गया है। इसमें प्रति किलोमीटर 2 पैसे की बढ़ोतरी की गई है। शहरी ट्रेनों के किराए में कोई बदलाव नहीं किया गया है, जिससे लाखों दैनिक यात्रियों को राहत मिलेगी। मासिक सीजन टिकट की दरों में भी कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है।

**अगर यात्रा 500 किलोमीटर से ज्यादा की है तो प्रति किलोमीटर आधा पैसा अतिरिक्त देना होगा**

लोकल ट्रेनों के किराए में कोई बदलाव नहीं किया गया है, जिससे लाखों दैनिक यात्रियों को राहत मिलेगी। मासिक सीजन टिकट की दरों में भी कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है।



- *मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों (नॉन एसी) में सफर करने वालों को अब प्रति किलोमीटर 1 पैसा ज्यादा चुकाना पड़ेगा*
- *एसी क्लास में प्रति किलोमीटर 2 पैसे की बढ़ोतरी की गई*

### टिकट बुकिंग के नए नियम का ट्रायल

इससे पहले रेलवे ने टिकट बुकिंग के नियमों में बदलाव का फैसला लिया था। अब तक अगर आप ट्रेन टिकट बुक करते हैं तो आपकी यात्रा से चार घंटे पहले ही पता चल पाता है कि टिकट कन्फर्म हुआ या नहीं। लेकिन अब रेलवे ने नए सिस्टम पर काम कर रहा है। रेलवे का कहना है कि कन्फर्म सीटों वाला चार्ट यात्रा से 24 घंटे पहले जारी किया जाएगा। इसे लेकर ट्रायल भी शुरू हो गया है। 6 जून से यह सिस्टम राजस्थान के बीकानेर डिविजन में पायलट के तौर पर शुरू किया गया है। ये अभी एक ट्रेन तक सीमित है। कुछ हफ्ते तक इसे आजमाया जाएगा।

### बैटरी से चलने वाली हाई प्रेशर जेट क्लीनिंग मशीन

- 10-15 लीटर की पानी टैंक कैपेसिटी
- बैटरी से चलने वाले पोर्टेबल वैक्यूम क्लीनर
- फ्लोर वाइपिंग के लिए एब्सॉर्बेंट मॉप्स
- वॉशबेसिन ब्रश और केमिकल बॉटल्स रखने के लिए यूनिफॉर्म में जेबें

### स्टाफ को मिलेगा बैकपैक मशीन सेट

#### 10 मिनट में होगी ट्रेनों की हाइटेक क्लीनिंग

भारतीय रेलवे ने अपनी क्लीन ट्रेन स्टेशन (सीटीएस) स्कीम को नए स्वरूप में लागू करने का फैसला लिया है, जिसके तहत अब ट्रेनों की हाइटेक सफाई मात्र 10 मिनट में की जाएगी। इस योजना के तहत न केवल



साफ-सफाई की प्रक्रिया में तकनीकी सुधार किए जा रहे हैं, बल्कि स्टाफ के लिए भी नई यूनिफॉर्म और बैटरी-चालित मशीनों की व्यवस्था की जा रही है। रेल मंत्रालय की ओर से 12 जून को सभी जोनल रेलवे महाप्रबंधकों को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि सीटीएस योजना को 20 प्रमुख लोकेशनों पर लागू किया जाएगा। इसका लक्ष्य है 683 ट्रेनों की सफाई को व्यवस्थित और दक्ष बनाना, बिना ट्रेन के संचालन में बाधा पहुंचाए। सीटीएस योजना की शुरुआत अक्टूबर 2002 में की गई थी, जिसका उद्देश्य था यात्रियों ▶▶ शेष पेज 4 पर

बोर्ड में 92% लाने वाली बेटी नीट मॉक टेस्ट में पाई कम नंबर!

# बेरहमी की सारी हद पार! कम नंबर से नाराज पिता ने पीट-पीटकर ले ली जान

एजेंसी ▶▶ सांगली

महाराष्ट्र के सांगली से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। नीट की तैयारी कर रही एक होनहार छात्रा की जिंदगी उसके ही पिता के गुस्से की भेंट चढ़ गई। नीट परीक्षा के मॉक टेस्ट में कम नंबर आने पर पिता ने उसे इस कदर पीटा कि उसकी मौत हो गई। दरअसल, सांगली में एक स्कूल प्रिंसिपल पिता ने अपनी 17 साल की बेटी को सिर्फ इसलिए पीट-पीटकर मार डाला क्योंकि वह नीट परीक्षा की मॉक टेस्ट में कम नंबर लाई थी। मृतका साधना भोंसले 12वीं की छात्रा थी और नीट की तैयारी कर रही थी। साधना ने 10वीं बोर्ड में 92.60% अंक हासिल किए थे, लेकिन हाल ही में नीट की प्रैक्टिस टेस्ट में कम नंबर आए। इससे उसके पिता धोंदीराम भोंसले, जो खुद एक स्कूल प्रिंसिपल हैं, गुस्से में पिता ने उसे डंडे से बुरी तरह पीटा। मारपीट में साधना को गंभीर चोटें आईं। परिजन उसे सांगली के उषाकाल अस्पताल ले गए, लेकिन इलाज शुरू होने से पहले ही उसकी मौत हो गई।



> पिता की क्रूरता से परेशान साधना ने कहा था- आप कौन सा कलेक्टर बन गए?

### पुलिस कस्टडी में आरोपी पिता

लड़की की मां ने 22 जून को शिकायत दी थी कि उनके पति ने बेटी को मॉक टेस्ट में कम नंबर आने पर पीटा, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है और फिलहाल वह 24 जून तक पुलिस कस्टडी में है। अभी केस की जांच चल रही है।

### बड़ा सवाल

#### क्या परीक्षा परिणाम से ही बनेगी जिंदगी?

यह घटना एक बार फिर से हम सबके सामने एक सवाल खड़ा करती है- क्या अच्छे परीक्षा परिणाम से ही जिंदगी बन सकती है? इन दिनों बच्चों के ऊपर से पढ़ाई का दबाव कम करने के लिए एजुकेशन सिस्टम में बदलाव किया जा रहा है। मनोवैज्ञानिक भी बच्चों पर रिजल्ट का अनुचित दबाव नहीं बनाने की सलाह दे रहे हैं। इसके बावजूद इस तरह के ▶▶ शेष पेज 4 पर

बालाघाट में बड़ा हादसा

## बाइक पर गिर गया हाईटेंशन लाइन का तार, 3 जिंदा जले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालाघाट

लांजी थाना इलाके में मंगलवार सुबह करीब 8.30 बजे बिजली की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से तीन लोग जिंदा जल गए। तीनों एक ही परिवार के सदस्य थे और बाइक से देवलगांव के दुर्गा मंदिर जा रहे थे। मृतकों की पहचान सर्रा निवासी सेवकराम पांचे (30), उनकी पत्नी

- तीनों दुर्गा मंदिर दर्शन करने जा रहे थे



रेणुका पांचे (28) और भाई भोजराज पांचे (28) के रूप में हुई है। शव करीब एक घंटे तक जलते रहे। एसडीएम कमल चंद्र सिंहसार ने बताया- हाईटेंशन लाइन के ऊपर पेड़ की एक डाली गिर गई। इससे तार टूटकर ▶▶ शेष पेज 4 पर

ईपीएफओ ग्राहकों के लिए खुशखबर

## ऑटो सेटलमेंट की सीमा एक लाख से बढ़कर पांच लाख हुई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने अग्रिम दावों के लिए ऑटो-सेटलमेंट सीमा को 1 लाख रुपए से बढ़ाकर 5 लाख रुपए कर दिया है। इस फैसले से ई पी ए फ ओ सदस्यों को अचानक जरूरत पड़ने पर तेजी से पैसे मिल सकेंगे। विभाग की ओर से

- भुगतान दावे के लिए चेक लीफ या पासबुक की जरूरत नहीं




दी गई इस सुविधा का लाभ लाखों सदस्यों को मिलने की उम्मीद है। केंद्रीय श्रम व रोजगार मंत्री मनसुख मंडाविया ने मंगलवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि ईपीएफओ ने सदस्यों को त्वरित वित्तीय सहायता प्रदान करने ▶▶ शेष पेज 4 पर

आईएएस नियाज खान का बॉलीवुड पर निशाना

## सनातन धर्म के लिए खतरा है बॉलीवुड क्या धर्म को प्रतिशत में बांटा जा सकता है?

कोरियोग्राफर फराह खान द्वारा धर्म को लेकर दिए बयान पर उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आईएएस अफसर और उपन्यासकार नियाज खान ने बालीवुड फिल्मों की डॉयरेक्टर, फिल्म प्रोड्यूसर और कोरियोग्राफर फराह खान द्वारा धर्म को लेकर दिए बयान पर हमला बोला है। फराह खान ने कहा है कि उनके बच्चे 50 प्रतिशत हिंदू, 25 प्रतिशत मुस्लिम, 25



प्रतिशत पारसी और 100 प्रतिशत हिंदू हैं। उनके बयान पर आईएएस नियाज खान ने टिप्पणी करते हुए लिखा है कि क्या ये संभव है? क्या धर्म को प्रतिशत में बांटा जा सकता है? बॉलीवुड सनातन धर्म के लिए बड़ा खतरा है लेकिन मेरे अलावा कोई नहीं बोलता। मंगलवार को एक्स पर ट्वीट कर नियाज खान ने यह बातें कहीं। यदि वेदों पर विश्वास हो तो ▶▶ शेष पेज 4 पर

### पूरा सनातन धर्म ब्राह्मणों के सशक्त कंधों पर टिका

23 जून को खान ने कहा कि पूरा सनातन धर्म ब्राह्मणों के सशक्त कंधों पर टिका है। ब्राह्मण कमजोर होगा तो सनातन धर्म कमजोर होगा। मन में नफरत रखने से व्यक्तित्व नष्ट होता है।

चेन्नई में एक मल्टीनेशनल कंपनी में काम करने वाली जोशिल्दा एकतरफा प्यार में थी

## 12 राज्यों में 'बम की धमकी' देने वाली युवती गिरफ्तार, ब्वॉयफ्रेंड को फंसाने रची थी साजिश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गुजरात पुलिस ने रेने जोशिल्दा नामक एक महिला को गिरफ्तार किया है, जिसने नरेंद्र मोदी स्टेडियम, स्कूलों और बीजे मेडिकल कॉलेज सहित गुजरात और 11 अन्य राज्यों में बम धमाकों की झूठी ईमेल धमकियां भेजी थीं। चेन्नई में एक मल्टीनेशनल कंपनी में काम करने वाली जोशिल्दा ने यह सब एकतरफा प्यार में बदला लेने और दिविज प्रभाकर नामक व्यक्ति को फंसाने के लिए किया था, जिसने उससे शादी करने से इनकार कर दिया था। वह ▶▶ शेष पेज 4 पर

उसने तकनीकी जानकारी से फेक आईडी और वीपीएन का इस्तेमाल किया

### धमकी वाले राज्यों में मध्यप्रदेश भी



जोशिल्दा ने फेक आईडी बनाकर, वीपीएन और डार्क वेब की मदद से यह धमकी भरे ईमेल भेजे थे। चेन्नई में रहने वाली जोशिल्दा ने बम की धमकी सिर्फ गुजरात ही नहीं बल्कि 11 अलग-अलग राज्यों को भी भेजी थीं। इस लिस्ट में महाराष्ट्र, तमिलनाडु, राजस्थान, दिल्ली, कर्नाटक, केरल, बिहार, तेलंगाना, पंजाब, मध्य प्रदेश और हरियाणा का नाम शामिल है। ऐसे में 12 राज्यों की पुलिस जोशिल्दा को ढूंढ रही थी।

पूरे प्रदेश में पारा सामान्य से औसतन 6 डिग्री तक नीचे, नौगांव में नॉर्मल से 11 डिग्री कम

# शिवपुरी-श्योपुर में तेज बारिश, झरनों पर जाने पर बैन, कई गांवों का संपर्क टूटा, नावों से सुरक्षित ठिकानों पर लोगों को पहुंचाया

### बंगाल की खाड़ी में बन रहा सिस्टम, दो दिन बाद भोपाल में भारी बारिश होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शिवपुरी में लगातार बारिश ने जिले के प्रमुख जलप्रपातों को जीवंत कर दिया है। पवा जलप्रपात, जो लगभग 100 फीट की ऊंचाई से गिरता है, पूरे वेग के साथ बह रहा है। भदैया कुंड में भी झरना तेजी से बह रहा है, जिसने पर्यटकों का ध्यान खींचा है। हालांकि, भारी बारिश और सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए शिवपुरी कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी ने सभी ▶▶ शेष पेज 4 पर



श्योपुर में मार्ग बंद

### शाम तक बौछारें कहीं तेज बारिश

मंगलवार को सुबह से शाम तक भोपाल सहित दो दर्जन जिलों में बौछारें पड़ीं। 24 घंटे में सबसे अधिक बारिश श्योपुरकला में 125 मिमी के करीब दर्ज हुई। अशोक नगर, शिवपुरी, बालाघाट, राजगढ़ आदि जिलों में भी तेज बारिश हुई।

### आज से बढ़ेगी बारिश की रफ्तार

बुधवार से प्रदेश के मध्य और उत्तर-पूर्वी हिस्सों में बारिश की रफ्तार बढ़ जाएगी। कुछ जिलों में अति भारी बारिश होगी। भोपाल में मध्यम वर्षा की उम्मीद है। शुक्रवार से भोपाल में भी तेज से बारिश की उम्मीद है। मंगलवार को कई जिलों में झमाझम बारिश के बीच अधिकांश जिलों में दिन का पारा सामान्य से औसतन 6 डिग्री तक नीचे दर्ज हुआ है। नौगांव में यह नॉर्मल ▶▶ शेष पेज 4 पर

## जबलपुर पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. यादव, रानी दुर्गावती के सुपुत्र वीरनारायण को पुष्पांजलि दी

# रानी दुर्गावती की समाधि स्थल पहुंचे मुख्यमंत्री, 462वें बलिदान दिवस पर वीरांगना को अर्पित की श्रद्धांजलि




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गोंडवाना साम्राज्य की महारानी वीरांगना रानी दुर्गावती के 462वें बलिदान पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को जबलपुर के नर्रई नाला स्थित समाधि स्थल पहुंचकर पूजा-अर्चना की। उन्होंने रानी दुर्गावती को श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री ने रानी दुर्गावती के सुपुत्र वीरनारायण को भी पुष्पांजलि अर्पित की तथा जनजातीय समाज के आराध्य बड़ादेव की पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके, राज्यसभा सदस्य सुमित्रा वाल्मीकि, सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक सुशील कुमार तिवारी इंदु, अशोक रोहाणी, संतोष वरकड़े, डॉ. अभिलाष पांडे एवं नीरज सिंह भी मौजूद थे।

### सीएम ने किया जनजातीय समाज का अभिवादन व नर्तक दल का उत्साहवर्धन



इससे पहले वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर श्रद्धासुमन अर्पित करने समाधि स्थल पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय समाज के लोगों का अभिवादन किया। समाधि स्थल पर मुख्यमंत्री का स्वागत मंडला जिले के मोहगांव तथा डिंडौरी जिले के करंजिया से आए बैगा जनजातीय नर्तक दल ने बैगा और करमा नृत्य की प्रस्तुति से किया। डॉ. यादव भी इस मौके पर अलग अंदाज में नजर आए। उन्होंने बैगा नर्तक दल के सदस्यों के साथ जमीन पर बैठकर नगाड़ा बजाया। डॉ. यादव बैगा नर्तक दल के सदस्यों से बड़ी ही आत्मीयता से मिले तथा अपने मोबाइल से दल में शामिल सदस्यों के साथ सेल्फी ली। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नर्तक दल के प्रत्येक सदस्य को पांच-पांच हजार रुपए देने की घोषणा भी की।

### *मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वाराणसी में किए बाबा काशी विश्वनाथ के दर्शन*

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वाराणसी में बाबा काशी विश्वनाथ मंदिर तथा काल भैरव मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना की। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में 25 वीं मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में सहभागिता के लिए वाराणसी प्रवास पर हैं। बैठक में उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भी भाग ले रहे हैं।



## खबर संक्षेप

### नए पदोन्नति नियमों के विरोध में मंत्रालय पर प्रदर्शन कल

**भोपाल।** नौ साल के लंबे इंतजार के बाद प्रदेश के कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ मिलने की उम्मीद जागी है। मुख्यमंत्री की घोषणा से कमचारी-अधिकारियों में खुशी का माहौल है। वहीं दूसरी ओर कुछ कमचारी संगठन नए पदोन्नति नियम को लेकर विरोध जता रहे है। मंगलवार को मंत्रालय में सामान्य वर्ग, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग के अधिकारी-कर्मचारी ने बैठक कर नए पदोन्नति नियमों को कर्मचारी विरोधी बताया। बैठक में पदोन्नति नियमों पर चर्चा कर गुरूवार 26 जून को नए पदोन्नति नियम के विरोध में मंत्रालय पर प्रदर्शन करने घोषणा की। कर्मचारियों ने प्रदर्शन को लेकर मुख्य सचिव, एसीएस जीएडी और मंत्रालय के सुरक्षा अधिकारी को नोटिस भी सोंप दिया है। बैठक में मंत्रालय सेवा अधिकारी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुधीर नायक और सपाक्स के प्रांतीय अध्यक्ष केएस तोमर ने नए पदोन्नति नियमों में अनारक्षित वर्ग विरोधी प्रावधानों से कर्मचारियों को अवगत कराया गया। बैठक में तय हुआ कि बुधवार को सभी पीड़ित कर्मचारी पदोन्नति नियमों के विरोध की टोपी पहनकर काम करेंगे। उसके बाद 26 जून गुरुवार को वल्लभ भवन क्रमांक 1 मेन गेट पर लंच टाइम में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

### बाबा साहेब की मूर्ति लगाने में राजनीति कर रही है भाजपा: सिंघार

**विप्र. भोपाल।** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा है कि भाजपा हमेशा सिर्फ धर्म की बात करती है। यही कारण है कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की मूर्ति लगाने में भाजपा राजनीति कर रही है। ये वही पार्टी है, जो संविधान खत्म करना चाहती है। सिंघार मंगलवार को जबलपुर में स्थानीय कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महान विभूतियों को लेकर राजनीति नहीं होनी चाहिए। प्रदेश में विकास कैसे होगा इस पर बात होनी चाहिए।



### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वैश्विक मंच पर भी भारत की आवाज को निर्णायक और सम्मानजनक मान्यता मिली

# मप्र शासन शिशु मृत्यु दर एवं मातृ मृत्यु दर को कम करने में निरंतर प्रयासरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि देश ने न केवल आंतरिक विकास की दिशा में ऐतिहासिक प्रगति की है, बल्कि वैश्विक मंच पर भी भारत की आवाज को निर्णायक और सम्मानजनक मान्यता मिली है। ऑपरेशन सिंदूर इस बात का प्रतीक है कि भारत अब अपने नागरिकों की सुरक्षा, सम्मान और प्रतिष्ठा के लिए किसी भी सीमा तक जा सकता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह विश्वास दिलाया है कि हर भारतीय, चाहे वो कहीं भी हो, भारत सरकार उसकी ढाल बनकर खड़ी है। उन्होंने हमेशा इस बात पर बल दिया है कि भारत की शक्ति उसकी विविधता में है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन शिशु मृत्यु दर एवं मातृ मृत्यु दर को कम करने में निरंतर प्रयासरत है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को वाराणसी में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25 वीं बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक की अध्यक्षता केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने की।

बैठक में शामिल होने के लिए मप्र से मुख्यमंत्री डॉ. यादव के अलावा मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव महिला व बाल विकास विभाग रश्मि अरूण शमी, अपर मुख्य सचिव जीएडी संजय दुबे, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव दीपाली रस्तोगी, पर्यटन विभाग के आयुक्त व एमडी पर्यटन इलैया राजा टी के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। इन अधिकारियों ने परिषद में प्रदेश की अपने विभाग से जुड़ी समस्याओं को बताया और समाधान के बारे में चर्चा की।

### *वाराणसी में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक आयोजित*

**खास बात**

- शिन वात्सल्य एवं पोषण 2 .0 के तहत 12 लाख 51 हजार बच्चों को कुपोषण से बाहर निकाला




#### *जन्म से 5 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं के पोषण स्तर में सुधार आया*

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र शासन शिशु मृत्यु दर एवं मातृ मृत्यु दर को कम करने में निरंतर प्रयासरत है। स्वास्थ्य, शिक्षा, जनजाति और पेयजल विभागों के विशेष कार्य दल गठन कर जमीनी स्तर पर कार्य किया जा रहा है। जन्म से 5 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं के पोषण स्तर में सुधार आया है। मिशन वात्सल्य एवं पोषण 2.0 के तहत 12 लाख 51 हजार बच्चों को कुपोषण से बाहर निकाला गया है। ग्राम पंचायत स्तर पर नागरिकों को सामान्य सेवाओं की ऑनलाइन डिलीवरी के लिए सरकार ने ई पंचायत परियोजना शुरू की है।*

**संवेदनशील नेतृत्व और संकल्प की शक्ति ही जीवंत बनाती है**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बाबा विश्वनाथ की धरती काशी में मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक का आयोजन हो रहा है। हमारा सौभाग्य है कि हम भगवान श्रीराम, आराध्य श्रीकृष्ण की जन्मस्थली और भगवान शिव के प्रिय निवास स्थान उत्तर प्रदेश की पुण्यभूमि बनारस में एकत्रित हुए हैं। उन्होंने कहा कि भारत के फेडरल स्ट्रक्चर को केवल संवैधानिक प्रावधान नहीं बल्कि संवेदनशील नेतृत्व और संकल्प की शक्ति ही जीवंत बनाती है।

#### अगले 5 साल में प्रदेश के कम से कम 50% गांव में प्राथमिक डेयरी सहकारी समितियां बनाने का लक्ष्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र को दूध कैपिटल बनाने की दिशा में हम प्रयासरत हैं। राज्य में दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड और मप्र दुग्ध संघ के बीच समझौता हुआ है। यह एग्रीमेंट डेयरी नेटवर्क को सशक्त करेगा और सांची ब्रांड को मजबूती मिलेगी। अगले 5 साल में प्रदेश के कम से कम 50% गांव में प्राथमिक डेयरी सहकारी समितियां की स्थापना का लक्ष्य है। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह के निर्देश पर प्रदेश में दूध संकलन 10 लाख लीटर से बढ़कर 50 लाख लीटर करने का लक्ष्य है।

#### शीघ्र न्याय के लिए फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट की स्थापना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बच्चों से जुड़े संवेदनशील अपराधों के शीघ्र न्याय के लिए फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट की स्थापना की गई है। वर्ष 2025 में पास्को में दर्ज प्रकरणों की जांच पूरी करने की दर 70. 87% और एफआईआर मामले के निपटान की दर 61.38% रही है।

#### 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्षा के जल को संग्रहित करने और पुराने जल स्रोतों के जीर्णोद्धार के लिए प्रदेश में 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में व्यापक सफलता मिली है। प्रदेश के सभी जिलों में जिला प्रशासन के साथ जनप्रतिनिधियों, नागरिकों ने अभियान में सहभागिता की।

### 'सीपीपीपी निवेश प्रोत्साहन विंग' का शुभारंभ

# सहकारिता में नई क्रांति लाएगा मध्य प्रदेश का सीपीपीपी मॉडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हमारी अर्थव्यवस्था में सहकारिता का अहम योगदान है। मध्यप्रदेश के सीपीपीपी मॉडल को पूरे देश में सराहना मिली है। मप्र के सीपीपीपी मॉडल के माध्यम से संपूर्ण सहकारिता जगत में नई क्रांति आएगी। यह बात सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने मंगलवार को विंध्याचल भवन स्थित सहकारिता आयुक्त कार्यालय में 'सीपीपीपी निवेश प्रोत्साहन विंग' का शुभारंभ अवसर पर कही।

सारंग ने कहा कि सीपीपीपी विंग सहकारी समितियों, किसानों और निवेशकों के लिए प्रक्रियाओं को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए कार्य करेगा। साथ ही निवेश से जुड़ी अनुमतियों, प्रक्रियाओं और मार्गदर्शन के लिए एकीकृत मंच प्रदान करेगा।



#### *सीपीपीपी मॉडल की केंद्र ने प्रशंसा की: मंत्री सारंग*

*मंत्री सारंग ने कहा कि सहकारी बैंकों, समितियों, किसानों और निजी उद्यमियों के बीच एमओयू की प्रक्रिया को सुगम बनाया जाएगा। मंत्री सारंग ने कहा कि मप्र के सीपीपीपी मॉडल की प्रशंसा केंद्र सरकार द्वारा भी की गई है और यह संभावना जताई जा रही है कि भविष्य में इसे राष्ट्रीय स्तर पर अपनाया जा सकता है। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल, सहकारिता आयुक्त एवं पंजीयक मनोज पुष्प, उप सचिव मनोज सिन्हा सहित रिलाइंस, मैजेस्टिक बासमती राइस, मशरूम वर्ल्ड, प्रतिभा सिंटेक्स कंपनियों के प्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।*

### संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाई जाएगी आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ

**भोपाल।** आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर संविधान हत्या दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में 25 जून से एक वर्ष तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय ने आयोजन के संबंध में निर्देश जारी किए हैं। केन्द्र सरकार की ओर से निर्मित विशेष फिल्मों का प्रदर्शन, प्रदर्शनियों का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश के सभी जिलों में विद्यार्थियों, प्रबुद्धजनों और जनप्रतिनिधियों की भागीदारी से संगोष्ठियां, संवाद आदि होंगे।

### जारी की 50 आपराधिक मामलों की सूची

## पीसीसी चीफ जीतू ने भाजपा पर लगाया अत्याचारियों को संरक्षण देने का आरोप

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भाजपा पर प्रदेश में दलितों, आदिवासियों, महिलाओं और कमजोर वर्गों के खिलाफ अत्याचारों को संरक्षण देने और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने भाजपा नेताओं और उनके सहयोगियों से जुड़े 50 आपराधिक मामलों की विस्तृत सूची जारी करते हुए कहा कि यह सूची राज्य में कानून-व्यवस्था की बदहाली, भ्रष्टाचार और भाजपा की संरक्षणवादी नीति का पर्दाफाश करती है। पटवारी ने कहा कि मध्य प्रदेश में भाजपा नेताओं ने दलितों, आदिवासियों और महिलाओं के खिलाफ अत्याचार की सभी सीमाएं लांघ दी हैं। रेप, हत्या, लूट, गैंगरेप, अवैध खनन और घोटालों से लेकर पत्रकारों पर हमले तक, भाजपा नेताओं का नाम बार-बार अपराधों में सामने आ रहा है। उन्होंने कहा कि यह भाजपा की संविधान विरोधी और अन्यायपूर्ण मानसिकता को उजागर करता है।



### ननि को आत्मनिर्भर बनाने आय बढ़ाने के हों ठोस प्रयास

**भोपाल।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग आयुक्त संकेत भोंडवे ने सोमवार को जबलपुर में नगरीय निकायों के अधिकारियों की संभागीय बैठक में निर्देश दिए कि नगरीय निकायों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आय बढ़ाने के ठोस प्रयास किए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इसी के साथ नगरीय निकायों के प्रबंधन से जुड़े खर्चों में कमी लाई जाए। आयुक्त भोंडवे ने बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की मंशा के अनुसार निकायों की कार्य पद्धति में सुधार लाएं। निकाय के सभी कार्यों में पारदर्शिता रखी जाए।

### 2 करोड़ 50 लाख रुपए प्रतिभूति राशि के रूप में लिए जाएंगे

**आयोगों के बीच हुआ एमओयू**

## मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग 25 हजार ईवीएम किराए पर महाराष्ट्र राज्य निर्वाचन आयोग को देगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र राज्य निर्वाचन आयोग 25 हजार इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) महाराष्ट्र राज्य निर्वाचन आयोग को स्थानीय निर्वाचन के लिए किराए पर देगा। इस संबंध में मंगलवार को मप्र राज्य निर्वाचन आयोग और महाराष्ट्र राज्य निर्वाचन आयोग के बीच एमओयू हुआ। आयुक्त राज्य निर्वाचन आयोग मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि सहयोगी संघवाद की अवधारणा के अनुरूप आयोग महाराष्ट्र राज्य निर्वाचन आयोग की जरूरत अनुसार उन्हें ईवीएम उपलब्ध करा रहा है।

उन्होंने बताया कि इसके पूर्व छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग को भी ईवीएम उपलब्ध करवाई गईं थी। महाराष्ट्र राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त दिनेश वाघमारे ने मप्र राज्य निर्वाचन आयुक्त का ईवीएम उपलब्ध कराने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में एक साथ स्थानीय निर्वाचन करवाना है, इसके लिए अत्यधिक संख्या में ईवीएम की जरूरत थी। वाघमारे ने कहा कि मप्र राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से ईवीएम उपलब्ध कराने पर वे आसानी से निर्वाचन की प्रक्रिया पूरी करा सकेंगे।



#### *तीन बैलेट यूनिट का कुल किराया 1000 रुपए होगा*

*सचिव राज्य निर्वाचन आयोग अभिषेक सिंह ने मप्र के स्थानीय निर्वाचन में उपयोग की जा रही ईवीएम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक कंट्रोल यूनिट और तीन बैलेट यूनिट का कुल किराया 1000 रुपए होगा। महाराष्ट्र राज्य निर्वाचन आयोग को कुल 25 हजार कंट्रोल यूनिट और 75 हजार बैलेट यूनिट उपलब्ध करवाई जाएंगी। इनसे 2 करोड़ 50 लाख रुपए प्रतिभूति राशि के रूप में लिए जाएंगे। सिंह ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया पूरी होते ही महाराष्ट्र राज्य निर्वाचन आयोग तुरंत ईवीएम वापस करेंगे। एमओयू के क्रियान्वयन के लिए 4 वरिष्ठ अधिकारियों की एक टीम बनाई जाएग।*




### सरकारी फरमान से अफसर-दुकानदारों की चांदी

सरकार ने एक फरमान क्या सुनाया, अफसर और दुकानदारों की चांदी हो गई है, दरअसल इस बार गरीबों को राशन देने के लिए तीन महीने का एकमुश्त राशन बांटा जा रहा है, ऐसे में जहां दुकानदार गरीबों के हिस्से का राशन डकारने के तरीके निकाल रहे हैं, वहीं अफसर भी दुकानदारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर उनका साथ दे रहे हैं। हाल ही में एक दुकान का वीडियो वायरल होने के बाद उसके बचाव को लेकर कई अफसर सामने आ गए। विभाग के जिम्मेदार अफसर जब इन अधिकारियों की करनी समझे, तब तक देर हो गई थी, हालांकि अब यह अफसर यह कह रहे हैं कि आगे देख लेंगे।

### अव्यवस्था फैली तो हमने किया....

हाल ही में कलेक्टोरेट के सबसे बड़े साहब ने जनसुनवाई की व्यवस्था में बदलाव किया है। इस बदलाव की जिम्मेदारी एडीएम स्तर के एक अफसर को सौंपी गई। पहली ब्बार जब अव्यवस्था फैली तो यह साहब भी घबरा गए। ऊपर से बड़े साहब ने कह दिया कि तुमने सही इंतजाम नहीं किए थे। जिसके बाद दूसरी जनसुनवाई में तो इन साहब ने एक दिन पहले ही व्यवस्थाएं जुटा लीं और साहब को बुलाकर दिखा भी दी, कि कहीं साहब अव्यवस्था का ढीकरा मेरे ऊपर नहीं फोड़ दें। अव्यवस्था भी फैली, लेकिन बड़े साहब ने मौके की नजाकत को देखते हुए खुद ही मोर्चा संभालकर हालात को काबू किया।

### साहब की जेब गर्म कर मनचाही ड्यूटी लगवा रहे कर्मचारी

भोपाल रेल मंडल में इन दिनों रेलवे के कुछ अधिकारियों ने कर्मचारियों को मनचाही ट्रेनों में ड्यूटी लगवाने के लिए विशेष ऑफर निकल रखे हैं। कर्मचारी भी अधिकारियों की जेब गर्म कर कमाई वाली ट्रेनों में ड्यूटी लगवा रहे हैं। इस तरह का एक मामला उस समय सामने आया, जब इसको लेकर दो कर्मचारी आपस में लड़ गए। इसकी जानकारी जब मंडल कार्यालय तक पहुंची तो अधिकारियों को डांट-फटकार के बाद मामले को शांत करा दिया गया, लेकिन यह खेल अभी भी जारी है।

### मंडल कार्यालय में साहब और मैडम बने चर्चा

भोपाल रेल मंडल में इन दिनों कार्मिक विभाग में एक अधिकारी व मैडम में नजदीकियां देखने को मिल रही है, जो कर्मचारियों के बीच चर्चा में है। साहब मैडम की टेबल के आस-पास घूमते रहते हैं। काम की जगह दोनों में दिनभर बाते चलती रहती है। मैडम को जब भी छुट्टी चाहिए होती है तो आसानी से मिल जाती है, लेकिन दूसरे कर्मचारी छुट्टी लेने साहब के पास पहुंचते हैं तो उनको डांट का सामना करना पड़ता है।

-वहीद खान/कपिलदेव श्रीवास्तव

### पूर्व रिव्यू डीपीसी में 4 इंजीनियरों को नहीं मिली थी ए-प्लस सीआर

# प्रभारी सीई वर्मा व बौरासी की रिव्यु डीपीसी को लेकर विवाद, कौन से उत्कृष्ट कार्य किए, यह नहीं बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में दो इंजीनियरों के सीआर अपग्रेड करने को लेकर होने वाली रिव्यू डीपीसी को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। विभाग के कई इंजीनियरों ने लोक सेवा आयोग (पीएससी) को पत्र भेजकर रिव्यू डीपीसी पर सवाल खड़ा करते हुए इसे टालने की मांग की है। शिकायतपत्र में कई तथ्य दिए गए हैं।

कौन सा उत्कृष्ट कार्य इन इंजीनियरों ने किया है यह नहीं बताया इसमें यह भी कहा गया है कि दोनों इंजीनियरों एससी वर्मा व बीपी बौरासी ने कोई भी ऐसा उत्कृष्ट कार्य नहीं किया है, जिस आधार पर उनके दावों को मंजूर किया जाए। पीडब्ल्यूडी के दो इंजीनियरों रीवा के प्रभारी सीई एससी वर्मा एवं एमपीआरडीसी में पदस्थ बीपी बौरासी के आवेदन पर पीएससी ने बुधवार को रिव्यू डीपीसी करने का निर्णय लिया है। इसके लिए भोपाल स्थित पीएससी के कैंप कार्यालय में बैठक रखी गई है। इससे पहले भी वर्मा का रिव्यु डीपीसी कराने के लिए बैठक रखी गई थी, किंतु किन्हीं कारण से यह रिव्यु डीपीसी टल गई थी।




#### सीआर अपग्रेड नहीं हो पाई थी

अब फिर से डीपीसी में एक नाम बौरासी का भी जुड़ गया। किंतु इनके प्रस्तुत दावे पर विवाद खड़ा हो गया है। पूर्व की डीपीसी में कारण न लिखने के कारण सीआर अपग्रेड नहीं हो पाया था। चूंकि नियमानुसार जब तक संबंधित की ओर से अति उत्कृष्ट श्रेणी का कार्य न किया गया हो, तब तक ए-प्लस सीआर नहीं किया जा सकता। बताते हैं कि 2014 में आयोजित इसी बैच की रिव्यू डीपीसी में चार अधिकारियों के ए- प्लस किए जाने के दावे को खारिज कर दिया गया था। इसमें प्रभारी मुख्य अभियंता एसएल सूर्यवंशी, योगेन्द्र बगोले एवं रावत शामिल थे।

#### इस तर्क के आधार पर रिव्यु डीपीसी रखी गई

*वर्ष 2014 में इन सभी इंजीनियरों ने अपनी सीआर क से ए-प्लस किए जाने का दावा किया था। उनका तर्क था कि पूर्व में आयोजित मूल डीपीसी में उनकी सीआर डाउन ग्रेड की गई थी, लेकिन तत्कालीन कमेटी ने कोई कारण नहीं माना, जबकि नियमानुसार जरूरी था। तत्कालीन कमेटी ने नियमानुसार सूर्यवंशी, बगोले एवं रावत व एक अन्य के दावे को सही बताया था, लेकिन रिव्यू डीपीसी में इन चारों अधिकारियों की सीआर में कोई अति उत्कृष्ट कार्य नही होना पाया गया था। इसके आधार पर समिति ने चारों अधिकारियों के दावे को खारिज कर दिया था। अब फिर से उसी तरह के दावे पर रिव्यु डीपीसी आयोजित की गई है।*

### मध्य प्रदेश में डेयरी विकास संभावनाएं एवं चुनौतियां पर संगोष्ठी का आयोजन चार से

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा राज्य को डेयरी उत्पाद में अग्रणी बनाने की संकल्पना पर 4 एवं 5 जुलाई 2025 को इंडियन डेयरी एसोसिएशन पश्चिम क्षेत्र एवं विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में मध्य प्रदेश में डेयरी विकास: संभावनाएं एवं चुनौतियां विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इसकी आयोजन समिति की बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर निर्देश दिए गए और दायित्वों का विभाजन करके कार्रवाई की समीक्षा प्रतिदिन किए जाने का निर्णय लिया गया है। विक्रम विवि उज्जैन के कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि दो संगोष्ठी के लिए गठित समितियों की बैठक विक्रम विवि में कुलगुरू प्रो. अर्पण भारद्वाज की अध्यक्षता में की गई। बैठक में भारतीय डेयरी संघ पश्चिम क्षेत्र के पदाधिकारी जीआर दारू वाला, नंदन गुप्ता और सुभाष गुप्ता शामिल हुए।

### मुसाफिरों को बैठने नहीं मिल रही जगह, साफ जगह की तलाश में भटकने को मजबूर

# भोपाल स्टेशन पर हल्की बारिश में प्लेटफॉर्म पर शेड से फूटा झरना, यात्रियों के फिसलकर गिरने का डर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के मुख्य रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर लगे शेड का मानसून से पहले मेंटेनेंस नहीं हुआ है। इस कारण बारिश का पानी शेड से प्लेटफार्म पर गिर रहा है। मंगलवार को इस तरह का नजारा देखने को मिला। यहां पर शेड से पानी का झरना फूट गया। इस वजह से यात्रियों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। साथ ही मुसाफिरों को प्लेटफॉर्म पर बैठने की जगह नहीं मिल रही है। वे साफ जगह की तलाश में भटकने को मजबूर हैं। रेलवे स्टेशन पर अक्सर यात्री कोच में चढ़ने के लिए भागदौड़ करते हैं। इस दौरान लोग पानी की वजह से प्लेटफॉर्म पर फिसलकर गिर रहे हैं। यही हाल ट्रेन से उतरने वाले मुसाफिरों का भी है। इस कारण कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

प्लेटफॉर्म पर लगे शेड का मेंटेनेंस न होने से हो रहा ऐसा

प्रकृति और इंजीनियरिंग का स्टेशन पर दिखा संगम



#### हर साल बारिश में यही स्थिति बनती है

*बारिश का मौसम आते ही देशभर में झरनों की रौनक बढ़ जाती है, मगर भोपाल रेलवे स्टेशन तो इस मामले में कुछ खास ही है। यहां हर साल बारिश के साथ-साथ प्लेटफार्म नंबर एक पर सरकारी झरना बहता है। मंगलवार को भी वही पुराना नजारा देखने को मिला, हर साल की तरह इस बार भी जैसे ही बादलों ने थोड़ी मेहरबानी दिखाई, प्लेटफार्म नंबर एक पर एक जलप्रपात का अनावरण हो गया। भोपाल रेलवे स्टेशन पर ही प्रकृति और इंजीनियरिंग का ये अनोखा संगम देखने को मिला, जिसने रेलवे की व्यवस्था की पोल खोल दी।*

#### टपकती छत और फर्श पर बहता पानी

*बारिश के मौसम में स्टेशन की छत से टपकती धाराएं, फर्श पर बहती नालियां और बारिश से कम, स्टेशन की बदहाली से ज्यादा भीगते यात्री... यह दृश्य भोपाल रेलवे स्टेशन पर अक्सर देखने को मिलता है। मंगलवार दोपहर हुई बारिश के बाद सभी प्लेटफार्मों पर लगे शेड से पानी लगातार गिरता रहा, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई शेड से तो झरने की तरह पानी की कई धाराएं एक साथ बह रही थीं, जिससे यात्रियों को भीगने से बचने के लिए जद्दोजहद करनी पड़ी।*

#### दो साल पहले ही हुआ है नई बिल्डिंग का निर्माण

यह स्थिति और भी चिंताजनक इसलिए है, क्योंकि भोपाल स्टेशन पर दो साल पहले ही नई बिल्डिंग और शेड का निर्माण कराया गया है। ऐसे में जगह-जगह पानी गिरना रेलवे के इंजीनियारों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। वहीं, रेलवे के अधिकारी लगातार स्टेशन का दौरा भी करते रहते हैं, फिर भी इस स्थायी समस्या का कोई समाधान क्यों नहीं निकाला गया, यह एक बड़ा प्रश्न है। स्टेशन पर टपकते पानी की वजह से फर्श पर फिसलने का खतरा भी बना रहता है, जो कभी भी किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है।



#### जल्द सुधार करेंगे...

बारिश के कारण शेड से पानी बहने की शिकायत मिली है, इंजीनियरिंग विभाग को सूचित कर दिया है, जल्द ही इसे सुधार किया जाएगा।

एके खरे, स्टेशन मास्टर, भोपाल रेलवे स्टेशन

### बारिश में भी नहीं रुकेगा मेट्रो का काम



इंदौर के बाद भोपाल में मेट्रो को शुरू करने के लिए कामों को तेजी से किया जा रहा है, जिससे भोपाल के प्रायोरिटी कारिडोर पर जल्द मेट्रो दौड़ाई जा सके। दरअसल, कुछ दिन पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी मेट्रो के अधिकारियों से कहा था कि अक्टूबर तक प्रायोरिटी कारिडोर पर संचालन शुरू किया जाए। जिसके तहत मंगलवार को मेट्रो के प्रबंध संचालक एस कृष्ण चैतन्य ने सुभाष नगर स्थित मेट्रो डिपो का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने डिपो में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। निरीक्षण की शुरुआत रैम्प एरिया, अनलोडिंग-बे, बाउंड्री वाल साइट्स से हुई। उन्होंने इन कामों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। चैतन्य ने स्पष्ट रूप से कहा कि बारिश के दौरान भी मेट्रो प्रोजेक्ट का कार्य किसी भी हालत में रुकना नहीं चाहिए। इसके लिए जल निकासी से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देते हुए जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान उन्होंने ड्राइंग और डिजाइन के जरिए जल निकासी के लिए जाने वाले काम को देखा। एमडी ने इसके बाद एडमिन बिल्डिंग स्थित डिपो कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया और वहां विभिन्न सिस्टम रूम्स की प्रगति की जानकारी ली।

#### सूबेदारगंज-उधना स्पेशल ट्रेन की संचालन अवधि बढ़ी

*समर सीजन के दौरान अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लियर करने और उनकी यात्रा की मांग को पूरा करने के उद्देश्य से वर्तमान में चल रही सूबेदारगंज-उधना-सूबेदारगंज साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के अतिरिक्त 13-13 फेरों को रेल प्रशासन द्वारा और चलाने का निर्णय लिया गया है। यह गाड़ी भोपाल रेल मंडल के बीना, रानी कमलापति एवं इटारसी स्टेशनों से होकर गंतव्य को जाएगी। गाड़ी संख्या 04155 सूबेदारगंज-उधना स्पेशल ट्रेन 7 जुलाई से 29 सितंबर तक चलेगी। वहीं गाड़ी संख्या 04156 उधना-सूबेदारगंज स्पेशल ट्रेन 8 जुलाई से 30 सितंबर तक प्रत्येक मंगलवार को चलेगी।*

#### आरसीसी सड़क पर गिरने से आई थी गंभीर चोट

# आईस्क्रीम लेने गई मां को देखते समय छत से गिरा डेढ़ साल का बच्चा, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित ब्लूमन कॉलोनी में सोमवार शाम डेढ़ साल के मासूम की छत से गिरने से मौत हो गई। हादसे के समय मां बच्चे को छत पर छोड़कर उसके लिए आईस्क्रीम लेने पहुंची थी। बच्चा मां को देखने के लिए ग्रिल के पास पहुंचा और ग्रिल पर चढ़कर झांकने लगा, तभी एकाएक नीचे गिर गया। नीचे आरसीसी रोड पर गिरने के कारण उसे सिर सहित शरीर में गंभीर चोट आई थी। परिजन बच्चे को लेकर डीआईजी बंगला स्थित निजी अस्पताल ले गए, वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर बच्चे का शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

एसआई प्रीतम सिंह अहिरवार ने बताया कि हमीद खान ब्लूमून कॉलोनी में किराए के मकान में रहते हैं। मकान मालिक नीचे रहता है, जबकि वह दूसरी मंजिल पर रहते हैं। हमीद लोहा बंधाई का काम करते हैं। सोमवार को वह काम पर गए थे। इधर, घर पर उनकी पत्नी पांच साल की बेटी सहित इकलौता बेटा 18 महीने का हनीफ था।

#### ग्रिल पर चढ़ा और गिर गया बेटा

उनकी पत्नी ने बताया कि शाम करीब सवा पांच बजे आईस्क्रीम वाला नीचे सड़क पर आया। वह बच्चों के लिए आईस्क्रीम लेने के लिए नीचे पहुंची। इस दौरान छत पर हनीफ खेल रहा था। वह आईस्क्रीम खरीद रही थी, तभी हनीफ उन्हें देखने के लिए छत की ग्रिल के पास चला गया। वह ग्रिल से झांक रहा था, तभी बैलेंस बिगड़ने के कारण दूसरी मंजिल से नीचे गिर गया।

#### करीब चार फीट की है स्टील की ग्रिल

जिस जगह से हनीफ गिरा वहां सामने स्टील की ग्रिल बनी हुई है। ग्रिल करीब चार फीट की है, जिसमें तीन अलग अलग छड़ लगी है। जांच में यह बात सामने आई कि इसी छड़ पर खड़ा होकर हनीफ सड़क पर आईस्क्रीन लेने गई मां को देख रहा था, तभी लड़खड़ाकर नीचे गिर गया। बीस फीट की ऊंचाई से गिरने के कारण उसे गंभीर चोट थी। वह बेहोश हो गया था। परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, वहां करीब दो घंटे चले इलाज के बाद उसकी मौत हो गई।

# एक और सोनम...गर्लफ्रेंड ने युवक और उसके दोस्त पर कराया जानलेवा हमला

### *हाथ की नस काटने का बहाना बनाकर बुलाया था ग्रांउड में*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



**ग्राउंड में घात लगाकर बैठे थे आरोपी, युवती समेत 5 के खिलाफ प्रकरण दर्ज**

इंदौर की सोनम रघुवंशी का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ है कि राजधानी में भी एक ऐसा ही मामला सामने आया है। बस अंतर इतना है कि वहां युवती का पति था और यहां ब्वॉयफ्रेंड। दरअसल, अशोका गार्डन स्थित बिजली नगर कॉलोनी ग्राउंड पर सोमवार रात युवती ने अपने चार साथियों के साथ मिलकर कथित प्रेमी व उसके दोस्त पर छुरी व डंडे से जानलेवा हमला कर दिया। युवती ने अपनी हाथ की नस काटने की धमकी देकर कथित प्रेमी को बुलाया था। वह अपने दोस्त को लेकर बिजली कॉलोनी ग्राउंड पर पहुंचा। तभी घात लगाकर बैठे आरोपियों ने हमला बोल दिया।


पुलिस ने बताया कि सुरेन्द्र यादव (21) सोमवार रात करीब 11 बजे अपने दोस्त भूरा वाल्मीकि और शुभम पंजाबी के साथ छावनी पठार बिलखिरिया इलाके में बैठा था। तभी सुरेन्द्र की गर्लफ्रेंड पूनम की दोस्त अंजली ठाकुर का फोन आया और उसने भूरा से कहा कि तुम बिजली कॉलोनी अशोका गार्डन आ जाओ। पूनम हाथ काट रही है। तब भूरा ने कहा कि मेरी पूनम से कोई बात नहीं हुई है। इस पर पूनम ने भूरा से कॉल पर बात करते हुए बिजली नगर कॉलोनी आने के लिए कहा। उसने कहा कि यहां आ जाओ, मैं मोबाइल पर बात नहीं कर सकूंगी।

इसके बाद भूरा वाल्मीकि और सुरेन्द्र यादव अपने दोस्त शुभम पंजाबी की बाइक से रात करीब साढ़े 11 बजे बिजली नगर कॉलोनी पहुंचे। शुभम सड़क किनारे अपनी गाड़ी के साथ खड़ा था, जबकि सुरेन्द्र और भूरा ग्राउंड पर चले गए। वहां पूनम व अंजली मिलीं। पूनम से बात करते समय दो युवक आए। इनमें से अरमान ने छुरी व अरबाज ने डंडे से सुरेन्द्र व भूरा पर जानलेवा हमला कर दिया। हाथ, पसली व पैर के पास छुरी लगने से सुरेन्द्र गंभीर रूप से घायल हो गया।

#### युवकों के नाम पुकारते हुए पूनम कह रही थी, इन दोनों को जान से मार दो....

भूरा भी हाथ-पैर व सिर में चोट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। तभी निखिल व सिकंदर नाम के दो अन्य युवक पहुंचे और उन लोगों ने भी सुरेन्द्र व भूरा के साथ मारपीट की। पूनम उन दोनों युवकों को नाम से पुकार कर कह रही थी कि सिकंदर और निखिल इन दोनों को जान से मार दो। पुलिस ने बताया कि बाइक के पास खड़े शुभम पंजाबी ने आकर बीच-बचाव किया। आरोपी अरमान, अरबाज, सिकंदर, निखिल और पूनम वहां से फरार हो गए। शुभम पंजाबी ने अपने दोनों घायल दोस्तों को अस्पताल में भर्ती कराया।

### दुष्कर्म कर ब्लैकमैल करने वाले आरोपी की जमानत खारिज



भोपाल। सुनियोजित रूप से कॉलेज में पढ़ने वाली हिंदू छात्राओं के साथ दुष्कर्म कर ब्लैकमेल करने वाले आरोपी फरहान खान के साथी साहिल खान की ओर से प्रस्तुत किए गए जमानत के आवेदन को अपर सत्र न्यायाधीश नीलू संजीव श्रृंगी ऋषि ने अपराध की गंभीर प्रकृति को देखते हुए मंगलवार को निरस्त कर दिया। बागसेवनिया थाने में 12 अप्रैल को आरोपी फरहान खान और साहिल खान के विरुद्ध कॉलेज में पढ़ने वाली दो छात्राओं ने दुष्कर्म कर ब्लैकमेल करने की शिकायत दर्ज कराई थी। थाना अशोका गार्डन में एक छात्रा ने आरोपी फरहान खान के साथ ही उसके साथियों साहिल खान, सै. अली अहमद, साद उर्फ शम्सउद्दीन और नबील के विरुद्ध 21 अप्रैल को दुष्कर्म कर ब्लैकमेल करने की शिकायत दर्ज कराई थी। थाना अशोका गार्डन ने आरोपियों को 1 मई को दुष्कर्म कर ब्लैकमैल करने के अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर लेने के बाद न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद जेल भेज दिया था।




#### महज 50 रु. में यात्रियों को मिलेंगी कई सुविधाएं

# एग्जीक्यूटिव लाउंज तैयार, आज सीएम करेंगे उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



भोपाल रेलवे स्टेशन पर एयरपोर्ट की तर्ज पर रेल यात्रियों को वीआईपी लाउंज की सुविधा बुधवार से मिल सकेगी। आईआरसीटीसी ने एक एक्जीक्यूटिव लाउंज तैयार किया है। जहां यात्री महज 50 रुपए देकर कई सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे। इस लाउंज का बुधवार को सीएम मोहन यादव उद्घाटन करेंगे। बता दें कि यह सुविधा भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-1 के पास नई बिल्डिंग में शुरू होने जा रही है।



#### एसी और नॉन-एसी दोनों प्रकार का लाउंज

*इस लाउंज का उपयोग करने के लिए यात्रियों को एक घंटे के लिए मात्र 50 रुपए का शुल्क देना होगा। इस शुल्क में उन्हें एक छोटी पानी की बोतल के साथ चाय या कॉफी का चयन करने का विकल्प मिलेगा। साथ ही लाउंज में एयर कंडीशंड और नॉन-एसी दोनों प्रकार की आरामदायक बैठने की व्यवस्था होगी। खास बात यह है कि यह लाउंज न केवल आराम करने के लिए बल्कि छोटी मीटिंग और कार्यक्रमों के लिए भी उपलब्ध होगा। 10 से 20 लोगों तक की मीटिंग के लिए अलग से शुल्क लिया जाएगा।*

#### वाई-फाई, गेम्स, टीवी, म्यूजिक की सुविधाएं

आईआरसीटीसी द्वारा निर्धारित रेट्स पर यहां पर खाने-पीने की सुविधा भी मिल जाएगी। एसी लाउंज में सोफा हॉल, अखबार और पत्रिकाएं पढ़ने की सुविधा, चाय या कॉफी, समोसा या वडा, 200 एमएल पानी या वेलकम ड्रिंक, वाई-फाई, गेम्स, टीवी, म्यूजिक, लगेज रैक, वॉश और चेंज की सुविधा मिलेगी। इसका शुल्क प्रति व्यक्ति प्रति घंटा 100 रखा गया है। मीटिंग या कॉन्फ्रेंस के लिए प्रति घंटे 200 रुपए चार्ज के अलावा 200 रुपए प्रति व्यक्ति प्रति घंटे का शुल्क होगा।

**फाइनल मुकाबले में चंबल घड़ियाल्स को दो विकेट से हराया**

# भोपाल लेपर्ड्स ने जीता एमपीएल का खिताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ग्वालियर के शंकरगढ़ स्थित माधवराव सिंधिया स्टेडियम में मंगलवार शाम को भोपाल लेपर्ड्स और चंबल घड़ियाल्स के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। जिसमें भोपाल लेपर्ड्स ने चंबल घड़ियाल्स को दो रन से हराकर खिताब पर कब्जा कर लिया। यहां भोपाल लेपर्ड्स ने चंबल घड़ियाल्स को 19.2 ओवर खेलते हुए 156 रन का लक्ष्य दिया था।

**156 के जवाब में घड़ियाल्स बना सके 154 रन**



वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए चंबल घड़ियाल्स की टीम 7 विकेट खोने के बाद निर्धारित 20 ओवर में सिर्फ 154 रन ही बना सकी और यह मुकाबला हार गई। भोपाल लेपर्ड्स के अनिकेत वर्मा प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। उन्होंने 40 रन बनाने के साथ ही तीन खिलाड़ियों के कैच पकड़कर उन्हें पैवेलियन का रास्ता दिखाया। इससे पहले भोपाल लेपर्ड्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 156 रन बनाए थे। इनमें यश दुबे(विकेटकीपर) ने 21 गेंदों पर 24 रन बनाए। वे शुभम की गेंद पर हरप्रीत द्वारा कैच लेने पर आउट हो गए। इनके बाद क्रीज पर शिवांग आए, लेकिन वे भी ज्यादा नहीं टिक सके और महज दो गेंद पर एक ही रन बना सके। उनका विकेट अमन भदौरिया ने शुभम शर्मा के हाथों कैच कराकर लिया। इनके बाद गौतम रघुवंशी ने कमान संभाली और 28 गेंदों पर 48 रन ठोक दिए। वे अर्द्धशतक की ओर बढ़ रहे थे कि नयनराज मेवाड़ा की गेंद पर शुभम शर्मा के हाथों लपक लिए गए और पैवेलियन लौट गए। फिर नंबर आया अनिकेत वर्मा का। अनिकेत भी मजबूती से खेले और 24 गेंदों पर 40 रन जड़ दिए। इनमें उन्होंने 4 छक्के भी मारे। लेकिन वे भी त्रिपुरेश सिंह की गेंद पर अपूर्व द्विवेदी द्वारा कैच आउट हो गए। इनके अलावा कमल त्रिपाठी ने 16 गेंदों में 24 रन बनाए। उन्होंने तीन चौके व एक छक्का जड़ा। इसके बाद वे आर्यन पांडे की गेंद पर शुभम शर्मा को कैच दे बैठे और आउट हो गए।

## अनिकेत ने पकड़े 3 कैच, बने प्लेयर ऑफ द मैच




*इसके जवाब में कप्तान शुभम शर्मा 51, हरप्रीत सिंह भाटिया 26, त्रिपुरेश सिंह ने 53 रन बनाए। उन्हें यश दुबे ने रनआऊट कर दिया। इनके अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार नहीं कर सका। भोपाल लेपर्ड्स के कप्तान अरशद खान ने 2, रोशन केवट, शिवांग कुमार, कमल त्रिपाठी को एक-एक विकेट मिला। वहीं अनिकेत वर्मा ने तीन कैच पकड़े और विकेटकीपर अपूर्व द्विवेदी, कप्तान शुभम शर्मा और सूरज सेंगर को पैवेलियन का रास्ता दिखाया। वे प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। वहीं कमल त्रिपाठी ने पंकज शर्मा को और माधव तिवारी ने हरप्रीत सिंह का कैच पकड़कर आउट किया।*

**प्रतियोगिता 16 जुलाई से 27 जुलाई तक राइन-रुहर जर्मनी में होगी आयोजित**

# एलएनसीटी के अर्जुन बास्कले करेंगे भारतीय विश्वविद्यालय एथलेटिक्स टीम का प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



एलएनसीटी विश्वविद्यालय के बीपीईएस के छात्र अर्जुन बास्कले का विवि खेलों में भारतीय विवि एथलेटिक्स (पुरुष) टीम का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयनित किया गया है, जो कि 16 जुलाई से 27 जुलाई तक राइन-रुहर, जर्मनी में आयोजित होंगी। साथ ही इस वर्ष अर्जुन वास्कले को मप्र शासन के एकलव्य पुरस्कार 2023 के लिए चुना गया है। इससे पूर्व अर्जुन कई एथलेटिक्स स्पर्धाओं में भाग ले चुके हैं, जिसमें समर वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स मे एथलेटिक्स (1500 मीटर) चेंगदू चीन में जो 28 जुलाई से 8 अगस्त 2023 तक आयोजित की गई थी। वहीं 37वें नेशनल गेम्स गोवा 1500 मीटर मे कांस्य पदक जीत चुके हैं। अर्जुन की इस उपलब्धि पर एलएनसीटी के कुलाधिपति जय नारायण चौकसे, डॉ. अनुपम चौकसे कुलाधिपति जेएनसीटी, डॉ. धर्मेंद्र गुप्ता एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर एलएनसीटी, प्रोफेसर डॉ. एनके थापक वाइस चांसलर, डॉ. अजीत सोनी रजिस्ट्रार, डॉ. अशोक राय डॉयरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन, पंकज कुमार जैन ने शुभकामनाएं दी।

**न्यायालय नायब तहसीलदार बैरागढ़ चीचली वृत्त तहसील कोलार भोपाल म.प्र.**

प्रकरण क्रमांक : RS/444/0760/6165/2025

**इश्तहार**

आवेदक रविशंकर अय्यर आ. / पत्नी टी.एस. सुब्रमण्यम निवासी म. क्रमांक 43, सेक्टर ए, सर्वधर्म द्वारा ग्राम दामखेड़ा, कोलार रोड, भोपाल स्थित खसरा नम्बर 24/1 का अंशभाग क्षेत्रफल 1200 वर्गफुट भूमि का नामान्तरण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव आवेदक के उपरोक्त आवेदन के संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक 04/07/2025 के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20/6/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

**अतिरिक्त तहसीलदार तहसील-कोलार जिला-भोपाल**

**जैकेट का शेष....**

## सीहोर में दो युवकों को...

को अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक ने संज्ञान में लेकर बताया कि यह ग्राम बुगलीवाली के बेलदार समाज की बताई जा रही है जो कि थाना दोराहा अंतर्गत आता है। थाना दोराहा में स्वयं संज्ञान लेकर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध बीएनएस की धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

## दम घुटने से 5 की मौत...

हुआ। इसके बाद पवन कुशवाह, एक सहरिया युवक, गुरुद्वारा ओझा और शिवचरण साहू भी कुए में उतरे लेकिन दम घुटने के कारण एक-एक कर सभी बेहोश हो गए। गांव के लोगों ने तत्परता दिखाते हुए खटिया में रस्सी बांधकर कुए में डाली और लोगों को बाहर निकाला। उन्हें तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने अस्पताल पहुंचे प्रथम दो लोगों को मृत घोषित कर दिया। एसडीआरएफ, पुलिस और जिला प्रशासन की टीम भी मौके पर पहुंच कर कुए से निकाला। तीन अन्य लोगों की भी मृत्यु हो गई। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचे कलेक्टर की गाड़ी को घेर लिया। उनका कहना है कि ग्रामीण इतनी दूर से पहले आ गए, जबकि धरनावदा पुलिस और एंबुलेंस समय से नहीं आ पाई। दो लोगों को प्राइवेट एंबुलेंस से अस्पताल भेजना पड़ा। दो घंटे तक प्रशासन नहीं पहुंचा।

गुना कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने बताया कि कुए में संभवतः कार्बन मोनो ऑक्साइड गैस का रिसाव हुआ। पर अभी लैब टेस्ट करवा रहे हैं, उसके बाद ही और साफ हो पाएगा।

## बच्चों के स्वास्थ्य पैरामीटर...

डॉ. यादव मंगलवार को वाराणसी में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25 वीं बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्रीय परिषद केवल प्रशासनिक विचार-विमर्श का मंच नहीं, बल्कि सहकारी संघवाद की जीवंत अभिव्यक्ति है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमें सिखाया गया है कि विचारधाराएं अलग हो सकती हैं, लेकिन देश का भविष्य साझा है। उन्होंने कहा कि दृष्टिकोण भिन्न हो सकते हैं, लेकिन लक्ष्य एक सशक्त, समावेशी और आत्मनिर्भर भारत होना चाहिए। बैठक में उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित उक्त राज्यों के मुख्य सचिव, केंद्र सरकार एवं संबंधित राज्य के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

**पेज एक का शेष....**

## पुलिस ने मर्ग कायम...

टिहरी, उत्तराखंड के थे। उनकी पोस्टिंग सेवंत गढ़वाल रायफल लालघाटी में थी। सोमवार शाम वे सूखी सेवनिया फायरिंग रेंज में युद्धाभ्यास में पहुंचे। शाम करीब 6 बजे के आसपास युद्ध अभ्यास चल रहा था। इस दौरान ड्रोन की मदद से डमी बम रखकर अभ्यास किया जा रहा था। तभी ड्रोन में रखा चार से पांच किलो ग्राम वजनी बम विजय सिंह के सिर पर गिर गया। डमी बम सिर पर गिरने से उन्हें गंभीर चोट आई थी। आर्मी के जवान उन्हें लेकर आर्मी अस्पताल पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने क बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## आज लॉन्च होगा ...

भी शामिल हैं।

## बतौर पायलट शामिल...

स्पेशलिस्ट के रूप में हिस्सा लेंगे। पूरी टीम का नेतृत्व अनुभवी महिला अंतरिक्ष यात्री पैगी व्हिटसन कर रही हैं। पैगी व्हिटसन नासा की सबसे अनुभवी अंतरिक्ष यात्रियों में से एक हैं।

## 10 मिनट में...

को बेहतर साफ-सुथरे कोच और शौचालय मुहैया कराना। नई योजना के तहत हर दो कोचों के चार शौचालयों की सफाई के लिए दो कर्मचारियों को तैनात किया जाएगा।

## क्या परीक्षा परिणाम...

मामले सामने आते रहते हैं। यह घटना भारतीय समाज में प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े अत्यधिक दबाव का आईना है। साधना जैसी मेधावी छात्रा पर भी अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव था.. और उसके प्रिंसिपल पिता ने इस दबाव को हिंसक रूप दे दिया।

## बाइक में गिर...

सड़क पर आ गया। इसी दौरान मंदिर जा रहे लोगों की बाइक उसमें उलझ गई। बिजली चालू होने की वजह से बाइक ने आग पकड़ ली। बाइक सवार तीनों लोगों को संभलने का भी मौका नहीं मिला। उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

## ऑटो सेटलमेंट...

के लिए कोविड-19 महामारी के दौरान पहली बार अग्रिम दावों के ऑटो-सेटलमेंट की शुरुआत की थी। अब भुगतान की राशि का दावा करना पहले की तुलना में आसान हो गया हो गया है और इसके लिए चेक लीफ या पासबुक की जरूरत नहीं रह गई है। श्रम विभाग ने अपने एक्स हैंडल पर भी इससे जुड़ी जानकारी साझा की है।

## सनातन धर्म के ....

हर कोई जानता है कि भगवान ब्रह्मा ने ब्राह्मणों को सर्वोच्च कार्य सौंपा था और वह है धर्म का कार्य। ब्राह्मणों को समाज के मार्गदर्शन के लिए भी बनाया गया था। ऐसे में अगर हम ब्राह्मणों से नफरत करते हैं तो वह भगवान ब्रह्मा का अपमान है। निर्णय आपका है।

## 12 राज्यों में ....

अपनी तकनीकी जानकारी का उपयोग करके फेक आईडी और वीपीएन का इस्तेमाल कर रही थी। अहमदाबाद प्लेन क्रैश के बाद भी जोशिल्दा ने बीजे मेडिकल कॉलेज को धमकी भरा मेल भेजा था। हालांकि, उसकी एक चूक ने पुलिस को उसके घर तक पहुंचने का रास्ता दे दिया। जोशिल्दा ने नरेंद्र मोदी स्टेडियम को 13, जेनेवा लिब्रल स्कूल को 4, दिव्य ज्योति स्कूल को 3 और बीजे मेडिकल कॉलेज को बम ब्लास्ट की धमकी वाला 1 ईमेल भेजा था। स्कूल की शिकायत पर 3 जून 2025 को सरखेज पुलिस थाने में ईमेल भेजने वाले के खिलाफ शिकायत दर्ज हुई और साइबर पुलिस उसकी खोज में लग गई। रेने जोशिल्दा एक रोबॉटिक्स इंजीनियर है और उसने अपनी तकनीकी जानकारी की मदद से दिविज को फंसाने का प्लान बनाया था। अहमदाबाद पुलिस ने जोशिल्दा को उसके चेन्नई स्थित घर से गिरफ्तार कर लिया है।

## शिवपुरी-श्योपुर में ....

जलस्रोतों पर पर्यटकों और स्थानीय लोगों के प्रवेश पर रोक लगा दी है। कलेक्टर ने कहा कि पिछले साल भी बारिश के दौरान जलप्रपातों पर हादसे हो चुके हैं। उधर, श्योपुर में भारी बारिश ने सीप नदी को उफान पर ला दिया है। मंगलवार को मानपुर और ढोढर के बीच की पुलिया पर पानी भर जाने से आवागमन पूरी तरह बंद कर दिया गया। पुलिस ने बैरिकेड्स लगाकर लोगों को रोक दिया है।

## आज से बढ़ेगी...

से 11 डिग्री कम है। यहां पारा 1.5 डिग्री गिरकर 27.5 डिग्री रहा। सबसे कम तापमान पचमढ़ी में 23.2 और बैतूल में 26.5 डिग्री रहा। भोपाल में एक डिग्री बढ़कर 30 डिग्री रहा। यह सामान्य से 5 डिग्री कम है। प्रदेश में औसत अधिकतम पारा 29 डिग्री रहा।मौसम केंद्र के अनुसार बुधवार को शाजापुर, बालाघाट, अशोकनगर, शिवपुरी, पांढुर्णा, राजगढ़, सीहोर आदि जिलों में भारी बारिश होगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार बुधवार से बंगाल की खाड़ी में नया सिस्टम बन रहा है, जिससे गुरुवार- शुक्रवार से भोपाल में भी तेज बारिश हो सकती है।

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन

**हरिभूमि क्लासीफाइड**

संपर्क सूत्र : 9407279644

**आवश्यकता**

आकर्षक ऑफर, पैन पेंसिल कंपनी में घर बैठे काम करके शिक्षित, बेरोजगार, लड़के - लड़कियां, महिलाऐ - पुरुष पैकिंग (24500 से 62500) महीना कमाऐ, फन्ड + बोनस-8929595380

R-24 to 27-06-2025

**नाम परिवर्तन**

मैं उमेश कुमार पुत्र श्री जमुना राम निवासी मकान नंबर सी-44, ईदगाह हिल्स भोपाल मेरे शैक्षणिक दस्तावेज तथा सर्विस बुक में मेरा नाम उमेश अंकित है यह कि मेरे व मेरे परिवार के सदस्यों के समस्त शासकीय दस्तावेजो में मेरा नाम उमेश कुमार अंकित व दर्ज है जो कि सही एवं सत्य है यह कि उक्त दोनों ही नाम अर्थात उमेश कुमार एवं उमेश मेरे ही अर्थात एक ही व्यक्ति के नाम है तथा इन नामों से पहचाने जाने वाला मैं एक ही व्यक्ति हूँ इस लिए उपनाम कुमार जुड़वाना चाहता हूं तथा भविष्य में मुझे उमेश कुमार के नाम से जाना एवं पहचाना जाये।

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक

लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।

घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।

09083218330

R- 23/06/25 to 18/08/25 not 22,29/06/25= 06,10,13,20,27/07/25 =03,09,10,15,16,17,18/08/25

**हरिभूमि**

रनिंग क्लासीफाइड उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना आम/कोर्ट नोटिस

**हरिभूमि भोपाल बाजार** — विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

**गाँधी पी.आर. महाविद्यालय**

(अल्पसंख्यक संस्थान) ऑन लाईन प्रकिया से मुक्त बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय से संबद्ध

*DIRECT ADMISSION — Admission Procedure According to MP Higher Education Guideline 2022-23

UG COURSE: B.A., BCA, BBA, B.P.E.S., B.Sc., B.Lib B.Com (Economics/Computer/Hon's)

PG COURSE: M.A : Hindi, English. Maths, Economics History, Political Science, Sociology & Social Work; M.Sc : Zoology, Botany, Chemistry, Physics, Computer Science, Microbiology & Biotechnology; M.Com : Accounts & Management; B.Ed. : Bachelor of Education (Online Counselling)

DIPLOMA COURSE: P.G.D.Y.S : PG Diploma In Yogic Science; P.G.D.C.A. : PG Diploma in Computer Appcation; D.El.Ed. : Diploma in Elementary Education

www.gandhiprcollege.com, principal@gandhiprcollege.com

Mob. 9827208070, 9425346230, 9893194695, 9981291288, 7828186626

डी-1, दानिश नगर, होशंगाबाद रोड, आशिमा मॉल के पास, भोपाल

**प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर**

साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई

डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड

आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल

मो. 7772079910

**Medical Help Line**

विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद

**सफेद दाग गारंटेड इलाज**

Timing 10:30 am to 8:00 pm

Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC

कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409

5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

## राशिफल

**मेष:** रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष:** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन:** तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी ।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**कर्क:** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह:** कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**कन्या:** परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला:** धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक:** भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।


**धनु:** कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर:** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ:** तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

**मीन:** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता रहेगी।

## शब्द पहेली - 5908




**बाएँ से दाए-**

1.सफल,उत्तीर्ण-4
5.ओस,रजनीजल-4
7.फरार होना,चंपत होना, पलायन करना-5
9.महीना,मास-2
10.साल का बारहवां भाग-2
13.पुचकारना-4
15.विष्णु,चक्रधारी-4
17.निरुत्तर होना-5
18.अपनत्व-5
20.असम के इस शहर को बादलों का घर कहा जाता हैं-4
23.निकृष्ट,अल्पतर-4
26.अंधकार-2
27.बुरा आदत-2
29.रसायन संबंधी-5
31.ब्राम्हण,सम्राट-4
32.गजानन,गणपति-4

**ऊपर से नीचे**

2.मां,आई,मदर-2
3.बारिश का गिरना-4
4.निर्माता,रचयिता-5
5.लज्जाना -4
6.मुलायम-2
8.उम्मीद-2
9.हार,जयमाल-2
11.हरे रंग का-2
12.वचन,प्रतिज्ञा-2
14.हैंडलूम, इस यंत्र पर धागों से बुनाई होती है-5
16.जनेऊ,उपनयन संस्कार-5
19.विलेन,नायक का विलोम-5
20.बादल-2
21.बुरी आदत-2
22.यम,मृत्यु का देवता-4
23.पानी के बहने की आवाज-2,2
24.वोट,अभिमत-2
28.इस जगह-2
30.कारावास,बंधन-2

**शब्द पहेली -5907 का हल**



## सूडोकु नवताल- 5918

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5917 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

**अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी का दावा**

# अंतरिक्ष से दिखने लगा भारत में बन रहा दुनिया का सबसे बड़ा अक्षय ऊर्जा मार्ग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी मंगलवार को सालाना आम बैठक के दौरान एक बड़ी घोषणा की।



उन्होंने बताया कि अडाणी ग्रीन एनर्जी भारत के खावड़ा में दुनिया का सबसे बड़ा रिन्यूएबल एनर्जी पार्क बना रही है। यह प्रोजेक्ट इतना बड़ा है कि इसे अंतरिक्ष से भी देखा जा सकेगा। चेयरमैन गौतम अडाणी ने कहा कि 2030 तक 100 गिगावॉट का लक्ष्य रखा गया है।

वहीं अडानी ने इस दौरान मिडिल ईस्ट में चल रहे तनाव का जिक्र करते हुए कहा कि मौजूदा वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत आज बिल्कुल शांति के साथ अलग खड़ा है। उद्योगपति गौतम अडाणी ने कहा कि जब हौसला हो तो फिर फासला क्या है। उन्होंने एक प्रचलित मुहावरा सुनाते हुए कहा कि लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती। पाकिस्तान के खिलाफ पहलगाम की घटना के बाद भारतीय सेना की तरफ से चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए उन्होंने भारतीय जवानों की भी तारीफ की है।



### एक पल में इतने सारे सपने खामोश हो गए

अडाणी ने कहाकि एयर इंडिया फ्लाइट 171 की दुखद दुर्घटना में मारे गए लोगों के लिए शोक में भी सिर झुकाते हैं। एक पल में इतने सारे सपने खामोश हो गए। इतने सारे परिवार हमेशा के लिए बदल गए। इसलिए हम अपनी कृतज्ञता और अपने दुख दोनों को याद दिलाते हैं कि वास्तव में क्या मायने रखता है। पिछले साल अमेरिकी न्याय विभाग और एसीसी ने अडानी ग्रीन एनर्जी से संबंधित आरोप हम पर लगाए थे। अडाणी समूह के किसी भी व्यक्ति पर एफसीपीए का उल्लंघन करने या न्याय में बाधा डालने की साजिश रचने का आरोप नहीं लगाया गया है।

### ऑपरेशन सिंदूर में अडाणी समूह के बनाए ड्रोन्स ने निभाई भूमिका

*अडाणी समूह के प्रमुख गौतम अदाणी ने दावा किया कि उनके समूह की ओर से बनाए गए ड्रोन और ड्रोन रोधी प्रणालियों ने ऑपरेशन सिंदूर में अग्रणी भूमिका निभाई थी। ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सशस्त्र बलों की ओर से पहलगाम में हुए क्रूर आतंकवादी हमले जवाब में शुरू किया गया था। यह एक सटीक आतंकवाद रोधी हमला था। ऑपरेशन सिंदूर ने आह्वान किया और हमने उसे पूरा किया।*

## मंडियों में मूंग खरीदी के लिए सक्रिय हुए व्यापारी

# मूंग उपार्जन घोषणा से 1000 बढ़े मूंग के भाव में आई फिर 500 रुपए की गिरावट

### *भोपाल जिले में अभी तक 550 से अधिक किसानों का पंजीयन*

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश सहित राजधानी भोपाल में मूंग की खरीदी शुरू होने से पहले मंडियों में व्यापारियों की सक्रियता बढ़ गई है। मूंग के भाव में उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। घोषणा के बाद कुछ समय के लिए मूंग के भाव में 1000 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि हुई थी, लेकिन बाद में 500 रुपए की गिरावट आई है। यह उतार-चढ़ाव बाजार की स्थितियों और अन्य कारकों पर निर्भर करता है। अधिकारिक जानकारी के अनुसार 19 जून से पंजीयन शुरू है जो 5 जुलाई तक जारी रहेगा। भोपाल जिले में अभी तक 550 से अधिक किसानों ने अपना पंजीयन पोर्टल पर दर्ज कराया है।

स्थानीय करोंद मंडी स्थित अनाज व्यापारी और भोपाल ग्रेन मर्चेंट एंड ऑयल सीड्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हरीश ज्ञानचंदानी और प्रवक्ता संजीव जैन और अनाज, दलहन- तिलहन व्यापारी संघ सिरोंज मंडी के अध्यक्ष समीर भार्गव ने बताया कि मूंग की सरकारी खरीदी 7 जुलाई से शुरू होंगे की संभावना है। फिलहाल मूंग उत्पादक किसानों का रजिस्ट्रेशन चल रहा है जो 5 जुलाई तक जारी रहेगा। वहीं मंडियों बढ़ी हुई आवक, सरकारी नीतियां के चलते फिलहाल मूंग के बढ़े भाव में गिरावट दर्ज हुई है।



### मूंग का न्यूनतम समर्थन मूल्य 8682 रूपए प्रति क्विंटल

*अनाज कारोबारी समीर भार्गव के अनुसार सरकार ने एमएसपी भाव 8682 रूपए प्रति क्विंटल पर मूंग की खरीदी की घोषणा जरूर की है, लेकिन वास्तविक खरीदी सीमित मात्रा में ही हो रही है, जबकि केंद्रीय पूल से मूंग की बिकवाली जारी है। आगामी दिनों में मूंग की आवक बढ़ने की उम्मीद है, जिससे भावों में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है। कुल मिलाकर, मूंग और मसूर दोनों में इस समय संतुलित मांग और स्थिर भावों की स्थिति दिख रही है, जहां बड़ी तेजी या गिरावट के संकेत फिलहाल नहीं हैं।*

### 21 लाख टन मूंग उत्पादन का अनुमान

मध्यप्रदेश के 36 जिलों में मूंग की बुवाई होती है, जिसका अनुमानित रकबा लगभग 14.35 लाख हेक्टेयर है और इससे 21 लाख टन मूंग उत्पादन की संभावना है। वहीं उड़द की खेती राज्य के 13 जिलों में की जाती है, जिसका कुल रकबा करीब 0.95 लाख हेक्टेयर और अनुमानित उत्पादन 1.24 लाख टन है।

### निजी व्यापारी मूंग खरीदी में सक्रिय

सरकारी खरीदी की घोषणा होते ही निजी व्यापारी भी मूंग खरीदी में सक्रिय हो गए हैं, जिससे मूंग के दाम 7,000 से 7,500 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंच गए। जबकि कुछ दिन पहले तक किसान 6,000से 6500 रुपए प्रति क्विंटल से भी कम रेट पर मूंग बेचने को मजबूर हैं। आरोप हैं कि कई व्यापारी किसानों के नाम पर पंजीकरण करवा लेते हैं और सस्ते में मूंग खरीदकर एमएसपी पर बेचकर मुनाफा कमाते हैं। इसके अलावा मूंग में मिट्टी आदि की मिलावट कर सरकारी खरीदी एजेंसियों को नुकसान पहुंचाते हैं। पिछले साल भी ऐसी ही गड़बड़ियां सामने आई थीं, जिससे सरकार को भारी नुकसान उठाना पड़ा था।

### केंद्र ने मप्र में मूंग और उड़द खरीदी के प्रस्ताव लगाई मुहर

*केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को मध्यप्रदेश में मूंग और उड़द की खरीदी के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। साथ ही उन्होंने खरीद से जुड़ी व्यवस्थाओं को लेकर राज्य के कृषि मंत्रियों के साथ बातचीत की और नेफेड, एनसीसीएफ और राज्य के संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।*

## बिजनेस न्यूज

### एयरटेल ने की ऑनलाइन धोखाधड़ी के खिलाफ सख्त कार्रवाई, 40 लाख यूजर्स को सुरक्षा प्रदान



भोपाल। टेलीकॉम कंपनी भारती एयरटेल ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में बढ़ती ऑनलाइन धोखाधड़ी के ख़िलाफ उल्लेखनीय प्रगति की घोषणा की है। देशभर में एआई-आधारित फ्रॉड डिटेक्शन सिस्टम के लांच के तहत एयरटेल ने मध्य प्रदेश में मात्र 41 दिनों के भीतर 40 लाख से अधिक यूजर्स को सफलतापूर्वक ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाया है। मध्य प्रदेश में ए साई मनोहर (आईपीएस), एडीजीपी, राज्य साइबर मुख्यालय, भोपाल (एमपी), यूसुफ कुरैशी (आईपीएस), डीआईजी, प्रणय नागवंशी, एसपी और सारिका शुक्ला, एआईजी एडमिन, राज्य साइबर मुख्यालय, भोपाल ने ऑनलाइन धोखाधड़ी से निपटने और राज्य के डिजिटल सुरक्षा पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के संयुक्त प्रयासों पर चर्चा करने के लिए भारती एयरटेल के मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के सीईओ रितेश अग्रवाल से मुलाकात की। कंपनी के अनुसार यह अत्याधुनिक सुरक्षा प्रणाली सभी एयरटेल मोबाइल और ब्रॉडबैंड ग्राहकों के लिए ऑटोमैटिक रूप से एक्टिवेट होती है। यह एसएमएस, व्हाट्सऐप, टेलीग्राम, फेसबुक, इंस्टाग्राम, ईमेल और अन्य ब्राउज़र्स पर भेजे गए लिंक को स्कैन और फ़िल्टर करती है। यह तकनीक रियल टाइम थ्रेट इंटेलिजेंस का इस्तेमाल करती है और रोजाना 1 अरब से ज़्यादा यूआरएल का विश्लेषण करती है। किसी भी खतरनाक साइट पर पहुंचने से पहले यह सिस्टम महज 100 मिलीसेकंड में उसे ब्लॉक कर देता है।

### पूर्व तट रेलवे ने सतर्कता के लिए तीन रेलवे कर्मचारियों को किया सम्मानित



भुवनेश्वर। ड्यूटी पर उत्कृष्ट समर्पण और सतर्कता को मान्यता देते हुए, पूर्व तट रेलवे (ईसीओआर) के महाप्रबंधकपरमेश्वर फुंकवाल ने ड्यूटी के दौरान अनुकरणीय सेवा प्रदर्शन और सतर्कता के लिए तीन रेलवे कर्मचारियों को सम्मानित किया। सम्मानित रेलवे कर्मचारियों में लक्ष्मीपुर के स्टेशन प्रबंधक उत्तम कुमार, सिम्हाचलम उत्तर के वरिष्ठ मालगाड़ी प्रबंधक पोडिलापु गौरी शंकर और रहमा के ट्रैक मेंटेनर-III मनोज कुमार हंसदा शामिल हैं, जिनकी त्वरित सोच और सक्रिय कार्यों के लिए सराहना की गई, जिससे उनकी देखरेख में ट्रेनों का सुचारू और सुरक्षित परिचालन सुनिश्चित हुआ। नियमित ड्यूटी के दौरान उनकी सतर्क प्रतिक्रिया ने न केवल संभावित परिचालन व्यवधानों को रोका, बल्कि सुरक्षा के उच्च मानकों को भी सुदृढ़ किया। फुंकवाल ने क्षेत्र में काम करने वाले रेलवे कर्मियों की प्रतिबद्धता और उनकी महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहाकि हमारे फ्रंटलाइन कर्मचारी जिसमें ट्रैक मेंटेनर, लोको पायलट, तकनीशियन और स्टेशन प्रबंधक शामिल हैं हमारे दैनिक संचालन की रीढ़ हैं। उनकी सतर्कता और समर्पण ही हमारे नेटवर्क को कुशलतापूर्वक और सुरक्षित रूप से चालू रखता है। पूर्व तट रेलवे सुरक्षा और परिचालन उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा देना जारी रखता है, तथा जनता की सेवा में अपनी क्षमता से अधिक योगदान देने वाले व्यक्तियों को मान्यता देता है।

### थिंक गैस ने त्वरित कार्रवाई कर गैस आपूर्ति बहाल की

भोपाल। कचरा सफाई कार्य के दौरान महिंद्रा ग्रीनवुड सोसायटी में एमडीपीई गैसीफाइड पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी जिसे थिंक गैस की टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त लाइन को ठीक किया। कंपनी के अनुसार इस तरह के नुकसान से न केवल ग्राहकों को गैस की आपूर्ति बाधित होती है, बल्कि जान-माल को भी खतरा होता है। गैसीफाइड पाइपलाइन के पास उत्खनन से सख्ती से बचना चाहिए। किसी भी उत्खनन की सूचना थिंक गैस को दी जानी चाहिए।

### नीतू योशी का आईपीओ खुलेगा 27 जून को

*मुंबई। नीतू योशी लिमिटेड अपना प्रारंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव शुक्रवार 27 जून 2025 को खोलने जा रही है। इसका उद्देश्य 77.04 करोड़ रुपए जुटाना है। यह शेयर बीएसई एसएमई प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध किए जाएंगे। इस इश्यू का आकार 1,02,72,000 इक्विटी शेयर है, जिनका फेस वैल्यू 5 रुपए प्रति शेयर है और मूल्य बैंड 71 से 75 रुपए प्रति शेयर निर्धारित किया गया है।*

### रामा टेलीकॉम का आईपीओ आज खुलेगा

*मुंबई। रामा टेलीकॉम लिमिटेड अपना प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ ) बुधवार 25 जून 2025 को लांच कर रही है। कंपनी का लक्ष्य 25.13 करोड़ रुपए जुटाना है, और इसके शेयर एनएसई एमर्जी प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध किए जाएंगे। यह इश्यू 10 रुपए के फेस वैल्यू वाले कुल 36,96,000 इक्विटी शेयरों का है।*

**न्यायालय तहसीलदार बीना, तहसील बीना जिला-सागर (म.प्र.)**

**आम-इश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय कलेक्टर महोदय सागर के राजस्व प्रकरण क्रमांक-0004 / अ-20 (5) / 2025-26 की आदेश पत्रिका दिनांक 12/06/2025 के अनुसार नगर पालिका परिषद् बीना द्वारा ग्राम इटावा प.ह.नं.-51 तहसील बीना स्थित शासकीय भूमि ख.नं.-171/2 रकवा-2.4280 हे. में से रकवा 0.025 हे. भूमि टंकी निर्माण हेतु भूमि आवंटित किये जाने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण न्यायालय अ.वि.अ. महोदय बीना प्र.क्र. 0001/अ-20(5)/2025-26 में आदेश पत्रिका दिनांक 18/06/2025 के अनुसार इस न्यायालय को जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। इस बाबत् कार्यवाही इस न्यायालय द्वारा की जा रही है। उक्त शासकीय भूमि के आवंटन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से सुनबाई दिनांक 07 /07/2025 को या इसके पूर्व न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

जारी दिनांक:- 20/06/25
पेशी दिनांक:- 7/7/25

**तहसीलदार**
**बीना जिला-सागर( म.प्र.)**

**कार्यालय आयुक्त, नगर पालिक निगम, ग्वालियर**

क्रमांक/17/2025/2/10/ज.स. ग्वालियर, दिनांक- 21.06.2025
जनसंपर्क RO क्रमांक 423 दिनांक : 23-06-2025

**निविदा विज्ञप्ति**

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | टेण्डर की अंतिम तिथि | निविदा प्रपत्र मूल्य एवं ई.एम.डी. | राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_432169_1 | 07.07.2025 | 15000/-, 1,00,000/- | 2,00,00,000/- |

1. इच्छुक टेण्डरदाता वेबसाइट http://gmc.mptenders.gov.in पर एन.आई.टी. देख सकते हैं।
2. एनआईटी में संशोधन, यदि कोई होता है तो केवल वेबसाइट पर प्रकाशित किया जावेगा और समाचार पत्र में नहीं है।

जनसम्पर्क अधिकारी, नगर निगम, ग्वालियर

**कार्यालय, प्राचार्य शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, भैरुंदा (नसरुल्लागंज), जिला-सीहोर (म.प्र.)**

OFFICE OF PRINCIPAL, GOVERNMENT POLYTECHNIC, BHAIRUNDA (NASRULLAGANJ), DISTT-SHOR (M.P.)
सेमलपानी रोड आईटीआई के पास 466331
SEMALPANI ROAD, NEAR ITI 466331
E-Mail - prinpoly.nasseh@mp.gov.in
Website:- https://polygovtbhairunda.in

**प्रेस नोट**

**शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज भैरुंदा में कॉलेज लेवल काउंसलिंग प्रारंभ**

शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज भैरुंदा (नसरुल्लागंज) में संचालित तीन वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रमों कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग एवं टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी ब्रांच में द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया के उपरांत शेष रहे रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए संस्था स्तर पर कॉलेज लेवल काउंसलिंग हेतु ऑनलाइन पंजीयन 18 जून से प्रारंभ हो गए हैं। दसवीं कक्षा उत्तीर्ण इच्छुक विद्यार्थियों को पंजीयन के उपरांत प्रवेश का पहला अवसर 2 जुलाई 2025 को दिया जायेगा। इसके बाद रिक्त स्थान भरने तक प्रत्येक सप्ताह सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को संस्था स्तर पर काउंसलिंग की जायेगी। तकनीकी शिक्षा विभाग भोपाल द्वारा काउंसलिंग की अंतिम तिथि 14 अगस्त 2025 तय की गई है। प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी काउंसलिंग के माध्यम से संस्था में उपस्थित होकर प्रवेश प्रक्रिया में सम्मिलित होकर प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं।

**प्रशासनिक प्रभारी**
**शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय भैरुंदा (नसरुल्लागंज)**

जी - 14732/25 स्वच्छता ही सेवा है।

स्थानीय सराफा बाजार में चांदी 1 लाख 5500 रुपए किलो ग्राम

# ईरान-इजराइल युद्धविराम की उम्मीद का असर चांदी में आई गिरावट, सुरक्षित निवेश, मांग बढ़ी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

युद्ध समझौते के बाद चांदी के भाव में गिरावट आई है। बीते सप्ताह वायदा बाजार में 1 लाख 10 हजार रुपए किलो पहुंची चांदी मंगलवार को एमसीएक्स पर 1.16 फीसदी गिरकर 1,05,523 प्रति किलोग्राम हो गई। यह गिरावट इजरायल-ईरान युद्धविराम के कारण बताई जा रही है, जिसके कारण सोने और चांदी की कीमतों में कमी आई है। सराफा कारोबारी नवनीत अग्रवाल के अनुसार स्थानीय सराफा बाजार में मंगलवार को चांदी के भाव 1 लाख 5500 रुपए किलो ग्राम बोली गई। जबकि सोना 1 लाख 500 रुपए प्रति दस ग्राम रहा। अग्रवाल ने बताया कि मौलिक रूप से चांदी संरचनात्मक आपूर्ति घाटे से प्रभावित है, जो अब 2025 में अपने लगातार पांचवें वर्ष तक जारी रहने का अनुमान है। वैश्विक कमी 117.6 मिलियन ट्रॉय औंस तक कम होने की उम्मीद है।

# टाटा मोटर्स ने लांच किया एस प्रो 4-व्हील मिनी ट्रक, 3.99 लाख से शुरू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टाटा मोटर्स ने ऑल-न्यू टाटा ऐस प्रो को लांच कर कार्गो मोबिलिटी के क्षेत्र में नई उपलब्धि हासिल की है। इस लांच के साथ कंपनी ने छोटे कार्गो परिवहन में एक नए युग का आगाज किया है। केवल 3.99 लाख की शुरुआती कीमत के साथ, टाटा ऐस प्रो भारत का सबसे किफायती फोर-व्हील मिनी ट्रक है, जो असाधारण दक्षता, शानदार लचीलापन और उत्कृष्ट मूल्य प्रदान करता है।

नए उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया, टाटा ऐस प्रो पेट्रोल, बाय-फ्यूल (सीएनजी + पेट्रोल), और इलेक्ट्रिक वैरिएंट्स में उपलब्ध है। यह ग्राहकों को उनकी व्यावसायिक आवश्यकताओं के लिए आदर्श समाधान चुनने की सुविधा देता है। टाटा मोटर्स के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर गिरीश वाघ ने कहाकि टाटा ऐस के लांच ने भारत में कार्गो परिवहन में तहलका मचा दिया था। पिछले 20 सालों में, यह 25 लाख से ज्यादा उद्यमियों को सशक्त बनाकर प्रगति और अवसरों का प्रतीक बन गया है।

**क्रमांक 2715001/2014/ई.डी.पी./ई-टेंडरिंग/406/1554**
**कार्यालय प्रमुख अभियंता**
**जल संसाधन विभाग, जल संसाधन भवन, तुलसी नगर, भोपाल**
**ई मेल** -mpwrdetenders@gmail.com, edpcell.encwrd.bpl@mp.gov.in
**फोन** - 0755-2553402 **फैक्स**- 0755-2552406

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

निविदा सूचना क्रमांक 608/2715001/ई.डी.पी./2021-22/प्र.अ./ई-टेंडरिंग भोपाल, दिनांक 23/06/2025

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र वेबसाइट पर दिनांक 11-07-2025 को 17:30 बजे तक क्रय / डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते है।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

| स.क्र. | निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | जिला | राशि रू.लाख में |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_WRD_ 374140 | कोलार अतिथि भवन, भोपाल के सिविल, इलेक्ट्रीकल एवं विविध कार्य। | भोपाल | 3.53 |
| 2 | 2025_WRD_ 374141 | कोलार अतिथि भवन, भोपाल में हाउसहोल्ड हेतु मेनपावर. का कार्य। | भोपाल | 18.12 |
| 3 | 2025_WRD_ 412148 | वाहन क्रं. एम.पी. 02 ए.वी. 4062 (मांजा) का सुधार कार्य। | भोपाल | 0.63 |
| 4 | 2025_WRD_ 412157 | वाहन क्रं. एम.पी. 02 ए.वी. 5496 (बोलेरो) का सुधार कार्य। | भोपाल | 0.55 |
| 5 | 2025_WRD_ 420480 | संजय सागर बाँध, के रेडियल गेट ऑपरेटिंग पैनल से मेन सप्लाई पैनल तक केबल ट्रे में केबल फिटिंग का कार्य। | भोपाल | 3.86 |
| 6 | 2025_WRD_ 420482 | सगड़ बाँध, के केबल ट्रे ओर एलटी स्विचगियर पैनल की आपूर्ति का कार्य। | भोपाल | 4.82 |
| 7 | 2025_WRD_ 420483 | सगड़ मध्यम परियोजना, के 12 नग रेडियल गेट्स और 04 नग स्लूस गेट का मानसून पूर्व रखरखाव का कार्य। | भोपाल | 5.47 |
| 8 | 2025_WRD_ 420488 | कुशालपुरा बाँध मध्यम परियोजना (ब्यावरा), के 07 नग रेडियल गेट एवं 02 नग हेड स्लूस गेट कपल्ड हेड स्टॉक सेट का मानसून पूर्व वार्षिक मरम्मत रखरखाव कार्य। | भोपाल | 5.71 |
| 9 | 2025_WRD_ 420489 | कलियासोत मध्यम परियोजना, भोपाल के 13 नग वेस्ट वियर रेडियल गेटों की रबर सीलों का बदलने का कार्य। | भोपाल | 4.94 |
| 10 | 2025_WRD_ 422297 | खरगोन संभाग के 07 तांलाबों के 13 नग जलद्वारों का सुधार एवं रखरखाव का कार्य। | भोपाल | 1.83 |
| 11 | 2025_WRD_ 424178 | बिलगांव केनाल एवं उपसंभाग बिलगांव शीर्ष कार्य का वर्षा पूर्व टेंकों का स्लूस गेटों मरम्मत एवं रखरखाव कार्य। | नरसिंहपुर | 2.76 |
| 12 | 2025_WRD_424179 | वर्षा पूर्व उपसंभाग समनापुर के माईनर टेंकों के स्लूस गेटों के मरम्मत एवं रखरखाव कार्य। | नरसिंहपुर | 1.79 |
| 13 | 2025_WRD 424180 | वर्षा पूर्व उपसंभाग धोबाटोरिया के लघु / मध्यम जलाशयों के स्लूस गेटों के सुधार एवं मरम्मत कार्य। | नरसिंहपुर | 2.21 |
| 14 | 2025_WRD_ 424182 | मटियारी बांध के रेडियल गेटों के सुधार एवं मरम्मत कार्य। | नरसिंहपुर | 2.52 |
| 15 | 2025_WRD_ 424183 | उपसंभाग निवास के लघु/मध्यम जलाशयों के स्लूस गेटों के सुधार एवं मरम्मत कार्य। | नरसिंहपुर | 3.37 |
| 16 | 2025_WRD_ 424184 | संजय सरोवर परियोजना भीमगढ़ के 10 नं. रेडियल गेट का मरम्मत एवं रखरखाव कार्य। | नरसिंहपुर | 4.68 |
| 17 | 2025_WRD_ 424185 | बारसिवनी ब्रांच केनाल के कुड़वा के भंडार बोधी सी.एच. 1168 और गोंदीटोला सी.एच. 1197 के फुट ब्रिज का सुधार कार्य। | नरसिंहपुर | 2.00 |
| 18 | 2025_WRD_ 424186 | राजीव सागर परियोजना कुड़वा जिला बालाघाट के रेडियल गेट वषार्पूर्व मरम्मत एवं रखरखाव कार्य। | नरसिंहपुर | 1.98 |
| 19 | 2025_WRD_ 424283 | वर्षा पूर्व उपसंभाग डिंडौरी माइनर टेंको के स्लूस गेटों का मरम्मत एवं रखरखाव कार्य। | नरसिंहपुर | 3.43 |
| 20 | 2025_WRD_427641 | राजीव सागर परियोजना कुड़वा के आर.बी. सी. मेन स्लूस गेट का वषार्पूर्व मरम्मत एवं रखरखाव कार्य। | नरसिंहपुर | 5.78 |
| 21 | 2025_WRD_ 427642 | राजीव सागर परियोजना कुड़वा के एल.बी. सी. मेन स्लूस गेट का वषार्पूर्व मरम्मत एवं रखरखाव कार्य। | नरसिंहपुर | 4.59 |
| 22 | 2025_WRD_ 427643 | थॉवर बांध बीजेगांव पर 5 नग रेडियल गेटों वायर रोप बदलीकरण का कार्य। | नरसिंहपुर | 17.91 |
| 23 | 2025_WRD_ 428748 | हनुमान बाँध, मामा का टैंक, पी.एस. केनाल और पेसारी बाँध के गेटों का आईलिंग एवं ग्रीसिंग का कार्य। | ग्वालियर | 1.12 |
| 24 | 2025_WRD_ 428749 | ला. मा. वि./यां उपसंभाग ग्वालियर के टेंक के गेटों का आईलिंग एवं ग्रीसिंग का कार्य। | ग्वालियर | 1.68 |
| 25 | 2025_WRD_ 428828 | अटल सागर (मडीखेड़ा बांध) हेतु सशस्त्र गार्ड/गेज रीडर एवं सफाई कर्मचारी का प्रदाय। | शिवपुरी | 15.84 |
| 26 | 2025_WRD_ 428899 | अधीक्षण अभियंता, जल संसाधन वृत्त, भोपाल के कार्यालय में डेजर्ट कूलर का सुधार एवं मरम्मत का कार्य। | भोपाल | 1.25 |
| 27 | 2025_WRD_ 428900 | कोलार बॉध, के पैरापेट रेलिंग, बूम बैरियर की मरम्मत एवं सुरक्षा केबल स्थापना का कार्य। | भोपाल | 12.64 |
| 28 | 2025_WRD_ 428901 | कोलार बाँध पर के होइस्ट ब्रिज एवं फेंसिंग का मरम्मत का कार्य। | भोपाल | 16.46 |
| 29 | 2025_WRD_ 428902 | कोलार परियोजना के आर.बी.सी. एवं एल.बी.सी. के सी.आर. एवं एच. आर. नहर गेट्स की ऑयलिंग, ग्रीसिंग कार्य। | भोपाल | 1.79 |
| 30 | 2025_WRD_ 428903 | रेहटी बाँध के 07 नग वर्टीकल गेटों की रबर सील बदलने का कार्य। | भोपाल | 2.41 |
| 31 | 2025_WRD_ 428904 | हलाली डेम के एलबीएमसी के 04 नग वर्टिकल लिफ्ट गेट की क्षतिग्रस्त स्टील वायर रोप बदलने एवं हेड स्लूस केनाल गेट की गियर मैकेनिज्म सिस्टम, संचालित पुली का रखरखाव कार्य। | भोपाल | 4.15 |
| 32 | 2025_WRD_ 428906 | सम्राट अशोक सागर परियोजना (हलाली बाँध), के 01 नग 100 केवीए डी.टी.आर. संस्थापन का कार्य। | भोपाल | 12.54 |
| 33 | 2025_WRD_ 428907 | सम्राट अशोक सागर बांध परियोजना (हलाली बाँध), के वर्टिकल लिफ्ट गेटों और अन्य मशीनरी का मानसून पूर्व मरम्मत और रखरखाव कार्य। | भोपाल | 1.33 |
| 34 | 2025_WRD_ 428909 | छज्जू बरखेड़ा टैंक के पेडेस्टल पुल और उसके भागों की पेंटिंग का कार्य। | भोपाल | 8.38 |
| 35 | 2025_WRD_ 428911 | रामपुर बाँध के आर.डी. मीटर 1410 एल से आर.डी. मीटर 22128 एल तक 40 नग केनाल स्लूस गेटों की मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य। | भोपाल | 8.30 |
| 36 | 2025_WRD_ 428912 | राघौगढ़ संभाग के लघु तालाबों एवं संजय सागर मध्यम परियोजना के 38 नग स्लूस गेटों की वार्षिक मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य। | भोपाल | 4.79 |
| 37 | 2025_WRD_ 428913 | राजीव सागर बाँध, के 23 नग ऑटोमेटिक टिल्टिंग गेट्स की रबर सील बदलने एवं फेब्रिकेशन व पेंटिंग एवं कार्य। | भोपाल | 11.65 |
| 38 | 2025_WRD_ 428914 | राघौगढ़ संभाग गोपी कृष्ण सागर बांध पर केपेसिटर बैंक पैनल उपलब्ध कराने एवं लगाने का कार्य। | भोपाल | 2.53 |
| 39 | 2025_WRD_ 428915 | गोपी कृष्ण सागर बाँध के रेडियल गेट्स, केनाल स्लूस गेट्स व विभिन्न वैद्युत सुधार एवं मरम्मत का कार्य। | भोपाल | 3.52 |
| 40 | 2025_WRD_ 428916 | छज्जू बरखेड़ा टैंक के 02 नग हेड स्लूस गेट्स एवं 23 नग फ्लड कण्ट्रोल गेट्स के सुधार एवं मरम्मत का कार्य। | भोपाल | 10.44 |
| 41 | 2025_WRD_ 428917 | घोघरा बाँध, फंकी टैंक और अमलापानी टैंक के स्लूस गेटों की मरम्मत का कार्य। | भोपाल | 4.08 |
| 42 | 2025_WRD_ 428918 | अपर पलकमाली, लोअर पलकमाली, हेड स्लूस गेट, सी.आर. और एस्केप गेट्स के सुधार एवं मरम्मत का कार्य। | भोपाल | 2.09 |
| 43 | 2025_WRD_ 428919 | बांकापुरा बाँध, राजगढ़ के फिक्स्ड व्हील वर्टिकल लिफ्ट गेटों की ऑयलिंग, ग्रीसिंग एवं मरम्मत का कार्य। | भोपाल | 12.80 |
| 44 | 2025_WRD_ 428921 | मुंडला बाँध, राजगढ़ के रेडियल हाईड्रोलिक होइस्ट गेटों की वार्षिक मरम्मत एवं रखरखाव कार्य। | भोपाल | 8.12 |
| 45 | 2025_WRD_429325 | राजगढ़ संभाग हेतु लेखन सामग्री एवं राजस्व आबियाना का कार्य। | राजगढ़ | 2.04 |
| 46 | 2025_WRD_ 429575 | थॉवर बांध परियोजना में स्थापित रेडियल गेटों के होइस्टिंग अरेंजमेंट, लोकल कंट्रोल पैनल का वषार्काल पूर्व मरम्मत कार्य। | नरसिंहपुर | 2.94 |
| 47 | 2025_WRD_ 429581 | कुसमाड़ तालाब का मरम्मत कार्य। | छतरपुर | 3.88 |
| 48 | 2025_WRD_429589 | भीकारखेडी तालाब की मुख्य नहर का मिटटी, पक्के कार्य एवं लाईनिंग का विशेष मरम्मत कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | खरगौन | 4.22 |
| 49 | 2025_WRD_ 429591 | डेहरी नं. 02 तालाब की नहर लाईनिंग का विशेष मरम्मत कार्य। | खरगौन | 4.24 |
| 50 | 2025_WRD_ 429760 | खारक तालाब की मुख्य नहर के एस्केप गेट एवं क्रास रेग्युलेटर गेटों का सुधार एवं रखरखाव कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | धार | 2.57 |
| 51 | 2025_WRD_ 429763 | आंवलिया मध्यम परियोजना के 06 नग रेडियल गेट एवं गेन्ट्री क्रेन के संचालन हेतु इलेक्ट्रिकल डिस्ट्रिब्यूशन पेनल व केबल स्थापना एवं संयोजन का कार्य। | धार | 8.60 |
| 52 | 2025_WRD_ 429914 | वि./ यां. भारी मशीनरी संभाग, बालाघाट हेतु वाहन किराये पर लेना। | बालाघाट | 3.42 |
| 53 | 2025_WRD_ 429941 | मुख्य अभियंता, वि/यां., (बांध सुरक्षा भवन) में लिफ्ट क्रमांक 01 के आपरेशन व रिपेयारिंग मेनटेनेन्स कार्य बावत। | भोपाल | 7.20 |
| 54 | 2025_WRD_ 430062 | 33/11 के.व्ही. सबस्टेशन से डेम साईट एवं कुड़वा कॉलोनी तक जा रही 11 के.व्ही. ट्रांसमिशन लाइन का वर्षा पूर्व मरम्मत एवं रखरखाव कार्य। | नरसिंहपुर | 5.62 |
| 55 | 2025_WRD_ 430063 | उपसंभाग मोहगांव टेंकों का स्लूस गेटों का वषार्पूर्व सुधार एवं मरम्मत कार्य। | नरसिंहपुर | 2.58 |
| 56 | 2025_WRD_ 430154 | कोलार अतिथि भवन, भोपाल में लाउन्ड्री का कार्य। | भोपाल | 2.38 |
| 57 | 2025_WRD_ 430155 | सरस्वती एवं कलियासोत कॉलोनी, भोपाल में सुरक्षा व्यवस्था का कार्य। | भोपाल | 17.26 |
| 58 | 2025_WRD_ 430156 | सीएमयू कॉलोनी, भोपाल में सुरक्षा व्यवस्था का कार्य। | भोपाल | 11.88 |
| 59 | 2025_WRD_ 430157 | नार्थ टीटी नगर कॉलोनी, भोपाल में सुरक्षा व्यवस्था का कार्य। | भोपाल | 5.94 |
| 60 | 2025_WRD_ 430158 | बांध सुरक्षा भवन, भोपाल में रखरखाव कार्य हेतु इलेक्ट्रीकल्स, हार्डवेयर, सेनेटरी एवं अन्य विविध मटेरियल के प्रदाय हेतु। | भोपाल | 3.60 |
| 61 | 2025_ WRD_ 430159 | कलियासोत एवं सरस्वती कॉलोनी में हाउसकीपिंग का कार्य। | भोपाल | 6.55 |
| 62 | 2025_WRD_ 430160 | बांध सुरक्षा भवन, भोपाल में हाउसकीपिंग का कार्य। | भोपाल | 13.82 |
| 63 | 2025_WRD_ 430161 | बांध सुरक्षा भवन, भोपाल में रखरखाव कार्य हेतु मेनपावर प्रदाय। | भोपाल | 17.02 |
| 64 | 2025_WRD_ 430202 | जेरा सिंचाई परियोजना के डूब क्षेत्र से प्रभावित 11 के.व्ही. विद्युत लाईन सुनहरा फीडर के प्रतिस्थापन एवं अन्य कार्य। | सागर | 5.28 |
| 65 | 2025_WRD_ 430203 | जेरा सिंचाई परियोजना के डूब क्षेत्र से प्रभावित 11 के.व्ही. विद्युत लाईन हनीपुर डी.एल. फीडर के प्रतिस्थापन एवं अन्य कार्य। | सागर | 16.09 |
| 66 | 2025_WRD_ 430204 | पठा सिंचाई जलाशय के डूब क्षेत्र से प्रभावित 11 के.व्ही. सहित एल. टी. विद्युत लाईन व डी.टी.आर. के प्रतिस्थापन एवं अन्य कार्य। | सागर | 16.90 |
| 67 | 2025_WRD_ 430344 | धुबेला तालाब अंतर्गत स्लूस कमरे का कार्य। | छतरपुर | 1.83 |
| 68 | 2025_WRD_ 430346 | बरियारपुर परियोजना अंतर्गत सरवई क्र. 1 संथा की लघु नहरों एवं वितरिका का मरम्मत कार्य। | छतरपुर | 4.20 |
| 69 | 2025_WRD_ 430704 | पिपलीनाका तालाब के डूब में आ रही एल.टी. विद्युत लाईन कि शिफ्टिंग व स्थापना का कार्य। | धार | 2.18 |
| | | | कुल योग | 422.62 |

जी- 14744/25 स्वच्छता ही सेवा है। **मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)**

आपातकाल

# 'लोकतंत्र' पर सबसे बड़ा हमला



आपातकाल
विष्णुदत्त शर्मा

**21 महीनों तक देश को लोकतंत्र से वंचित रखकर कांग्रेस के एक परिवार की सत्ता बनाए रखने के लिए संविधान का गला घोंटा गया। कांग्रेस ने आपातकाल लगाकर राष्ट्रवादी विचारधारा को कुचलने का कार्य किया। लोकतंत्र को बचाने के लिए लड़ने वालों को जेल में ठूंसा गया। लगभग 1 लाख 40 हजार लोगों को जेल में बंद किया गया और 22 कस्टोडियल डेथ हुईं। संविधान की आत्मा को कुचला गया। मीसा कानून में संशोधन कर प्राकृतिक न्याय की भावना का उल्लंघन किया गया।**

कांग्रेस का लोकतंत्र में विश्वास तब तक है जब तक वह सत्ता में है। जब वह सत्ता से बाहर होती दिखाई देती है, वह संविधान और लोकतंत्र की धज्जियाँ उड़ाने से नहीं चूकती। डॉ. राममनोहर लोहिया के ये शब्द 25 जून 1975 को उस समय सत्य सिद्ध हुए, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आज से 50 वर्ष पहले, 25 जून 1975 को देश पर आपातकाल थोप दिया। यह घटना भारतीय लोकतंत्र के इतिहास की सबसे दुखद और शर्मनाक घटनाओं में से एक है। यह केवल एक राजनीतिक निर्णय नहीं था, बल्कि यह भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सबसे बड़ा हमला था। आपातकाल लगाने का उद्देश्य नेहरू-गांधी परिवार का सत्ता पर वर्चस्व बनाए रखने की लालसा में संविधान को रौंदने का कुत्सित प्रयास था। यह वह समय था जब संविधान को ताक पर रखकर व्यक्तिगत सत्ता की रक्षा के लिए पूरे देश को एक तानाशाही शासन के अधीन कर दिया गया था। 1970 के दशक की शुरुआत में भारत गंभीर आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक संकटों से जूझ रहा था। बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और असंतोष के कारण सरकार के खिलाफ जनता में असंतोष बढ़ रहा था। इंदिरा गांधी की सत्ता को सबसे बड़ा झटका तब लगा जब इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 12 जून 1975 को उनके निर्वाचन को अवैध घोषित कर दिया और उन्हें छह वर्षों के लिए चुनाव लड़ने से अयोग्य ठहराया।

इस फैसले के बाद देश भर में इंदिरा गांधी के इस्तीफे की मांग तेज हो गई। जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में विपक्ष ने संपूर्ण क्रांति का नारा दिया। इन सबके बीच 25 जून 1975 की रात को राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने प्रधानमंत्री की सिफारिश पर देश में आपातकाल लागू कर दिया। इंदिरा गांधी ने कैबिनेट को विश्वास में नहीं लिया, आधी रात को राष्ट्रपति से चुपचाप आपातकाल लागू करवाया। कांग्रेस की संस्कृति रही है-परिवार पहले, संविधान बाद में।

'इंडिया इज इंदिरा' नारा कांग्रेस की लोकतंत्र विरोधी सोच का प्रतीक था। एक व्यक्ति, एक परिवार को देश से बड़ा समझना ही कांग्रेस की वैचारिक विकृति है। आपातकाल की घोषणा के साथ ही भारत की लोकतांत्रिक संस्थाएं रातों रात बंधक बना दी गईं। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, व्यक्तिगत स्वतंत्रता, और न्यायिक संरक्षण जैसे मौलिक अधिकार स्थगित कर दिए गए। मीडिया पर कठोर सेंसरशिप लागू कर दी गई। विरोध करने वाले हजारों नेताओं, कार्यकर्ताओं, पत्रकारों, साहित्यकारों को बिना मुकदमे के जेलों में ठूंस दिया गया। 'इंदिरा इज़ इंडिया और इंडिया इज़ इंदिरा' जैसे नारे लगाने वालों को पुरस्कृत किया गया, जबकि आलोचकों को देशद्रोही बताकर प्रताड़ित किया गया। आपातकाल के इस काले दौर में वामपंथियों ने इंदिरा गांधी का भरपूर समर्थन किया। इसके बदले में उन्हें प्रशासन और शिक्षा के क्षेत्र में ऊंचे पदों पर बिठाया गया। वे इतिहास, संस्कृति और पाठ्यक्रमों में अपने वैचारिक एजेंडे को लागू करने में सफल रहे। इससे देश की भावी पीढ़ी की सोच को प्रभावित करने की कोशिश की गई।



इंदिरा गांधी के पुत्र संजय गांधी ने जनसंख्या नियंत्रण के नाम पर जबरन नसबंदी का अभियान चलाया। लाखों गरीब पुरुषों को जबरदस्ती नसबंदी के लिए बाध्य किया गया। दिल्ली में तुर्कमान गेट जैसी घटनाओं में, जब लोगों ने इसका विरोध किया, तो गोली चलवा दी गई, जिसमें अनेक लोग मारे गए। इस दौरान हजारों झुग्गियाँ और बस्तियाँ उजाड़ दी गईं, जिससे लाखों लोग बेघर हो गए।

वर्ष 1985 में लोकसभा में राजीव गांधी ने कहा- 'आपातकाल में कुछ भी गलत नहीं था।' यह बयान बताता है कि कांग्रेस के डीएनए में लोकतंत्र के लिए कोई सम्मान नहीं, केवल परिवार और सत्ता से प्रेम है। 21 महीनों तक देश को लोकतंत्र से वंचित रखकर कांग्रेस के एक परिवार की सत्ता बनाए रखने के लिए संविधान का गला घोंटा गया। कांग्रेस ने आपातकाल लगाकर राष्ट्रवादी विचारधारा को कुचलने का कार्य किया। लोकतंत्र को बचाने के लिए लड़ने वालों को जेल में ठूंसा गया। लगभग 1 लाख 40 हजार लोगों को जेल में बंद किया गया और 22 कस्टोडियल डेथ हुईं। संविधान की आत्मा को कुचला गया। मीसा कानून में संशोधन कर प्राकृतिक न्याय की भावना का उल्लंघन किया गया।

कांग्रेस की प्रवृत्ति लोकतंत्र विरोधी रही है-जो विरोध करे, उसे समाप्त कर दो। नेताजी सुभाषचंद्र बोस को कांग्रेस अध्यक्ष रहते हुए इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया गया। सरदार वल्लभभाई पटेल जैसे लोकप्रिय नेता को प्रधानमंत्री नहीं बनने दिया गया। बाबा साहब अंबेडकर जैसे महापुरुष का कांग्रेस द्वारा निरंतर विरोध और अपमान किया गया। कांग्रेस ने संविधान में अब तक 75 बार संशोधन किए, कई संशोधन सत्ता को मजबूत करने हेतु थे। अनुच्छेद 356 का दुरुपयोग करते हुए 90 बार चुनी हुई राज्य सरकारों को बर्खास्त किया। 1973 में वरिष्ठता की परंपरा को तोड़ते हुए जस्टिस अजीतनाथ रे को चीफ जस्टिस नियुक्त किया गया- न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर सीधा प्रहार था। मीसा कानून के ज़रिए निर्दोष लोगों को कैद किया गया- क्या यही कांग्रेस का न्याय है? शाहबानो मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला पलटकर कांग्रेस ने करोड़ों मुस्लिम महिलाओं के अधिकार छीन लिए। राजीव गांधी ने वोट बैंक के लिए संविधान के साथ सौदा किया, यही कांग्रेस की असली सोच है। राहुल गांधी संसद में संविधान की प्रति लहराते हैं, लेकिन 2013 में उसी संसद के अध्यादेश को फाड़ कर संविधान की अवमानना करते हैं।

कांग्रेस संविधान बचाने की बात करती है, लेकिन इतिहास गवाह है कि वही कांग्रेस बार-बार संविधान को बेरहमी से कुचलती रही है। कांग्रेस के लिए लोकतंत्र सिर्फ एक दिखावा है - असली सत्ता नेहरू-गांधी परिवार के इर्द-गिर्द ही घूमती है। जहां कांग्रेस ने संविधान के अनुच्छेदों का उपयोग केवल सत्ता में बने रहने के लिए किया, वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार हर अनुच्छेद के महत्व को नागरिकों तक पहुंचाने की जागरूकता अभियान चला रही है। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने जो संविधान देश को दिया, उसे कांग्रेस ने अपने स्वार्थ के लिए मोड़ा, तोड़ा और बदला। मोदी सरकार उसी संविधान को आधार बनाकर हर वर्ग के कल्याण और अधिकारों की गारंटी दे रही है- यही असली सम्मान है बाबा साहेब को। न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता-ये चार स्तंभ सिर्फ किताबों में नहीं, आज मोदी सरकार में नीति और शासन का आधार बन चुके हैं। कांग्रेस ने इन सिद्धांतों को दिखावे की बातें बनाकर रखा, जबकि मोदी सरकार इन्हें नीति, योजना और क्रियान्वयन के स्तर पर सशक्त कर रही है।

लोकतंत्र सेनानियों का ही संघर्ष है जिसके परिणाम स्वरुप भारत में लोकतंत्र पुर्नस्थापित हुआ। आज देश की प्रगति के पीछे लोकतंत्र सेनानियों का बलिदान आधार का पत्थर है। जिसके कारण लोकतंत्र पुर्नस्थापित हुआ और 2014 में भाजपा के नरेंद्र मोदी जैसे व्यक्तित्व के रूप में भारत को महान नायक मिला।

(लेखक मध्यप्रदेश भाजपा के अध्यक्ष व सांसद हैं)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

आपातकाल
हितानंद शर्मा



# सत्ता-लोलुपों ने लिखा था लोकतंत्र का काला अध्याय

आंतरिक अशांति का बहाना बनाकर 25 जून 1975 की आधी रात को देश पर थोपे गए 'आपातकाल' को 50 वर्ष पूरे हो रहे हैं। भारत की जनता ने तब तानाशाही के विरुद्ध स्वतंत्रता की एक और लड़ाई लड़ी थी। इस बार लड़ाई अपने ही दिग्भ्रमित सत्तालोलुप नेताओं से थी, जिसमें देश एक बार फिर विजेता बनकर उभरा था। पिछले कुछ वर्षों से कुछ विपक्षी नेता अक्सर संविधान की प्रति हाथ में लेकर भाषण देते दिखाई देते रहे हैं। बात-बात में संविधान की दुहाई देने का क्रम चल रहा है। भारत के स्वस्थ और मजबूत लोकतांत्रिक वातावरण में भी 'लोकतंत्र व संविधान बचाने' के लिए सभाओं के प्रसंग चल रहे हैं। आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर यह अवसर है जब मुड़कर इतिहास को फिर से देखने की आवश्यकता है। आपातकाल का निर्णय किसी युद्ध या आंतरिक विद्रोह के कारण नहीं बल्कि एक प्रधानमंत्री के लोकसभा चुनाव रद्द होने और अपनी सत्ता बचाने की हताशा में लिया गया राष्ट्र विरोधी निर्णय था। कांग्रेस पार्टी ने आपातकाल के इस क्रूरकाल में न केवल संवैधानिक ढांचे को कुचला बल्कि उसके द्वारा प्रेस की स्वतंत्रता, न्यायपालिका की निष्पक्षता और नागरिकों के मौलिक अधिकारों को भी भंग किया गया। 1971 के आम चुनावों में इंदिरा गांधी ने रायबरेली से जीत तो हासिल की लेकिन उनके निकटतम उम्मीदवार राजनारायण ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर चुनाव में भ्रष्टाचार और सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग के आरोप लगाए। इधर देश की अर्थव्यवस्था खराब स्थिति में थी। आर्थिक विकास दर केवल 1.2% थी। देश का विदेशी मुद्रा भंडार मात्र 1.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर था (आज 640 बिलियन अमेरिकी डॉलर है)। महंगाई चरम पर थी। मुद्रास्फीति की दर 20% से भी ज्यादा थी। देश की 50% से ज्यादा जनता गरीबी रेखा के नीचे थी और जबरदस्त बेरोजगारी थी। भ्रष्टाचार की हालत ऐसी थी कि लाखों रुपए के घोटाले करने वाले मंत्री एवं सरकार से जुड़े नेताओं की रहस्यमय ढंग से हत्या हो रही थी। बिहार और गुजरात में छात्रों के नेतृत्व में नवनिर्माण आंदोलन चल रहा था। 8 मई 1974 को जॉर्ज फर्नांडिस के नेतृत्व में देशव्यापी रेल हड़ताल हो चुकी थी। बिहार, गुजरात में राष्ट्रपति शासन के बाद कांग्रेस चुनाव हार चुकी थी। इस सबसे कांग्रेस की केंद्र सरकार परेशान हो चुकी थी। 12 जून 1975 को न्यायमूर्ति जगमोहन लाल सिन्हा ने अपने निर्णय में इंदिरा गांधी की जीत को अवैध करार दिया और उन्हें 6 साल तक चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित कर दिया। इस ऐतिहासिक निर्णय के बाद इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री नहीं रह सकती थीं। उनकी कुर्सी को गंभीर राजनीतिक संकट खड़ा हो गया। तेजी से बढ़ती राजनीतिक अस्थिरता से घबराकर इंदिरा गांधी ने आंतरिक अशांति का बहाना बनाकर मंत्रिपरिषद् की अनुशंसा के बगैर ही राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद से अनुच्छेद 352 के तहत देश में आपातकाल लगाने की सिफारिश की, जिसे राष्ट्रपति ने 25 जून 1975 की आधी रात को मंजूरी दे दी। आज संविधान की प्रतियां हाथ में लहराने का नाटक करने वालों को यह स्मरण रखना ही होगा कि आपातकाल वास्तव में भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था को कुचलने का प्रयास था। यह संविधान की हत्या की सोची-समझी रणनीति थी। इंदिरा गांधी ने 'आंतरिक अशांति' की आड़ लेकर संविधान के अनुच्छेद 352 का दुरुपयोग किया। जबकि न तो उस समय बाहरी आक्रमण या युद्ध की स्थिति थी, न विद्रोह ही हुआ था। आपातकाल किसी राष्ट्रीय संकट का परिणाम नहीं था, बल्कि यह एक डरी हुई प्रधानमंत्री की सत्ता बचाने की जिद थी।

संविधान की शपथ लेकर इंदिरा गांधी देश की प्रधानमंत्री बनी थीं, किन्तु उसी संविधान की आत्मा को कुचलते हुए एक झटके में उन्होंने लोकतंत्र को तानाशाही में बदलकर रख दिया और पूरी शासन व्यवस्था को कठपुतली की तरह उपयोग किया। कांग्रेस सरकार ने विधायिका और न्यायपालिका को बंधक बनाकर सत्ता के आगे घुटने टेकने को विवश कर दिया था। समाचार प्रकाशन पर सेंसरशिप लगा दी।

(लेखक मप्र भाजपा के संगठन महामंत्री हैं)

## देश भर में जगह-जगह लाठी और गोली चलने की आतीं थीं आवाजें

# एक ऐसी अंधेरी रात जिसके सुबह होने की कोई तिथि नहीं थी...



रमेश शर्मा
वरिष्ठ पत्रकार

संविधान में आपात काल लगाने का प्रावधान है, लेकिन यह तब है जब राष्ट्र पर संकट हो। 25 जून 1975 को राष्ट्र पर कोई संकट नहीं था। फिर भी आपात काल लागू किया गया था। सभी नागरिकों के संवैधानिक अधिकार निलंबित कर दिए गए थे। प्रशासन के किसी निर्णय पर कोई अपील नहीं हो सकती थी। वकील या दलील के भी मार्ग बंद कर दिए गए थे। वह एक ऐसी अंधेरी रात थी जिसकी सुबह होने का अनुमान किसी को नहीं था। भारत को इस भयावह आपातकाल से मुक्त होने में लगभग इक्कीस माह का समय लगा।

इससे पहले भी दो बार आपातकाल लागू हुआ था। पहला आपातकाल वर्ष 1962 में चीन युद्ध के समय और दूसरी बार 1971 में पाकिस्तान युद्ध के समय। ये दोनों अवसर राष्ट्रीय संकट घिर आने के कारण आए थे। भारत राष्ट्र का प्रत्येक नागरिक उस समय सरकार के साथ था। वे आपातकाल कब लागू हुए, और कब समाप्त हो गए, जन सामान्य को आभास तक न हुआ। लेकिन 25 जून 1975 को लागू हुआ आपातकाल बहुत अलग था।

इस भीषण आपातकाल लागू होने के दो कारण थे। दोनों का संबंध तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से था। 1971 में युद्ध के बाद भारत में मंहगाई सातवे आसमान पर पहुंच गई थी। वह सरकार के नियंत्रण से बाहर हो गई थी। पूरे देश में मंहगाई की मार से हाहाकार मच गया था। पीड़ा के इस चीत्कार को समवेत स्वर दिया सर्वोदय नेता जयप्रकाश नारायण ने। आंदोलन जोर पकड़ गया। प्रशासन मंहगाई पर नियंत्रण करने के बजाय आंदोलन नियंत्रण करने में जुट गया। देश भर में जगह-जगह लाठी और गोली चलने लगी। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में भी गोली चली। मंहगाई विरोधी उस आंदोलन में केवल भोपाल नगर में आठ बलिदान हुए। एक पुलिस की लाठी से और सात नौजवानों के पुलिस की गोली से प्राण गए। इससे भोपाल के किसी नागरिक का कोई मनोबल नहीं टूटा। पुलिस जितना प्रताड़ित करती, जन सामान्य का गुस्सा उतना बढ़ता। इसका अनुमान जयप्रकाश नारायण की भोपाल में संपन्न एक सभा से ही लगाया जा सकता है। जयप्रकाश रेलमार्ग से कहीं जा रहे थे। भोपाल केवल डेढ़ घंटे के लिए रूके थे।

उनकी सभा वहीं रेलवे स्टेशन के द्वार पर हुई। वह सभा सुनने के लिए भोपाल के हजारों लोग पहुंच गए थे। लगभग यही स्थिति पूरे देश में थी। मंहगाई विरोधी यह आंदोलन चल ही रहा था कि इसी बीच इलाहाबाद उच्च न्यायालय का एक निर्णय आ गया। यह निर्णय इंदिरा गांधी के लोकसभा चुनाव से संबंधित था। इंदिरा गांधी ने 1971 का लोकसभा चुनाव रायबरेली संसदीय क्षेत्र से जीता था। इस चुनाव में पराजित राज नारायण ने उन पर कदाचार से चुनाव जीतने का आरोप लगाया और अदालत में याचिका दायर कर दी।

## सटाका





## आज की पाती

### क्या यही है भारत की वास्तविकता?

अमेरिका के विदेश विभाग ने एडवाइजरी जारी करते हुए कहा है कि भारत में बढ़ते अपराध व विशेषकर बलात्कार की घटनाओं को देखते हुए अमेरिका की महिलाएं अकेले यात्रा न करें। वास्तव में देखा जाए तो यह खबर समूचे भारत के लिए शर्मसार करने के साथ चिंताजनक है। अमेरिका की नजर में भारत अपराधों व बलात्कारियों का देश है। अपराधी व बलात्कारी को कानून व सजा का कोई खौफ नहीं है। ऐसे प्रकरणों में गुनाहगार को समय-सीमा में कड़ी से कड़ी सजा नहीं मिलना भी अपराधियों के हौसले बुलंद करने वाला है। बढ़ते अपराध व बलात्कार के कारण देश का नाम व छवि खराब हो रही है। सोचने वाली बात है कि जिस देश में कन्याओं की पूजा की जाती है, उसी देश में कन्याएं व महिलाएं असुरक्षित क्यों हैं? *-विजय सक्सेना, दुर्ग*

## करंट अफेयर

### खाड़ी देशों में पहली बार ओमान लगाएगा इनकम टैक्स




ओमान ने एक बड़ा ऐलान किया है। वह खाड़ी देशों के समूह (जीसीसी) में पहला ऐसा देश बन गया है, जो नागरिकों पर इनकम टैक्स लगाएगा। यह फैसला 23 जून 2025 को रॉयल डिक्री यानी शाही फरमान के जरिए जारी किया गया। नया टैक्स साल 2028 से लागू होगा और सिर्फ उन लोगों को देना होगा, जो सालाना 1.09 लाख डॉलर (करीब 9 करोड़ रुपये) से ज्यादा कमाते हैं। ये ओमान के टॉप 1% अमीर लोग होंगे। ओमान की अर्थव्यवस्था आज भी तेल और गैस पर निर्भर है। देश की 85% सरकारी आमदनी सिर्फ इन्हीं से आती है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल के दाम घटने-बढ़ने से ओमान की अर्थव्यवस्था हिल जाती है। इस निर्भरता को कम करने के लिए ओमान ने यह कदम उठाया है। अर्थव्यवस्था मंत्री सईद बिन मोहम्मद अल-सकरी के मुताबिक, यह टैक्स 'तेल से होने वाली आमदनी के बदले एक नया स्रोत बनेगा और देश को तेल बाजार के उतार-चढ़ाव से बचाएगा'। टैक्स के नियम कुछ इस तरह बनाए गए हैं कि आम लोगों पर बोझ न पड़े। शिक्षा, स्वास्थ्य, दान, जकात (धार्मिक कर) और पहला घर खरीदने जैसे खर्चों पर टैक्स में छूट मिलेगी। सरकार का कहना है कि इससे सामाजिक स्थिरता बनी रहेगी और लोगों की जिंदगी पर असर नहीं पड़ेगा।

## ऑफ बीट


### कुछ लोग गति रोग से क्यों पीड़ित होते हैं



कारें भले ही आधुनिक जमाने की हों, लेकिन गति रोग (मोशन सिकनेस) नया नहीं है। 2,000 साल से भी ज़्यादा वक्त पहले, चिकित्सक हिप्पोक्रेट्स ने लिखा था, समुद्र में नौकायन से यह साबित होता है कि गति शरीर में विकार लाती है। चाहे आप नौका, कार, हवाई जहाज में हों या रोलरकोस्टर की सवारी कर रहे हों, गति रोग (जिसे यात्रा संबंधी बीमारी या समुद्री बीमारी भी कहा जाता है) से आपको उबकाई, उल्टी, पसीना आना, पीलापन, मतली, चक्कर और थकान महसूस हो सकती है। कुछ लोगों को टेलीविज़न शो में चक्कर आने वाले दृश्य देखना या चलने के बारे में सोचना चक्कर आने जैसा महसूस हो सकता है। वीडियो गेम खेलना या 'वर्चुअल रियलिटी हेडसेट' का उपयोग करना भी गति रोग का कारण बन सकता है। इस मामले में, इसे साइबरसिकनेस कहा जाता है। लेकिन ऐसा क्यों होता है? और इसका असर हर किसी पर क्यों नहीं पड़ता? गति रोग असली गति या महसूस की गई काल्पनिक गति की प्रतिक्रिया में हो सकता है।हम गति रोग(मोशन सिकनेस) के पीछे के वास्तविक तंत्र को नहीं समझ पाए हैं, हालांकि इसके बारे में विभिन्न परिकल्पनाएं हैं।

## ट्रेंड

### स्थायी विकास की नींव



हम पारदर्शी, जवाबदेह और जन-केंद्रित शासन देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। आंध्र प्रदेश के लोगों के समर्थन से, हमने अतीत के नुकसान को कम करना शुरू कर दिया है और वास्तविक, स्थायी विकास की नींव रखी है।
**-एन चंद्रबाबू नायडू, सीएम, आंध्र प्रदेश**

### प्रगति की समीक्षा



'लहुरी काशी" गाजीपुर के विकास को आधुनिक अधोसंरचना, पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे, कृषि-निर्यात हब, औद्योगिक इकाइयों और गंगा तट पर्यटन से नई ऊर्जा मिल रही है। आज जनपद में संचालित विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।
**-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### डिजिटल मतदाता सूची



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के अपने निर्वाचन क्षेत्र में, मतदाता सूची में केवल 5 महीनों में 8% की वृद्धि हुई। हम मशीन-पठनीय डिजिटल मतदाता सूची और सीसीटीवी फुटेज को तुरंत जारी करने की मांग करते हैं।
**-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**

### सुंदर वादियां



खुशनुमा मौसम के साथ प्रकृति की सुंदरता का करीब से दीदार करना चाहते हो तो सराज की जंजैहली घाटी अवश्य पधारें। इन दिनों यहां पर्यटकों की काफी आवाजाही बढ़ गई है। जंजैहली से अन्य सुंदर वादियों के लिए भी मार्ग जाते हैं।
**-जयराम ठाकुर, पूर्व सीएम, हिमाचल प्रदेश**

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

# राहुल ने उठाया धांधली का मुद्दा आयोग ने आकर मिलने को कहा

## सभी चुनाव कानूनों और नियमों के अनुसार सख्ती से कराए जा रहे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



**कांग्रेस नेता के आरोपों पर चुनाव आयोग ने औपचारिक पत्र लिखा**

चुनाव आयोग ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को 2024 के महाराष्ट्र चुनावों में धांधली के उनके आरोपों पर औपचारिक रूप से पत्र लिखा है।आयोग ने कहा कि सभी चुनाव संसद की ओर से पारित कानूनों और नियमों के अनुसार सख्ती से कराए जाते हैं। चुनाव आयोग ने इस बात पर भी जोर दिया कि पूरे चुनाव अभ्यास में हजारों लोगों को शामिल किया जाता है, जिसमें राजनीतिक दलों की ओर से नियुक्त बूथ-स्तरीय एजेंट भी शामिल हैं। पूरी चुनाव प्रक्रिया विधानसभा क्षेत्र स्तर पर विकेंद्रीकृत तरीके से आयोजित की जाती है। इसमें आयोग की ओर से नियुक्त 1,00,186 से अधिक बूथ लेवल अधिकारी, 288 निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी , 139 सामान्य पर्यवेक्षक, 41 पुलिस पर्यवेक्षक, 71 व्यय पर्यवेक्षक और 288 रिटर्निंग अधिकारी शामिल होते हैं। महाराष्ट्र में कांग्रेस के 28,421 सहित राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों की ओर से 1,08,026 बूथ लेवल एजेंट नियुक्त किए गए।

### सुविधाजनक तारीख पर आकर मिलें

*चुनाव प्राधिकरण ने कहा कि यदि आपके पास अभी भी कोई मुद्दा है, तो आप हमें लिख सकते हैं और आयोग सभी मुद्दों पर चर्चा करने के लिए पारस्परिक रूप से सुविधाजनक तिथि और समय पर आपसे व्यक्तिगत रूप से मिलने के लिए भी तैयार है।*

### राहुल ने फिर कही चुनावों में अनियमितताओं की बात

*महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में कथित अनियमितताओं का दावा करते हुए राहुलने दावा किया कि कुछ गड़बड़ियां नहीं थीं, बल्कि वोटों की चोरी थी। उन्होंने मशीन-पठनीय डिजिटल मतदाता सूची के साथ-साथ सीसीटीवी फुटेज को तुरंत जारी करने की मांग की। राहुल ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनावों और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के बीच सिर्फ छह महीनों में नागपुर दक्षिण पश्चिम भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस की सीट पर 29,219 नए मतदाता जुड़े। राहुल ने लिखा कि महाराष्ट्र के सीएम के अपने निर्वाचन क्षेत्र में सिर्फ पांच महीनों में मतदाता सूची में आठ फीसदी की वृद्धि हुई। कुछ बूथों पर 20-50फीसदी की वृद्धि देखी गई। बीएलओ ने अज्ञात व्यक्तियों की ओर से वोट डाले जाने की सूचना दी। मीडिया ने बिना सत्यापित पते वाले हजारों मतदाताओं के बारे में खुलासा किया। चुनाव आयोग चुप या मिलीभगत। कवर-अप ही कबूलनामा है।*

**आरोपों पर कांग्रेस ने बताई हकीकत, सफाई दी**

## बिना बताए राहुल के विदेश जाने पर भाजपा ने किया सवाल

राहुल गांधी आखिर बार-बार विदेश क्यों जाते हैं? इन सीक्रेट दौरों की वह किसी को जानकारी भी क्यों नहीं देते? भाजपा के आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने एक ट्वीट करके सवाल उठाए थे। उन्होंने लिखा था, बीते सप्ताह ही वे एक सीक्रेट विदेश दौरे पर गए थे। एक बार फिर से किसी सीक्रेट लोकेशन के लिए रवाना हो गए हैं। आखिर वह इतनी जल्दी-जल्दी अचानक से गायब क्यों हो जाते हैं? नेता विपक्ष के तौर पर उन्हें देश के लोगों की बातों की जानकारी देनी चाहिए।

### भांजी के ग्रेजुएशन सेरेमनी में हिस्सा लेने गए

कांग्रेस का कहना है कि राहुल गांधी लंदन गए हैं। वेअपनी भांजी मिराया वाड्रा की ग्रेजुएशन सेरेमनी में हिस्सा लेने गए हैं। मिराया लंदन के एक कॉलेज से ग्रेजुएशन कर रही हैं। पवन खेड़ा ने कहा कि पीएमओ हमेशा की तरह डर्टी ट्रिक्स में जुट गया है। वह जानता कुछ नहीं है। राहुल जिस फ्लाइट से गए हैं, वह बहरीन होते हुए लंदन गई है। ऐसे में इस तरह का दुष्प्रचार करना गलत है कि वे बहरीन गए थे।

## खबर संक्षेप

### आर्मी लिखे ट्रक से 3 करोड़ का गांजा जब्त



**मऊ।** एसटीएफ और शहर कोतवाली की संयुक्त टीम ने ट्रक से 3.12 करोड़ कीमत का 12.50 क्विंटल गांजा तालिमुदीन इंटर कॉलेज के पास से पकड़ा है। एसटीएफ को सूचना मिली कि तस्करी करने की योजना है। मऊ पुलिस के साथ एसटीएफ ने तालीमुद्दीन इंटर कॉलेज के पास ट्रक को पकड़ लिया।

### 15 लाख के नकली नोट छापे, 3 गिरफ्तार



**शाहजहांपुर।** यहां के चौक कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने सोमवार को नकली नोट बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया। इस गिरोह का मास्टरमाइंड पैथोलॉजिस्ट डॉ. नफीस अहमद है। वह पूरा सेटअप लेकर कार से शाहजहांपुर में रहने आ रहा था। पुलिस ने 3 को गिरफ्तार कर लिया। 4.61 लाख नकली मिली।

### वंदे भारत ट्रेन के कोच में बहा 'झरना'

**कैंट।** वाराणसी-नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस में यात्री हैरान रह गए जब कोच की छत से पानी टपकने लगा। सीटें और सामान भीगने लगे। यह बात वाराणसी-नई दिल्ली वंदे भारत की है। बताया जा रहा कि ट्रेन सुबह 6 बजे कैंट रेलवे स्टेशन से चली थी।

### दो महानतम आध्यात्मिक और नैतिक नेताओं के शताब्दी समारोह में बोले पीएम मोदी

# भारत देशहित में कदम उठा रहा, भारतीयों का खून बहाने वालों को नहीं मिलेगा 'ठिकाना'



**'ऑपरेशन सिंदूर' का भी किया जिक्र**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने भारत के दो महानतम आध्यात्मिक और नैतिक नेताओं श्री नारायण गुरु और महात्मा गांधी के बीच ऐतिहासिक बातचीत के शताब्दी समारोह के उद्घाटन कार्यक्रम में 'ऑपरेशन सिंदूर' का भी जिक्र किया। उन्होंने इस बात का भी उल्लेख किया कि कैसे भारत ने 22 मिनट में दुश्मनों को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। दुनिया ने भारत का सामर्थ्य देखा। ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की कठोर नीति को सामने ला दिया है। हमने दिखा दिया है कि भारतीयों का खून बहाने वालों के लिए कोई भी ठिकाना सुरक्षित नहीं है। आज का भारत देशहित में जो भी सही है उसके हिसाब से कदम उठाता है। आज ये परिसर देश के इतिहास की एक अभूतपूर्व घटना को याद करने का साक्षी बन रहा है। एक ऐसी ऐतिहासिक घटना, जिसने न सिर्फ हमारे स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी, बल्कि स्वतंत्रता के उद्देश्य को नए मायने दिए। 100 साल पहले श्री नारायण गुरु और महात्मा गांधी की वो मुलाकात आज भी उतनी की प्रेरक है, उतनी ही प्रासंगिक है।

**इतिहास की एक अभूतपूर्व घटना को याद करने का साक्षी**

**नारायण गुरु और महात्मा गांधी की मुलाकात को बताया प्रेरक**



### विकसित भारत के सामूहिक लक्ष्य आज भी प्रासंगिक

पीएम मोदी ने कहा कि100 साल पहले वो मुलाकात, सामाजिक समरसता के लिए, विकसित भारत के सामूहिक लक्ष्यों के लिए आज भी ऊर्जा के स्रोत की तरह है। इस ऐतिहासिक अवसर पर मैं श्री नारायण गुरु को नमन करता हूं और महात्मा गांधी जी को भी अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

### सारी दुनिया देख रही मेरा लोगों के प्रति नाता-रिश्ता

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि श्री नारायण गुरु के आदर्श पूरी मानवता के लिए बहुत बड़ी पूंजी है। जो लोग देश और समाज की सेवा के संकल्प पर काम करते हैं श्री नारायण गुरु उनके लिए प्रकाश स्तंभ की तरह हैं। आप सभी जानते हैं कि समाज के शोषित, पीड़ित,वंचित वर्ग से मेरा क्या नाता है और इसलिए आज भी जब मैं समाज के शोषित, पीड़ित,वंचित वर्ग के लिए निर्णय लेता हूं तो मैं गुरु देव को जरूर याद करता हूं।

### वन अर्थ, वन हेल्थ पर भी की बात

*पीएम मोदी ने कहा कि अभी हाल ही में हमने विश्व योग दिवस मनाया। इस बार योग दिवस की थीम थी- वन अर्थ, वन हेल्थ यानी एक धरती एक स्वास्थ। इससे पहले भी भारत ने विश्व कल्याण के लिए वन वर्ल्ड, वन हेल्थ जैसे पहल की है। आज भारत सस्टेनेबल डेवलपमेंट की दिशा में वन सन, वन वर्ल्ड, वन ग्रिड जैसे ग्लोबल मूवमेंट को लीड कर रहा है। 2023 में जब भारत ने जी 20 समिट को लीड किया था, तब थीम रखा था- ववन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर। हमारे इन प्रयासों में वसुधैव कुटुंबकम की धारणा जुड़ी हुई है।*

### खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में बदलावों को बताया अहम

## चिराग की पोस्ट पर विभाग के योगदान को सराहा




पीएम मोदी ने भारत के खाद्य प्रसंस्करण (फूड प्रोसेसिंग) क्षेत्र में हाल के वर्षों में आए जबरदस्त बदलावों की चर्चा की। उन्होंने इस सेक्टर की तेजी से हुई प्रगति और ग्रामीण विकास में इसके बढ़ते योगदान को खासतौर पर उजागर किया। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान की एक पोस्ट को साझा करते हुए अपनी प्रतिक्रिया दी। चिराग ने इस क्षेत्र के गतिशील विकास और सरकार की योजनाओं के प्रभाव को दिखाया, जिससे ग्रामीण उद्यमियों को नई दिशा मिली है। पीएम मोदी ने लिखा, केंद्रीय मंत्री एट द रे चिराग पासवानने भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में वर्षों में हुए अद्भुत परिवर्तन को उजागर किया है। यह एक ऐसा गतिशील दृष्टिकोण है।

### देश का फूड प्रोसेसिंग सेक्टर तेजी से आगे बढ़ रहा

भारत का फूड प्रोसेसिंग सेक्टर तेजी से आगे बढ़ा है। इसके पीछे सरकार की मजबूत नीतिगत सहायता, लक्षित निवेश, बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण, आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत बनाने और नवाचार को बढ़ावा देने जैसी पहलें मुख्य भूमिका में रही हैं। इन प्रयासों ने न केवल उद्योग को गति दी है, बल्कि ग्रामीण भारत में उद्यमशीलता को बढ़ावा देकर लाखों लोगों को आजीविका के नए अवसर भी दिए हैं।

### नीति आयोग ने 'डेटा अनिवार्यता' रिपोर्ट दी

# मजबूत डेटा गुणवत्ता के साथ डिजिटल शासन की आवश्यकता पर दिया जोर



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकारी थिंक टैंक नीति आयोग ने मंगलवार को एक रिपोर्ट जारी की, जिसमें सरकारी प्रणालियों में डेटा गुणवत्ता ढांचे को मजबूत करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया है। केवल इतना ही नहीं रिपोर्ट में चेतावनी दी गई कि खराब डेटा गुणवत्ता डिजिटल शासन, सार्वजनिक विश्वास और सेवा वितरण को कमजोर कर सकती है। इसके विमोचन के अवसर पर नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के सचिव डॉ. सौरभ गर्ग और नीति आयोग की प्रतिष्ठित फेलो देबजानी घोष सहित वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों ने इस बारे में अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्रालयों, विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, डोमेन विशेषज्ञ, नीति आयोग के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

### शीर्षक है- भारत की डेटा अनिवार्यता : गुणवत्ता पर बल

इस संबंध में नीति आयोग ने एक बयान में कहा कि आयोग ने अपनी तिमाही अंतर्दृष्टि श्रृंखला फ्यूचर फ्रंट का तीसरा संस्करण जारी किया है। इसका शीर्षक है- भारत की डेटा अनिवार्यता : गुणवत्ता पर बल।ये रिपोर्ट डिजिटल शासन को मजबूत करने, जनता का विश्वास बढ़ाने और कुशल सेवा वितरण सुनिश्चित करने के दृष्टिकोण से मजबूत डेटा गुणवत्ता की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करती है।

### इस रिपोर्ट की खास बातें

इस रिपोर्ट में खराब डेटा गुणवत्ता से उत्पन्न व्यापक चुनौतियों की आलोचनात्मक जांच की गई है। रिपोर्ट में व्यावहारिक, उपयोग में आसान उपकरण प्रस्तुत किए गए हैं, जैसे डेटा गुणवत्ता विशेषताओं को मापने और ट्रैक करने के लिए डेटा-गुणवत्ता स्कोरकार्ड तथा स्व-मूल्यांकन और रोडमैप विकास के लिए डेटा-गुणवत्ता परिपक्वता फ्रेमवर्क। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की डिजिटल बुनियाद तैयार है, लेकिन अब चुनौती इस बुनियाद के सहारे प्रसारित हो रही सूचना की सटीकता, पूर्णता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने की है। नीति आयोग की रिपोर्ट कहती है, कि डेटा की गुणवत्ता सार्वजनिक विश्वास, प्रभावी सेवा वितरण और भारत के अपनी एआई पारिस्थितिकी की सफलता का केंद्र-बिंदु है।

# धारावी के 10 लाख लोगों को टाउनशिप में मिलेगा घर

**धारावी।** अडाणी समूह मुंबई के धारावी में रहने वाले लोगों के लिए एक विश्व स्तरीय जिला बनाने की कल्पना करने का प्रयास कर रहा है। समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी ने कहा,उनकी सबसे परिवर्तनकारी परियोजना धारावी में जल्द पेश होगी। धारावी रिडेवलपमेंट प्रोजेक्ट धारावी में रहने वालों के जीवन और 'रहने-काम करने' की स्थितियों को बदलने का एक अनूठा अवसर है, जिसका लक्ष्य बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर और सार्वजनिक सुविधाओं के साथ जीवन की उच्च गुणवत्ता प्रदान करना है।

### संसदीय समिति की बैठक में गूंजा जस्टिस वर्मा का मुद्दा

# अब तक एफआईआर क्यों नहीं की? जजों के लिए भी बने आचार संहिता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली स्थित अपने सरकारी आवास पर भारी मात्रा में अधजली नकदी मिलने के मामले में फंसे हाई कोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा का मामला संसद की स्थायी समिति की बैठक में भी उठा।

सदस्यों ने पूछा कि एफआईआर क्यों नहीं दर्ज की गई? सदस्यों ने वीरस्वामी मामले की समीक्षा का सुझाव दिया। इसके अलावा समिति ने जजों के लिए आचार संहिता बनाने और सेवानिवृत्ति के बाद कोई पद लेने के लिए कूलिंग-ऑफ अवधि के बारे में भी सुझाव दिया। संसद की कार्मिक, लोक शिकायत, विधि एवं न्याय संबंधी स्थायी समिति ने इस पर चर्चा की। राज्यसभा की इस समिति के अध्यक्ष भाजपा सांसद बृजलाल हैं और पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई (जो मनोनीत सांसद हैं), पूर्व कानून राज्य मंत्री पीपी चौधरी, टीएमसी सांसद सुखेंदु शेखर राय और कल्याण बनर्जी, कांग्रेस के विवेक तन्खा और द्रमुक के पी विल्सन तथा ए राजा प्रमुख सदस्य हैं।



### जस्टिस वर्मा पर महाभियोग की तैयारी

*जस्टिस वर्मा पर महाभियोग चलाए जाने की संभावना है। वहीं विपक्ष इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस शेखर यादव के खिलाफ भी इसी तरह की कार्रवाई के लिए पहले ही नोटिस दे चुका है। जस्टिस वर्मा को उनकी मूल अदालत इलाहाबाद उच्च न्यायालय में वापस भेज दिया गया था। हालांकि,उन्होंने अपने खिलाफ लगे आरोपों से इनकार किया है। उल्लेखनीय है कि संपूर्ण विपक्ष इस मुद्दे पर लगातार सरकार पर सवाल उठाता रहा है। हालांकि जस्टिस वर्मा खुद को हमेशा पाक-साफ बताते रहे हैं। लेकिन मामला गरमाया हुआ है।*

# माता परमेश्वरी देवी जी के निधन पर केंद्रीय गृह मंत्री शाह और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने शोक जताया

### सिंधु भवन में शोक जताने पहुंचे हरियाणा, यूपी, राजस्थान के निवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु की माता परमेश्वरी देवी जी के निधन पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कैप्टन अभिमन्यु को भेजे शोक संदेश में ईश्वर से प्रार्थना की है कि दिवंगत परमेश्वरी देवी की आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें और परिवार को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। मंगलरवा को हरियाणा के कई जिलों, राजस्थान और यूपी से अधिकारियों, विधायकों, पूर्व मंत्रियों और गणमान्य लोगों का सिंधु भवन में पहुंचने तांता लगा रहा। लोगों ने माता परमेश्वरी देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और परिवार को ढांढस बंधाया।

**स्मृति**



### प्रदेश भर से पहुंचे शोक जताने



माता परमेश्वरी देवी जी के निधन पर शोक जताने के लिए पदमश्री महावीर गुड्डू, उद्योगपति जगमोहन मित्तल, उद्योगपति राजेंद्र बंसल, व्यापारी नेता बजरंग दास गर्ग, अग्रवाल वैश्य समाज अध्यक्ष अशोक बुवानीवाल, आईएएस पीके दास, संजीव कौशल, एसपी सोनीपत नरेंद्र कादयान, पूर्व डीजीपी महेंद्र सिंह मलिक, केके सिंधु आईएसपी रिटायर्ड, पूर्व विधायक बलराज कुंडू, पूर्व मंत्री कांता देवी, विधायक रेवाड़ी लक्ष्मण यादव, विधायक महेंद्रगढ़ कंवर सिंह यादव, विधायक उचाना देवेंद्र अत्री, विधायक अलवर बाबा बालकनाथ योगी, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, पूर्व विधायक यूपी जितेंद्र सिंह, पूर्व विधायक यूपी तेजेंद्र निरवाल, विधायक एनआईटी फरीदाबाद सतीश फागना, पूर्व विधायक बेरी चौधरी वीरेंद्र पाल, पूर्व विधायक राजस्थान नंद किशोर मेहरिया, विधायक डबवाली आदित्य चौटाला, पूर्व विधानसभा स्पीकर कुलदीप शर्मा, पूर्व प्रतिपक्ष नेता यूपी संजय लाठर, मुंडका विधायक गजेंद्र दराल, पूर्व विधायक टेकचंद शर्मा, भाजपा नेता यूपी मुनींद्रपाल, नगर निगम कमिश्नर डॉक्टर आनंद कुमार शर्मा, पूर्व सीएम के पूर्व ओएसडी भूपेश्वर दयाल, पूर्व ओएसडी सीएम जवाहर यादव, पूर्व ओएसडी सीएम डॉ योगेंद्र मलिक, नगर निगम मेयर हिसार प्रवीन पोपली, नगर परिषद चेयरमैन झज्जर कप्तान बिरधाना, भाजपा जिलाध्यक्ष हिसार अशोक सैनी, जिला प्रभारी गोहाना डॉ किरण कलकल, जिला अध्यक्ष महेंद्रगढ़ यतींद्र राव, जिलाध्यक्ष गोहाना विजेंद्र मलिक, पूर्व जिलाध्यक्ष महेंद्रगढ़ राकेश शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष झज्जर विजेंद्र दलाल, पूर्व जिलाध्यक्ष झज्जर राजपाल जांगड़ा, पूर्व जिलाध्यक्ष सिरसा अमीचंद मेहता, प्रदेश सचिव भाजपा गार्गी गक्खड़, महाराज जसमेर महरौली दिल्ली, अहलावत चौरासी खाप प्रधान हरदीप अहलावत, भाजपा नेता अमन गोयल, पूर्व जिलाध्यक्ष पलपल जवाहर सरौत, त्रिक्षेत्रीय संगठन मंत्री संस्कार भारती विजय कुमार, जिला संघ चालक आरएसएस रोहतक देवेंद्र गोयल, नगर संघ संचालक सुरेश बंसल, विहप नेता तिलक राज जुनेजा, महेंद्र अग्रवाल, सुभाष आहुजा, भाजपा नेता मुकेश गौड व पंडित नरेन्द्र वत्स जिला प्रभारी फरीदाबाद शामिल रहे।

### नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

- पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया ने कहा कि माता परमेश्वरी देवी जी संस्कारशील महिला थीं। उनके द्वारा संजोए गए संस्कारों की छाप पूरे सिंधु परिवार में दिखाई दे रही है। जब पूरा देश राष्ट्र निर्माण में सिंधु परिवार के योगदान को देखता है, तो इसमें स्वर्गीय मित्रसेन सिंधु जी और स्वर्गीय माता परमेश्वरी देवी का अमूल्य योगदान है। उनका जाना समाज की अपूरणीय क्षति है।
- यूपी के मंत्री जसवंत सिंह सैनी ने कहा कि हम सभी के लिए माता परमेश्वरी देवी जी का जीवन प्रेरणा का स्रोत रहेगा। उन्होंने जीवन में अनुशासन, नैतिकता और समर्पण को महत्व दिया। ईश्वर उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान दें और परिवार को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करे।
- पूर्व मंत्री अभय सिंह यादव ने कहा कि माता परमेश्वरी देवी जी का जीवन सादगी, सेवा और संस्कारों से भरपूर रहा। उन्होंने अपने परिवार को न केवल सामाजिक मूल्यों से जोड़े रखा बल्कि राष्ट्रसेवा की राह भी दिखाई। उनके आदर्श आज भी हमें जीवन में अनुशासन, ईमानदारी और सेवा की प्रेरणा देते हैं।
- पूर्व मंत्री सिमा त्रिखा ने कहा एक महिला के रूप में परमेश्वरी देवी जी ने अपनी भूमिका को पूरी गरिमा से निभाया। उन्होंने अपने परिवार को देश सेवा के लिए तैयार किया, यह उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने परिवार को ऐसे संस्कार दिए, जिसकी वजह से वह देश हित में कार्यरत हैं।
- पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि माता परमेश्वरी देवी जी ने अपने परिवार को ही नहीं, पूरे समाज को आदर्श दिए। उनका संयम, त्याग और समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। स्वर्गीय मित्रसेन सिंधू जी और माता परमेश्वरी देवी के समाज के लिए किए गए कार्यों को हमेशा याद किया जाता रहेगा।
- महाराज राजेंद्र दास जी महाराज जटेला धाम ने कहा कि वे ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि उनके श्री चरणों में दिवंगत आत्मा को स्थान मिले। ईश्वर परिवार को यह दुख सहने की शक्ति दें।

# रक्षा मंत्रालय ने किए 2 हजार करोड़ रुपए के 13 रक्षा समझौतों पर हस्ताक्षर

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पाकिस्तान के साथ जारी तनाव के बीच रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को आतंकवाद के खिलाफ चलाए जाने वाले अभियानों में भारतीय सेना की युद्धक क्षमता को मजबूत बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। जिसके तहत आपातकालीन खरीद व्यवस्था के तहत कुल करीब 2 हजार करोड़ रुपए के 13 रक्षा समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान जारी कर बताया कि इस खरीद प्रक्रिया के जरिए जिन रक्षा उपकरणों की खरीद की जाएगी। उनमें एकीकृत ड्रोन डिटेक्शन और इंटरडिक्शन सिस्टम, हल्के वजन वाले रडार, बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली (लांचर, मिसाइल शामिल), दूर से संचालित हवाई वाहन, वर्टिकल टेक-ऑफ, लैंडिंग सिस्टम के साथ लोइटरिंग म्यूनिशन, विभिन्न श्रेणियों के ड्रोन, बुलेट प्रूफ जैकेट, बैलिस्टिक हेलमेट, त्वरित प्रतिक्रिया लड़ाकू वाहन (भारी, मध्यम) और राइफलों के लिए नाइट विजन उपकरण मुख्य हैं। कुल स्वीकृत धनराशि में से सेना के लिए 1 हजार 981.90 करोड़ रुपए के अनुबंधों को अंतिम रूप दिया गया है।

**इस खरीद प्रक्रिया के जरिए जिन रक्षा उपकरणों की खरीद की जाएगी उनमें एकीकृत ड्रोन डिटेक्शन और इंटरडिक्शन सिस्टम, हल्के वजन वाले रडार, बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली (लांचर, मिसाइल शामिल), दूर से संचालित हवाई वाहन, वर्टिकल टेक-ऑफ आदि हैं**

### खास बातें

- आपातकालीन खरीद व्यवस्था के तहत होगी खरीदी
- तीव्र गति वाली प्रक्रियाओं के माध्यम से क्रियान्वित होगी
- उपकरणों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित होगी

### सैनिकों की युद्धक क्षमता बढ़ेगी



मंत्रालय ने बताया कि इस आपातकालीन खरीद व्यवस्था को तीव्र गति वाली प्रक्रियाओं के माध्यम से क्रियान्वित किया जाएगा। जिसका उद्देश्य आतंकवाद के खिलाफ अभियानों में तैनात सैनिकों की जागरूकता को बढ़ाने से लेकर उनकी मारक क्षमता, गतिशीलता और सुरक्षा में बढ़ोतरी करना है। बल की तेजी से क्षमता वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए इस अधिग्रहण को कम समय-सीमा में पूरा किया गया।

**आतंकवाद के खिलाफ बढ़ेगी सेना की क्षमता**

### सेना को मिलेंगी स्वदेशी प्रणालियां

इस खरीद से सेना को तेजी से उभरती हुई सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए आधुनिक और पूर्णतः स्वदेशी प्रणालियों से लैस करने की मंत्रालय की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। इसके अलावा यह बल की तत्काल क्षमता के अंतर को दूर करने और महत्वपूर्ण परिचालन उपकरणों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में काफी महत्वपूर्ण है।

### सीडीएस, डीएमए (सचिव) देंगे संयुक्त निर्देश

वहीं, मंत्रालय ने अपने एक अन्य बयान में बताया, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) और सैन्य मामलों के विभाग (डीएमए) के सचिव को अधिकृत किया है कि वह तीनों सशस्त्र सेनाओं के बीच संयुक्त आदेशों और निर्देशों के जरिए समन्वय को बढ़ावा दे सकते हैं। मंत्रालय का यह कदम आधुनिकीकरण और सेना, नौसेना और वायुसेना में जरूरी बदलाव के मद्देनजर उठाया गया है। पूर्व में दो या उससे अधिक सेनाओं को अलग-अलग आदेश और निर्देश देने की व्यवस्था रही है। इस बाबत 24 जून को जारी किया गया पहला संयुक्त आदेश अनुमति, घोषणा और आदेश-निर्देश का अंकन करने का है। जिससे प्रक्रियाओं में एकरूपता लाने, देरी को दूर करने और अंतर-सेवा सहयोग में इजाफा होगा। कदम के जरिए तीनों सेनाओं के स्तर पर पारदर्शिता, समन्वय और प्रशासनिक क्षमता में सुधार देखने को मिलेगा। ये संयुक्तता और एकीकरण के एक नए युग की शुरुआत है। जिसके साथ मिलकर सेनाएं एकता के साथ राष्ट्र की सेवा करेंगी।

## खबर संक्षेप

### उदयपुर में फ्रांस की टूरिस्ट से रेप

**उदयपुर।** उदयपुर में फ्रांस की टूरिस्ट के साथ रेप का मामला सामने आया है। मामला शहर के बड़गांव थाना क्षेत्र का सोमवार देर शाम का है। थानाधिकारी पूर्ण सिंह राजपुरोहित ने बताया टाइगर हिल स्थित द ग्रीक फॉर्म कैफे एंड रेस्ट्रो कैफे में पार्टी हुई थी। जिसमें आरोपी सिद्धार्थ फ्रांस की युवती से मिला था। यहां से आरोपी युवती को बहाने से अपने सुखेर स्थित किराए के मकान में लेकर गया। वहां उसने रेप किया। युवक फरार है उसकी तलाश जारी है।



### सरकारी कर्मचारियों के वॉट्सएप उपयोग पर रोक

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की संसद ने वॉट्सएप को सभी सरकारी डिवाइसेज से बैन कर दिया है। सोमवार को हाउस साइबर सिक्योरिटी ऑफिस की ओर से सभी स्टाफ को एक मेमो भेजा गया, जिसमें वॉट्सएप को 'उच्च जोखिम वाला एप' बताया गया। मेमो में कहा गया कि वॉट्सएप यूजर डेटा की सुरक्षा को लेकर पारदर्शिता नहीं दिखाता। इसमें स्टोर डेटा का एन्क्रिप्शन नहीं है। इसके इस्तेमाल से साइबर अटैक और डेटा लीक का खतरा बढ़ता है।




## देशभर में पासपोर्ट सेवा कार्यक्रम 2.0 शुरू, विदेश मंत्री जयशंकर बोले

# संपर्क रहित चिप-आधारित ई-पासपोर्ट लोगों की यात्रा को बना रहा आसान

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने मंगलवार को 13वें पासपोर्ट सेवा दिवस के अवसर पर भारत और विदेश के पासपोर्ट अधिकारियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने पासपोर्ट सेवा कार्यक्रम (पीएसपी) के अगले चरण और देशव्यापी ई-पासपोर्ट सेवाओं की शुरुआत की घोषणा की। जयशंकर ने इस अवसर पर भारत और विदेश में सभी पासपोर्ट अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने लिखा कि सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के मार्गदर्शन में आपके सराहनीय प्रयास यात्रा को आसान बनाने, वैश्विक कार्यस्थल तक पहुंच को गहरा करने और नागरिकों को सशक्त बनाने में सहायक हैं। पासपोर्ट सेवा कार्यक्रम 2.0 और ई-पासपोर्ट की शुरुआत के साथ विदेश मंत्रालय हमारी पासपोर्ट सेवाओं की समयबद्धता, पारदर्शिता और पहुंच को पहले बेहतर बेहतर बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराता है।

'एक्स' पर एक पोस्ट में जयशंकर ने 'सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण' के स्तंभों के तहत पासपोर्ट सेवाओं में हुए बदलाव पर जोर दिया। उन्होंने इसे विकसित भारत के लक्ष्य को पाने का केंद्रीय जरिया बताया। उन्होंने कहा कि सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण शासन के तीन प्रमुख स्तंभ हैं, जो हमें विकसित भारत की ओर ले जाएंगे। ये सभी हमारे पासपोर्ट सेवा कार्यक्रम में साफ तौर पर दिखाई देते हैं।

*जयशंकर ने कहा कि नागरिक-केंद्रित सेवा के अगले स्तर के लिए पूरे देश में पीएसपी वी 2.0 को शुरू कर दिया है। ग्लोबल पीएसपी वी2.0 का पायलट परीक्षण भी चल रहा है*

### एक दशक में पासपोर्ट सुविधाओं में बड़ा बदलाव आया

*2024 में 1.46 करोड़ पासपोर्ट जारी किए गए*

*एमपासपोर्ट पुलिस एप के लॉन्च से लाभ मिला*



जयशंकर ने कहा कि पिछले एक दशक में पासपोर्ट सुविधाओं में बड़ा बदलाव आया है, जिसमें 2014 में 91 लाख से बढ़कर 2024 में 1.46 करोड़ पासपोर्ट जारी किए गए हैं। मंत्री ने बताया कि पासपोर्ट सेवा कार्यक्रम संस्करण 2.0 को पहले ही पूरे देश में शुरू किया जा चुका है, जिसमें दक्षता और पारदर्शिता में सुधार के लिए उच्च-स्तरीय, उभरती हुई तकनीकें शामिल हैं।

### पूरे देश में पीएसपी वी 2.0 शुरू

जयशंकर ने कहा कि नागरिक-केंद्रित सेवा के अगले स्तर के लिए भारत सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हमने पूरे देश में पीएसपी वी 2.0 को शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि ग्लोबल पीएसपी वी2.0 का पायलट परीक्षण भी चल रहा है। इसे सभी भारतीय दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों में चरणों में लागू किया जाएगा।

### ई-पासपोर्ट एक बड़ी उपलब्धि

जयशंकर ने ई-पासपोर्ट पहल को एक बड़ी उपलब्धि बताया। यह संपर्क रहित चिप-आधारित डेटा रीडिंग के साथ यात्रा को आसान बनाता है और आव्रजन (इमिग्रेशन) मंजूरी में तेजी लाता है। उन्होंने एमपासपोर्ट पुलिस एप के लॉन्च का भी हवाला दिया, जिसने 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में पुलिस सत्यापन समय को 5-7 दिनों तक कम कर दिया है।

### 10 नए पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र खोले गए

विदेश मंत्री ने कहा कि पिछले साल 10 नए पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीओपीएसके) खोले गए, जिनमें अप्रैल 2025 में कुशीनगर में 450वां पीओपीएसके भी शामिल है। उन्होंने कहा कि हम अपनी मोबाइल वैन सुविधाओं के माध्यम से अपने देश के सबसे दूरदराज के इलाकों तक पहुंच चुके हैं, जिससे दूर-दराज के इलाकों में रहने वाले नागरिकों के लिए पासपोर्ट सेवाओं की आसानी बढ़ गई है।

## एससीओ के एनएसए की बैठक में बोले डोभाल

# आतंकवाद विरोधी लड़ाई में दोहरे मापदंडों को त्यागना आवश्यक



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने मंगलवार को चीन की राजधानी बीजिंग में आयोजित की गई शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के देशों के एनएसए की बैठक में आतंकवाद को लेकर एक महत्वपूर्ण संदेश दिया। जिसमें पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में की गई भारत की सैन्य कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर और उसके पीछे छिपे भारत के उद्देश्य के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि भारत की कार्रवाई एक नपी-तुली हुई और आक्रामकता से कोसों दूर थी। उन्होंने कहा कि एससीओ देशों को आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोहरे मापदंडों को पूरी तरह से पीछे छोड़ने और संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा प्रतिबंधित आतंकी संगठनों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की आवश्यकता है।

### आतंकी समूहों का खतरा चिंता का मुद्दा

डोभाल ने एससीओ के भागीदार देशों से यह आह्वान भी किया कि सीमा पार आतंकवाद के गुनहगारों, आयोजकों और वित्तीय मददगारों की जवाबदेही सुनिश्चित की जानी चाहिए। इसे व्यापक रूप में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई की मांग के रूप में देखा जाना चाहिए। भारत के एनएसए के मुताबिक, इन आतंकी संगठनों के ढांचे और उनसे जुड़े इकोसिस्टम को नष्ट किया जाना चाहिए। डोभाल ने संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित वैश्विक आतंकी संगठनों जैसे लश्करे तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद, अलकायदा और आईएसआईएस व उनके छद्म संगठनों के लगातार बने हुए खतरे के प्रति भारत की ओर से गहरी चिंता जताई। उन्होंने कहा ऑपरेशन सिंधूर पहलगाम आतंकी हमले का जवाब था।

### मानवता के विरुद्ध अपराध है आतंकवाद

डोभाल ने जोर देते हुए कहा कि आतंकवाद से जुड़ा कोई भी कृत्य जिसमें सीमा पार आतंकवाद भी शामिल है। यह पूरी मानवता के खिलाफ किया जाना वाला अपराध है। उन्होंने एससीओ देशों से सीमा पार आतंकवाद को किसी भी तरह से सहायता प्रदान करने वालों को जिम्मेदार ठहराने और उन्हें न्याय के कटघरे में खड़ा करने की अपील की। इसके अलावा उन्होंने आतंकवाद, अलगाववाद और चरमपंथ के खिलाफ संयुक्त सूचना अभियान पर भी जोर दिया।

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बोलीं

# ईयू-यूएस संग एफटीए पर बातचीत तेज भारत का निर्यात 825 अरब डॉलर हुआ



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका और यूरोपीय संघ के साथ प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत तेज गति से आगे बढ़ रही है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समझौता जल्द ही पूरा होने वाला है।

भारत ने पहले ही संयुक्त अरब अमीरात, ऑस्ट्रेलिया और चार देशों के ईएफटीए (यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ) ब्लॉक के साथ एफटीए पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। इसके अलावा ब्रिटेन के साथ बातचीत पूरी हो चुकी है। इंडिया एक्जिम बैंक के व्यापार सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए उन्होंने एफटीए पर चर्चा की।

### भारत का निर्यात रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा

*वित्त मंत्री ने देश के निर्यात पर जोर देते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2025 में वस्तुओं और सेवाओं का कुल निर्यात 825 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। यह पिछले वर्ष की तुलना में 6 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि जहां भारत वैश्विक निर्यात में केवल 4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वहीं भारत निर्यातक व्यापार मोर्चे पर वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद तेजी से आगे बढ़ने और 6.3 प्रतिशत की वृद्धि को पार करने में सफल रहे। 2030 तक 2 ट्रिलियन डॉलर के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निर्यात को बढ़ावा देने के सभी प्रयास किए जा रहे हैं।*

### बजट में 7 टैरिफ दरें हटा दी गईं

वित्त मंत्री सीतारमण ने इस बात पर प्रकाश डाला कि यूरोप में स्लोडाउन जैसी स्थितियों के बावजूद, हमारे निर्यातकों ने रचनात्मक रूप से अपना रास्ता बदला है और नए बाजार खोजे हैं। उन्होंने निर्यातकों को भारत सरकार के दृढ़ समर्थन का आश्वासन दिया। इस संदर्भ में, उन्होंने निर्यात को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा किए गए पांच प्रमुख उपायों पर भी प्रकाश डाला। वित्त मंत्री ने भारत द्वारा अपने आयात पर उच्च टैरिफ लगाने की वैश्विक आलोचना को भी खारिज करते हुए कहा कि इस साल के बजट में 7 टैरिफ दरें हटा दी गई हैं।

### सरकार समर्थन देगी

वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू ने कहा कि भारत की विकास संभावनाएं उज्ज्वल बनी हुई हैं, जबकि वैश्विक अर्थव्यवस्था भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं से उत्पन्न चुनौतियों से परेशान है। उन्होंने कहा कि फार्मास्यूटिकल्स और रत्न एवं आभूषण क्षेत्रों से निर्यात में लचीलापन देखने को मिल रहा है। इस प्रयास में वित्त मंत्रालय नीति, योजनाओं और वित्तीय सहायता के माध्यम से समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध है।

## ऑपरेशन सिंधु जारी

# वायुसेना के 3 विमान से इजराइल से लौटे 594 भारतीय नागरिक

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इजराइल-ईरान तनाव के बीच ऑपरेशन सिंधू के तहत भारतीय नागरिकों की वतन वापसी का सिलसिला लगातार जारी है। मंगलवार को इजराइल से 549 भारतीय नागरिकों को लेकर वायुसेना के तीन विमान नई दिल्ली पहुंचे। पहले विमान में 161, दूसरे विमान में 165 और तीसरे विमान में 268 भारतीय नागरिक लाए गए। भारतीय नागरिकों का एयरपोर्ट पर केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री (एमओएस) पाबित्रा मार्गेरीटा और केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. एल मुरुगन ने स्वागत किया। इसे लेकर विदेश मंत्रालय ने कहा कि विदेश में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है।



### सी-17 विमान से लेकर आए

ऑपरेशन सिंधु को लेकर भारतीय वायुसेना ने कहा कि पश्चिम एशिया के संघर्ष प्रभावित क्षेत्रों में बढ़ते तनाव के जवाब में भारतीय वायुसेना के सी-17 विमानों ने भारतीय नागरिकों और मित्र देशों के नागरिकों को निकालने के लिए जॉर्डन और मिस्र से मिशन शुरू किया। भारतीय वायुसेना जरूरत के समय देश और दुनिया भर में सहायता प्रदान करने के लिए पहले उत्तरदाताओं के रूप में प्रतिबद्ध है।

### ईरान से 2295 भारतीय लाए

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने ट्वीट किया कि ऑपरेशन सिंधु का इजराइल चरण 23 जून 2025 को शुरू हुआ। इसमें जॉर्डन से 161 भारतीय नागरिकों का पहला जत्था स्वदेश लाया गया। इसके बाद वायुसेना का सी-17 विमान इजराइल से 165 यात्रियों को वापस लेकर आया। वहीं मंगलवार दोपहर को तीसरा विमान 268 नागरिकों को लेकर भारत आया।

## आज से चीन की यात्रा पर रहेंगे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

# चीन और रूस के रक्षा मंत्रियों के साथ होगी द्विपक्षीय बैठक

किंगदाओ में 25 से 26 जून तक आयोजित की जाएगी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दुनिया के कुछ भागों में जारी युद्ध और घरेलू स्तर पर पाकिस्तान समर्थित आतंकी हमले के जवाब में की गई ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बुधवार से चीन की दो दिवसीय यात्रा पर रहेंगे। जिसका मकसद किंगदाओ में 25 से 26 जून तक आयोजित किए जाने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में भाग लेने वाले एक उच्च-स्तरीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करना होगा। बैठक से इतर राजनाथ सिंह की चीन और रूस सहित समूह के कुछ अन्य भागीदार देशों के रक्षा मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठक होगी। यह जानकारी रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान जारी कर दी। चीन ने 'शंघाई भावना की निरंतरताः गतिमान एससीओ' की थीम के तहत मौजूदा वर्ष-2025 के लिए समूह की अध्यक्षता की जिम्मेदारी संभाली है। यहां बता दें कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद की जाने वाली रक्षा मंत्री की यह पहली विदेश यात्रा होगी।

### व्यापार और आर्थिक सहयोग को देंगे बढ़ावा

मंत्रालय ने बताया कि बैठक में रक्षा मंत्री एससीओ के सिद्धांतों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को व्यक्त करने, क्षेत्रीय और वैश्विक शांति और सुरक्षा के मामले पर भारत का दृष्टिकोण साझा करेंगे। आतंकवाद और उग्रवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए संयुक्त प्रयासों का आह्वान करेंगे और समूह देशों के बीच व्यापार, आर्थिक सहयोग और संपर्क को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल देंगे। बैठक में समूह देशों के रक्षा मंत्रालयों के बीच सहयोग के अलावा कई अन्य मुद्दों पर भी चर्चा किए जाने की संभावना है।

## एचएएल से अगले साल वायुसेना को मिलेंगे आधा दर्जन तेजस लड़ाकू विमान

# आपूर्ति में देरी के लिए जीई एयरोस्पेस जिम्मेदार: डीके सुनील

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना को अगले साल-2026 तक लगभग आधा दर्जन स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान यानी एलसीए तेजस मिल जाएंगे। अभी तक इनकी निर्धारित समय पर बल को आपूर्ति में हो रही देरी के लिए अमेरिका की इंजन निर्माता कंपनी जीई एयरोस्पेस जिम्मेदार है। उसके द्वारा ही तेजस में लगाए जाने वाले एफ-404 इंजन की एचएएल को सप्लाई करने की समय-सीमा का उल्लंघन किया गया है। बीते दिनों एलसीए के मार्क-1ए संस्करण को वायुसेना को सौंपने में हो रही देरी का एक बड़ा मामला बनकर सामने आने और इस मुद्दे को खुद वायुसेनाध्यक्ष एयरचीफ मार्शल एपी सिंह द्वारा सार्वजनिक रूप से उठाए जाने के बाद हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) डीके सुनील का यह बयान सामने आया है।

### खास बातें

- तेजस पुराने हो चुके मिग-21 लड़ाकू विमानों की जगह लेंगे
- एचएएल मार्च 2026 तक जीई से 12 इंजन लेने के लिए तैयार

### तेजस बड़े से बड़े हवाई खतरे वाले किसी भी माहौल में काम करने में सक्षम



वर्ष 2021 में रक्षा मंत्रालय ने 83 एलसीए मार्क-1ए विमानों की खरीद के लिए एचएएल के साथ कुल करीब 48 हजार करोड़ रुपए के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। रक्षा मंत्रालय में 97 और एलसीए मार्क-1ए विमानों की खरीद की प्रक्रिया जारी है। जिस पर करीब 67 हजार करोड़ रुपए की लागत आएगी। सिंगल इंजन वाला तेजस विमान वायुसेना के जंगी बेड़े में शामिल काफी पुराने हो चुके मिग-21 लड़ाकू विमानों की जगह लेंगे। वायुसेना को वर्तमान में तेजी के साथ लड़ाकू विमानों की आवश्यकता है। क्योंकि उसके युद्धक बेड़े में शामिल विमानों की संख्या गिरकर 31 रह गई है। जबकि इनकी आधिकारिक संख्या 42 है। इस विमान को एचएएल ने इस प्रकार से तैयार किया है कि ये बड़े से बड़े हवाई खतरे वाले किसी भी माहौल में काम करने में सक्षम है।

### इस वित्त वर्ष में मिलेंगे 12 विमान

एचएएल प्रमुख ने कहा कि जीई एयरोस्पेस से इस वित्त वर्ष में एक दर्जन इंजनों की सप्लाई संभव है। जो विमानों को वायुसेना को सौंपने में मदद करेगी। प्रत्येक कंपनी के साथ आलोचना का भी एक पक्ष जुड़ा होता है। अभी तक छह विमान बनकर तैयार हैं। लेकिन जीई की तरफ से इंजन की आपूर्ति नहीं की गई है। जबकि उसे 2023 में ही एचएएल को इंजन सौंपने थे। अब तक हमें केवल एक इंजन ही मिला है। पूर्व में जीई की तरफ से इंजन को सौंपने में हुई देरी के पीछे कोरोना महामारी जैसे कारण वजह रहे हैं। तकनीकी मामले के हल होने के बाद एचएएल मार्च 2026 तक जीई से 12 इंजन लेने के लिए तैयार है। एचएएल की योजना आगामी वर्ष में 16 तेजस बनाने की है।

# मस्जिद के बाहर छात्र का मोबाइल झपटा, भीड़ ने एक को पकड़कर खूब पीटा, फिर किया पुलिस के हवाले

## नशे में धूत होने के कारण भाग नहीं सका एक झपटमार, पुलिस कर रही दो अन्य साथियों की तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित नूरमहल इलाके में मस्जिद के पास तीन झपटमारों ने दसवीं के छात्र का मोबाइल झपट लिया। छात्र ने शोर मचाया तो दो आरोपी भाग निकले, जबकि नशे में धूत उनका साथी वहीं रुक गया। उसे भीड़ ने पकड़कर पहले तो जमकर धुनाई की फिर पुलिस के हवाले कर दिया।

पुलिस ने छात्र की शिकायत पर झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 16 साल का



अल्फेश खान, शहंशाह गार्डन अशोका गार्डन में रहता है और दसवीं कक्षा का छात्र है। उसका परिचित एसी रिपेयरिंग का काम करता है। अल्फेश उसके साथ एसी सुधारने के लिए गया था। सोमवार शाम काम करने के बाद अल्फेश और उसका साथी नमाज पढ़ने नूरमहल के पास मस्जिद गए। वहां से बाहर निकले ही थे कि रात करीब 9 बजे के आसपास तीन बदमाशों ने अल्फेश के हाथ से मोबाइल झपट लिया। अल्फेश ने शोर मचाया तो दो झपटमार वहां से भाग निकले, जबकि तीसरे को भीड़ ने पकड़ लिया। भीड़ ने पकड़ाए झपटमार की धुनाई की और उसे लेकर थाने पहुंचे। वहां उसने अपना नाम महेंद्र सिंह ठाकुर (22) टीलाजमालपुरा बताया। आरोपी ने बताया कि उसके साथ झपटमारी करने वाले भागे युवक रियाज और शैलेंद्र है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर उसके दोस्तों की तलाश कर रही है।

ज्ञात हो कि राजधानी में मोबाइल और चेन स्केचिंग की वारदाते लगातार हो रही है। इस वारदात से बच्चे, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग पीड़ित हैं। महिलाओं को बदमाश सराआम शिकार बना रहे हैं। अधिकांश मामालें के आरोपी भी खुले आम घूम रहे हैं। पुलिस को अभी तक उनका कोई सुराग नहीं मिला है, सर्फ जांचे जारी है।

संस्कार विद्यालय में हर मंगलवार को होता है आयोजन

# बच्चों ने हनुमान चालीसा के साथ गीता के श्लोकों का किया वाचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

संस्कार विद्यालय में हर मंगलवार को प्रातः प्रार्थना के समय हनुमान चालीस का पाठ का प्रारंभ किया था। इसी कड़ी में मंगलवार को प्रातः प्रार्थना के संस्था के सचिव बसंत चेलानी, कोषाध्यक्ष चन्दर नागदेव द्वारा संगीतमय हनुमान चालीसा के साथ गीता के श्लोको का वाचन किया गया।

संस्था के सचिव बसंत चेलानी ने कहा कि हमारे विद्यालय को आगे बढ़ाने में आप लोगों की प्रार्थना काम आती है। इस कारण अब हनुमान चालीसा के पाठ के साथ गीता के श्लोकों का वाचन भी करते हैं, जिससे नई पीढ़ी को संस्कृति की पहचान हो सके। संस्था के कोषाध्यक्ष चन्दर नागदेव ने कहा ये हमारे विद्यालय की परम्परा है। इससे अपनी संस्कृति की जानकारी मिलती है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य आरके मिश्रा,



कोर्डिनेटर सीमा शर्मा एवं समस्त शिक्षक एवं विद्याथी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पटवारी से की भेंट

**औबेदुल्लागंज।** कांग्रेस पार्षद, नेता प्रतिपक्ष ने मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी से उनके निवास पर भेंट की। इस दौराना नगर के महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा की। उनके संजय सिंह चौहान, पार्षद राजेश खटीक, राजू मेहरा सरपंच संघ अध्यक्ष, पंकज नागरानी और अन्य साथी मौजूद रहे।

### डॉ. नागर और चौकसे ने की पटवा से मुलाकात



**औबेदुल्लागंज।** भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर एवं नगर परिषद अध्यक्ष के प्रतिनिधि सोनू चौकसे ने मंगलवार को विधायक सुरेंद्र पटवा से मुलाकात की। भूपेंद्र नागर और सोनू चौकसे की इस मुलाकात से नगर की राजनीति पुनः गर्मा गई है।

### हंगामे में नगर परिषद की भ्रष्टाचार की बातें दब गईं

**औबेदुल्लागंज।** जब से भाजपा नेता बने सिंह परमार का विवाद हुआ है, तब से 9 पार्षद ठंडे से नजर आ रहे हैं। पिछले महीने नगर में बड़े-बड़े हंगामे हुए। यह हंगामा सोशल मीडिया पर भी वायर हुआ था। यह हंगामा नगर में अतिक्रमण हटाने को लेकर हुआ था। इस हंगामे में नगर परिषद की भ्रष्टाचार की बातें दब गईं। अतिक्रमण में टूटी दुकान मालिक अब रोजी-रोटी की तलाश में भटक रहे हैं। खाली जगह पर नगर परिषद ने तार फेंसिंग करा कर चुप हैं। बरहाल पिछले चार माह में औबेदुल्लागंज में नगर परिषद की पोल दब गई, मगर काना फूसी जारी है कि अगर विधायक ने हाथ खींच लिया तो क्या होगा? बरहाल नगर में चर्चा है कि विगत चार माह से राजनीति बदल गई है, अब दोनों कंधे नगर परिषद मैं मजबूत है एक कंधा विधायक के साथ है तो दूसरा कंधा विधायक विरोधियों का है।

### उद्योगों के विस्तार के लिए कार्यशाला आज

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग की मध्यप्रदेश की नोडल एजेंसी लघु उद्योग निगम और इंडस्ट्री पार्टनर लघु उद्योग भारती द्वारा मंडीदीप में बुधवार सुबह 11 बजे एक होटल में लघु उद्योग भारती के सहयोग से उद्योगों के विस्तार एवं कार्य पद्धति में सुधार के लिए कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र की जनरल मैनेजर हंसराज चौधरी ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर उद्योगों की कार्यप्रणाली में सुधार एवं विस्तार के लिए रैंप नाम से कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 4905 | | |
| दिन: | 125 | 81 | 236 |
| रात: | 167 | 42 | 336 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 168 | 59 | 388 |
| रात: | 136 | 02 | 138 |

35 लाख 50 हजार में तय हुआ था मकान का सौदा आरोपी ने न पैसे लौटाए और न ही रजिस्ट्री करवाई

## रकम देने के बाद भी जालसाज ने नहीं चुकाया बैंक का लोन

# बैंक में गिरवी रखा मकान बेचने का झांसा देकर ई-रिक्शा चालक से 26.50 लाख ठगे

### टीला जमालपुरा स्थित ढाई मंजिला मकान की खरीद-फरोख्त की हुई थी बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

टीलाजमालपुरा में जालसाज ने बैंक में गिरवी रखा मकान बेचने का झांसा देकर ई-रिक्शा चालक को 26 लाख 50 हजार रुपए का चूना लगा दिया। आरोपी ने वादा किया था कि वह बैंक का लोन चुका कर रजिस्ट्री उसके नाम कर देगा। मकान का सौदा 35 लाख 50 हजार में तय हुआ था। फरियादी ने उसे 26 लाख 50 हजार रुपए दे दिए। इसके बाद भी आरोपी ने बैंक लोन नहीं चुकाया। अब न तो वह रकम लौटा रहा है और न ही मकान खरीदार के नाम कर रहा है। आरोपी ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर फरियादी को झूठे प्रकरण में फंसाने की धमकी भी दी।

पुलिस ने बताया कि रेजीमेंट रोड टीला जमालपुरा निवासी सलीम खान (48) ई-रिक्शा चलाते हैं। मार्च 2025 में उन्होंने लिखित शिकायती आवेदन देते हुए बताया कि साल 2023 में अनवर मियां निवासी गैस राहत कॉलोनी से फरहान मस्जिद के पास टीला जमालपुरा स्थित उनके ढाई मंजिला मकान की खरीद-फरोख्त की बात हुई थी। मकान विक्रय का सौदा 35 लाख 50 हजार रुपए में तय हुआ। अनुबंध पत्र तैयार कर अनवर मियां ने वादा किया कि वह मकान पर बैंक से लिया 20 लाख रुपए का लोन चुकाने के अलावा उसमें रहने वाले चारों किराएदारों से मकान खाली कराकर तीन माह में रजिस्ट्री करा देगा। तब फरियादी सलीम ने 28 जून को चार लाख रुपए नगद अनवर को दिए थे।

#### हजार रुपए के स्टाम्प पेपर पर किया था अनुबंध पत्र तैयार

दोनों के बीच 28 जून को एक हजार रुपए के स्टाम्प पेपर पर अनुबंध पत्र तैयार कराया गया। इसके बाद सलीम खान ने 15 लाख रुपए का सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया गोलघर शाखा का चेक अनवर मियां को दिया था। 8 जून 2023 को 15 लाख रुपए अनवर मियां के खाते में ट्रांसफर होना पाया गया। आरोपी अनवर मियां के कहने पर सलीम ने किराएदार आफाक को ढाई लाख रुपए व किराएदार बबलू को पांच लाख रुपए भी दे दिए। इस प्रकार आरोपी अनवर ने मकान विक्रय के 26 लाख 50 हजार रुपए सलीम से प्राप्त कर लिए, लेकिन रकम लेने के बाद भी अनवर ने न तो बैंक का लोन चुकाया और न ही उक्त मकान की रजिस्ट्री फरियादी के नाम कराई। आरोपी ने पैसा लौटाने से भी इनकार कर दिया।




#### झूठे प्रकरण में फंसाने की दी धमकी

पुलिस ने बताया कि फरियादी सलीम खान को आभास हो गया था कि आरोपी अनवर ने उसका पैसा हड़पने की नीयत से उसके साथ धोखाधड़ी की है। उन्होंने अनवर पर अपना पैसा लौटाने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। इस पर अनवर अपनी पत्नी के साथ फरियादी के घर पहुंचा और गाली-गलौज कर धमकी दी। उसने कहा कि रजिस्ट्री नहीं कराऊंगा। तुझसे जो करते बने, कर ले। उसने धमकी दी कि वह उसे झूठे केस में फंसा देगा।

### नौकरी दिलाने का कहकर महिला से 38 हजार की ठगी

कोतवाली थाना क्षेत्र में प्राइवेट नौकरी दिलाने का प्रलोभन देकर रिश्तेदार महिलाओं ने एक बेरोजगार से 38 हजार रुपए ठग लिए। दोनों आरोपी महिलाएं गृहणी हैं और 60 हजार रुपए में नौकरी दिलाने का झांसा दिया था। पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर महिलाओं की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक पीरगेट थाना कोतवाली निवासी उमर खान (42) बेरोजगार हैं और उन्हें नौकरी की तलाश थी। नवबंर 2024 में रिश्तेदार महिलाओं हिना आफताब और सबा अंसारी ने उन्हें नौकरी दिलाने का झांसा दिया था। महिलाओं ने कहा था कि 60 हजार रुपए में वह प्राइवेट नौकरी लगवा देंगी। फरियादी ने उन्हें 38 हजार रुपए भी दे दिए थे। तय हुआ था शेष रकम नौकरी लगने के बाद दी जाएगी। समय बीतने के बाद भी उमर खान की नौकरी नहीं लगी। संदेह होने पर उन्होंने अपने पैसे लौटाने को कहा तो महिलाओं ने पैसे देने से इनकार कर दिया। तब जनवरी 2025 में फरियादी उमर ने कोतवाली पुलिस को लिखित शिकायती आवेदन दिया था। जांच के बाद पुलिस ने दोनों महिलाओं के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## जमीन के नाम पर एक करोड़ की ठगी करने वाला बदमाश गिरफ्तार



**खास बातें**

- जालसाज पर लूटपाट, डकैती, हत्या के प्रयास, अड़ीबाजी सहित 37 अपराध दर्ज
- एक करोड़ रुपए हाथ लगने के बाद आरोपी ने कारोबारी महेंद्र दिवाकर से बनाई दूरी

परवलिया सड़क पुलिस ने शातिर जालसाज को गिरफ्तार किया है। जालसाज कोहेफिजा थाने का निगरानी बदमाश है और उस पर लूटपाट, डकैती, हत्या के प्रयास, अड़ीबाजी सहित 37 अपराध दर्ज है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एसपी देहात ने पांच हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया था। पुलिस के अनुसार महेंद्र दिवाकर, महालक्ष्मी नगर, इंदौर ने गत 26 सितंबर को शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने शिकायत में बताया कि सुरेन्द्र कुमार मिहानी (58) इंद्र विहार कॉलोनी कोहफिजा द्वारा बताया गया कि उसके पास परवलिया सड़क के गांव में मोरगा में जमीन है। उसके पास 7-8 एकड़ भूमि हैं और आसपास की भूमि उनके परिचितों की है। उक्त भूमि को ज्वाइंट वेंचर बताकर एग्रीमेंट करा लिया। इसके बाद 1 करोड रुपए की राशि प्राप्त कर ली। एक करोड़ रुपए हाथ लगने के बाद आरोपी सुरेंद्र मिहानी ने कारोबारी महेंद्र दिवाकर से दूरी बना ली। न ही जमीन की रजिस्ट्री कराई और न ही एक करोड़ रुपए लौटाए गए। आरोपी ने अपना मोबाइल बंद किया और ठिकाना भी बदल लिया। महेंद्र दिवाकर की शिकायत पर परविलया पुलिस ने धोखाधड़ी और अमानत में खयानत की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया। पुलिस की टीम ने आरोपी के ठिकानों पर दबिश दी, लेकिन वह लगातार पुलिस को गुमराह कर फरार था।

### रुपए हाथ लगने के बाद खाटू श्याम गया बदमाश

थाना प्रभारी रोहित नागर ने बताया कि धोखाधड़ी की रकम हाथ लगने के बाद आरोपी दो से तीन बार खाटू श्याम के दर्शन करने गया था। पुलिस की टीम उसके घर और हर संभव ठिकानों पर दबिश दे रही थी, लेकिन आरोपी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ रहा था। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए मुखबिर तंत्र सक्रिय किए। इस बीच मुखबिर से सूचना मिली कि किसी पुराने अपराध में वह भोपाल कोर्ट पेशी पर आया है। पुलिस ने कोर्ट के आसपास घेराबंदी की और आरोपी को दबोच लिया।

### जीएमसी कैंटनी से बेसन मिलन रेस्टॉरेंट से राजभोग मिठाई के लिए सैंपल

**भोपाल।** खाद्य अमले ने मंगलवार को जीएमसी के कैंटीन और मिलन रेस्टॉरेंट से खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए हैं। टीम सबसे पहले मार्ट फूड प्लाजा पहुंची, जहां से विलिंक कॉमर्स प्राइवेट लिमिटेड बॉकेट से सूजी और मुंगफली दाना, ईश्वर बेकरी सुभाष कॉलोनी इंडस्ट्रियल एरिया गोविंदपुरा से मैदा, मिलन रेस्टॉरेंट एमपी नगर से राजभोग मिठाई, गांधी मेडिकल कॉलेज स्थित जेडीए कैंटीन से सताइस पर्व बेसन, तारा मेडिकल कोलार से लैक्टोजन, सिद्धि विनायक रिटेल सोल्यूशन बावड़ियां कला से नमकीन, प्रतिमा सुपर स्टोर्स गुलमोहर से सरसों तेल अन्य जगहों से सैंपल लिए।



### नशे के विरुद्ध 200 बच्चों ने लगाई दौड़

**मंडीदीप।** अंतरराष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अंतर्गत जन जागरुकता लाने के लिए मंगलवार को भोजपुर में जागरुकता मैराथन सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा आयोजित किया गया। मैराथन दौड़ में 200 बच्चों ने भाग लिया। मैराथन में बालक वर्ग में अंकित पाल ने प्रथम पुरस्कार, अनिल ने द्वितीय और दीपांशु सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में सपना रघुवंशी ने प्रथम, भूमि पटेल ने द्वितीय और पायल नोरिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# बिजली की समस्या दूर करने पर पटवा का माना आभार

### नए फीडर से जोड़ी वार्ड 2 की बिजली की लाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

बिशनखेड़ा फीडर से वार्ड 2 को अलग करके दूसरे फीडर से जोड़ने के लिए लाइन का काम पूर्ण हो चुका है। जेई गौरव छाबड़ा ने बताया कि फीडर को अलग-अलग करने के लिए नई लाइन खींच गई है। प्रबंधक डीई अनुराग सोनकर की निगरानी में काम संभव हो सका है। अतिरिक्त भार होने के कारण बिशन खेड़ा और वार्ड 2 हमेशा ही विद्युत समस्या से प्रभावित थे।

पटवा ने समीक्षा बैठक में भी अधिकारियों को समस्या के निराकरण के निर्देश दिए थे, जिसके बाद विद्युत विभाग ने गंभीरता



दिखाते हुए लगभग कार्य पूर्ण किया है। वार्ड 2 और 1 की बिजली की समस्या का निराकरण करवाने के लिए मंगलवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र नागर, वार्ड 2 के पार्षद नरेश सेठी, पार्षद दीपू परमार, पवनजोत सिंह, जीतू नंदवंशी ने विधायक सुरेंद्र पटवा का आभार व्यक्त किया।

### कोरोना काल में बंद किया था ट्रेनों का स्टॉपेज

# औबेदुल्लागंज रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

व्यापार महासंग और किराना व्यापार संघ एवं नगर के रेल रोको अभियान के सदस्यों ने मंगलवार को केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, विधायक सुरेंद्र पटवा से मांग की है कि कोरोना काल से बंद नर्मदा एक्सप्रेस का स्टॉपेज पुनः शुरू किया जाए।

औबेदुल्लागंज में मेमो ट्रेन चले, जबलपुर सोमनाथ राजकोट, हबीबगंज जबलपुर इंटरसिटी, भोपाल जबलपुर, कुशीनगर और झेलम एक्सप्रेस का स्टॉपेज शुरू हो। व्यापार महासंघ अध्यक्ष जगदीश चंदानी, सचिव प्रदीप



अरोरहा, किराना व्यापार संघ अध्यक्ष विक्रम धाड़ी, नीरज चावला, गिरीश चावला, बल्लू अरोरा, विवेक मित्तल, अमित राय, सोनू राय, दिनेश सेन, दिलीप मित्तल, श्याम मालवीय, रतन मेघानी, रमेश वासवानी, आशीष दीक्षित, कैलाश डब्बू नागर, रेल रोको मुख्य अशोक सेठी, अशोक मित्तल, भारत निहाल, डॉ. नंदू नागर आदि ने स्टॉपेज की मांग की है।

थोड़ी से बारिश ने नगर परिषद की खोली पोल

# जल निकासी न होने से मुख्य सड़क पर भरा पानी, लोग हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर में हुई जोरदार बारिश ने नगर परिषद की कलई खोल दी। महावीर कॉलोनी वार्ड 2 की मुख्य सड़क पर बारिश का पानी भरा गया, जिससे आने-जाने में लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है।

भाजपा नेता सर्वेश गौर, संजय सिंह चौहान, पेंशनर समिति अध्यक्ष नवल किशोर मालवीय, व्यापार महासंघ संरक्षक अशोक सेठी, रमेश गौर, प्रेम नारायण सोनी, भाजपा नेता कांता पटेल, सरदार गुरमीत सिंह, अमित मौनी नागर, विकास श्रीवास्तव, सुरेंद्र सिंह, थानेदार कुंवर सिंह नागर, सीताराम मालवीय, कांग्रेस नेता विनोद इरपाचे, पंकज नागरानी, मनीष





गोशिंदे, बृजमोहन यादव, पंडित शैलेंद्र दुबे आदि ने बताया कि यहां न तो नाली है न ही सफाई की व्यवस्था है। बारिश के पानी निकासी की भी व्यवस्था नहीं है। मंगलवार को नगर में थोड़ी सी बारिश से मुख्य सड़क पर जल भराव हो गया, जिससे आने-जाने में लोगों को भारी परेशानी हो रही है।


### नशा छोड़ने के बाद डिप्रेशन में रहने लगा था युवक

# नशामुक्ति केंद्र से लौटे युवक ने फांसी लगाकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार थाना क्षेत्र स्थित साईं नाथ कॉलोनी में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें उसने आत्महत्या के लिए खुद को जिम्मेदार बताया है और परिजन से माफी मांगते हुए बेटी के खाते में समय पर रुपए डालने की बात लिखी है। एक पन्ने के इस सुसाइड नोट में किसी पर आरोप नहीं लगाए हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार कलपेश दुबे पिता रामस्वरूप दुबे (46) साईंनाथ कॉलोनी कोलार में रहता था। उसने बीफार्मा की पढ़ाई की थी। पिता बिजली विभाग से रिटायार्ड हैं। कलपेश परिवार का इकलौता बेटा था, जबकि बहन की शादी हो चुकी है। कलपेश की मां द्रोपती दुबे ने बताया कि पति और परिवार सागर में रहता है। वहां उनका मेडिकल स्टोर है। यहां बेटा कलपेश और वह अकेली रहती थी। रविवार रात बेटे के साथ उन्होंने खाना खाया और सो गई। बेटा कलपेश ऊपर वाले कमरे में सोने चला गया। सोमवार सुबह उनकी नींद खुली तो वह कलपेश के कमरे में पहुंची थी। इस दौरान पता चला कि उसने टावेल का फंदा बनाकर पंखे के हुक में फांसी लगा ली है। घटना की जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस को एक पन्ने का सुसाइड नोट मिला है। सुसाइड नोट में उन्होंने आत्महत्या के लिए खुद को जिम्मेदार बताया है। उन्होंने लिखा की बेटी के खाते में समय पर रुपए डालते रहना।



#### छोड़ चुके थे शराब

कलपेश की मां ने बताया कि कलपेश शराब पीने का आदी था। उसने अपनी पत्नी को खुद ही मायके जाने के लिए कह दिया था। उसने कहा था कि जब उसके नशे की आदत छूट जाएगी तो वह घर बुला लेगा। परिजन ने उसे दो बार नशामुक्ति केंद्र भेजा। अभी दो महीने पहले ही वह नशामुक्ति केंद्र से घर आया था। मां द्रोपती बाई ने बताया कि नशा मुक्ति केंद्र से आने के बाद कलपेश ने शराब छोड़ दी। अचानक नशा छोड़ने के बाद वह तनाव में रहने लगा था।

### जमीनी विवाद में किसान ने खेत में आम के पेड़ पर लगाई फांसी

स्टेशन बजरिया थाना क्षेत्र स्थित कोच फैक्ट्री के पास मंगलवार सुबह एक किसान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से एक सुसवाइड नोट भी मिला है। पुलिस ने सुसाइड नोट जब्त कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार दुर्गा प्रसाद कुशवाह (50) लवकुश नगर, स्टेशन बजरिया में रहते थे। मंगलवार सुबह वह घर से उचित मूल्य की दुकान गए थे। इसके बाद अपने खेत पहुंचे। कोच फैक्ट्री के पास खेत में पहुंचने के बाद उन्होंने आम के पेड़ पर फांसी लगा ली। करीब साढ़े 11 बजे खेत पर सब्जी लेने के लिए एक ऑटो वाला पहुंचा था। उसने दुर्गा प्रसाद को आम के पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटके देखा और बजरिया चौराहा पर कुछ लोगों को सूचना दी। इस दौरान वहां दुर्गाप्रसाद का रिश्तेदार भी खड़ा था। वह भी खेत पहुंच गया। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस की टीम भी पहुंच गई थी। पुलिस ने मृतक की तलाशी। इस दौरान मृतक के पास से एक सुसाइड नोट मिला। सुसाइड नोट में उन्होंने परिवार के ही कुछ लोगों पर प्रताड़ित करने के आरोप लगाए हैं।

### मंडीदीप की कई कंपनियां आएंगी

# युवाओं को रोजगार देने उदयपुरा में आज लगेगा युवा संगम मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार तथा स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा के निर्देशानुसार में बुधवार को जिला स्तरीय युवा संगम मेले का आयोजन उदयपुरा जनपद पंचायत कार्यालय में किया गया है। जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र तथा कौशल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार सुबह 11 से अपरान्ह 4 बजे तक मेला आयोजित किया गया है।

इसमें युवाओं को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस मेले में नवभारत फर्टीलाइजर भोपाल, वोल्वो, आयशर बगरोदा, टेस्ला ट्रांसफामर्स इंडिया लिमिटेड मण्डीदीप, अनंत स्पिनिंग मिल्स मंडीदीप, नाहर स्पिनिंग मिल मंडीदीप, इंसुलेटर्स एंड इलेक्ट्रिकल्स मंडीदीप, आईडब्ल्यूआई स्टेशनरी मंडीदीप, यश्यवी ग्रुप मंडीदीप, वर्धमान यार्न मंडीदीप, होम हेल्प सेंटर रायसेन, द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके लिए अनिवार्य योग्यता पदानुसार कक्षा 8वीं, 10वीं, 12वीं, स्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा इंजीनियरिंग एवं डिग्री इंजीनियरिंग है। आयु सीमा 18 वर्ष से 35 वर्ष निर्धारित है।

# दो माह की मेहनत के बाद तैयार हुई 'बेस्ट फ्रेंड' सीरीज, दिखा दोस्ती का आधार

## भारत भवन में रुपाभ प्रदर्शनी श्रंखला में आर्टिस्ट तृप्ति गुप्ता और अनुराग जड़िया के 45 चित्रों की प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दोस्ती एक ऐसा अहसास है जो जीवन के कठिन पड़ावों में सहारा बनती है, मुश्किल समय में एक कांधा, जिस पर सिर रखकर अपनी उलझनों को सुलझाया जा सके और एक प्यारा सा अहसास जो आपके जीवन को सुकून और शांति से भर देता है। ऐसी ही दोस्ती की मिसाल दर्शाती तृप्ति की बेस्ट फ्रेंड सीरीज, जिसमें तृप्ति की बनीं चार पेंटिंग्स ने बरबस ही दर्शकों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। दो माह की मेहनत के बाद पेंसिल और इंक से ब्लैक एंड व्हाइट फार्म में बनी तृप्ति गुप्ता की पेंटिंग सहित अनुराग जड़यि की पेंटिंग्स को एग्जीबिट किया भारत भवन की रुपाभ प्रदर्शनी श्रंखला के अंतर्गत रंगदर्शनी दीर्घा में। करीब 45 पेंटिंग्स से सजी इस पेंटिंग एब्जीबिशन का शुभारंभ मंगलवार को हुआ, जिसमें जहां तृप्ति ने मुख्य रुप से रिश्तों पर आधारित पेंटिंग्स को एग्जीबिट किया तो वहीं अनुराग की पेंटिंग में पर्वत, पहाड़, नदियां और पठारों को दर्शाया गया।

### रिश्तों की अहमियत दर्शाते चित्र



*वहीं, भाई-बहन, माता-पिता, स्कूल जाने वाली बच्चों से लेकर हर एक रिश्ते को अपनी पेंटिंग में शामिल करने वाली तृप्ति ने कहा कि मैंने शायद रिश्तों को काफी करीब से महसूस किया है, इसलिए मेरे चित्रों में रिश्तों के प्यारे अहसास को दर्शाया है और आज तो रिश्तों की अहमियत समझनी बेहद आवश्यक है, क्योंकि सोशल मीडिया की वजह से यह रिश्ते कहीं न कहीं दूर होते जा रहे हैं।*

### पर्वतीय चित्रों में कहीं नजर आया मानवीय चेहरा तो कहीं अपने शावकों के साथ बैठी शेरनी

ऐक्रेलिक ऑन कैनवास पर काम करने वाले अनुराग ने कहा कि जब मैं पचमढ़ी गया तो वहां पर्वतों की आकृति आपको बहुत अलग नजर आती है, जिसमें कहीं आपको एक शेरनी अपने शावकों के साथ बैठी हुई दिखेगी तो कहीं मोर की आकृति इसके साथ ही पर्वतों की ऊंचाईयों पर आपको मानवीय चेहरा भी कहीं न कहीं नजर आ ही जाएगा और मैंने अपने चित्रों में इन्हीं आकृतियों को उकेरा है।



### अपने नजरिए से दर्शाए पहाड़ों के दृश्य

पर्वत, पहाड़ और पठारों जैसे प्राकृतिक दृश्यों से सजी पेंटिंग बनाने वाले चित्रकार अनुराग ने कहा कि मुझे ट्रेवल करना बेहद पसंद है, वो भी पर्वतीय स्थानों पर और अपनी इस यात्रा के दौरान मैं इन पर्वत, पहाड़ों को काफी करीब से देखता और प्रकृति के इस रमणीय स्थलों की गहराईयों में जाने की कोशिश करता इसलिए मेरी पेंटिंग में पर्वतों के ऐसे आकार दर्शाए गए है, जो शायद देखने वाले के नजरिए के ऊपर निर्भर करते हैं।



---

## गजल सचदेव बनीं सीजन थ्री की मिसेज मध्यप्रदेश



**भोपाल।** इंदौर रोड स्थित एक रिसॉर्ट में मिस्टर, मिस और मिसेज मध्यप्रदेश सीजन 3 का आयोजन किया गया, जिसमें बॉलीवुड अभिनेता अमन यतन वर्मा और अभिनेत्री चांदनी भवनानी सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में शामिल हुईं। इस मौके पर गजल सचदेव को सिल्वर केटेगरी में मिसेज मध्यप्रदेश चुना गया है। कार्यक्रम में महेश्वरी साड़ी, लहंगा और ब्राइडल लहंगे को खूबसूरत ढंग से पेश किया गया।

सीजन-3 में मिस्टर मध्यप्रदेश के लिए जय शाह को चुना गया, जबकि मिसेज मध्यप्रदेश सिल्वर कैटेगरी में गजल सचदेव ने अपने प्रतिद्वंदियों को पछाड़कर मुकाम हासिल किया है। इस सीजन के माध्यम से दो प्रतिभागी अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।

---

### सदानीरा समागम: भारत भवन में नृत्य नाट्य की प्रस्तुति

# जलम् अमृत: जीवन के मूल आत्मा की पुकार...


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत सदानीरा समागम के पांचवे दिन भारत भवन के अंतरंग सभागार में निशा त्रिवेदी द्वारा निर्देशित नृत्य नाट्य जलम्-अमृत की प्रस्तुति हुई। इस नृत्य नाट्य में यह प्रस्तुत किया गया कि जल केवल एक तत्व नहीं, जीवन का मूलभूत आधार है। जल में औषधि है, ऊर्जा है और ब्रह्म की छाया है। सृष्टि के प्रारंभ में, जब भाषा नहीं थी, तब भी हमारे ऋषियों ने इस सत्य को अनुभूति के स्तर पर पहचान लिया। ऋग्वेद का प्रथम मंत्र अग्निमीले पुरोहितं सृजन के प्रथम स्वर को अग्नि की चेतना के रूप में प्रतिष्ठित करता है।



### मानव स्वयं को कर्तव्यबद्ध, भावनाशील और उत्तरदायी बनाएं...

जलम अमृत केवल एक मंचीय प्रस्तुति नहीं यह एक भाव-जागरण है। एक आह्वान है कि हम फिर से जल को अमृत मानें। प्रकृति को माता के रूप में पुनः प्रतिष्ठित करें और मानव स्वयं को कर्तव्यबद्ध, भावनाशील और उत्तरदायी बनाए। आज शासन और नीति प्रयासरत हैं, पर वास्तविक परिवर्तन तब होगा जब समाज अपनी भूमिका को पुनः पहचानेगा। जलम् अमृत इसी आत्मबोध और सांस्कृतिक पुनर्स्थापन की संवेदनशील यात्रा है। जलीय जीव एवं जल संरचनाओं पर एकाग्र वैचारिक समागम का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर सभी विद्वानों ने एक स्वर में कहा कि नदी तालाबों और जल संरचनाओं को संबोधित संरक्षित करने के लिए सरकार के साथ-साथ लोक समाज को भी आगे आना होगा तभी हम अपना भविष्य सुरक्षित कर पाएंगे।



### पानी को बचाने का भोपाल सबसे बड़ा उदाहरण ...

वरिष्ठ लेखक व पत्रकार अजय बोकिल ने कहा कि पानी को बचाने, साफ और उसके महत्व को कायम रखने के लिए भोपाल सबसे बड़ा उदाहरण है। वरिष्ठ साहित्यकार संतोष चौबे ने कहा कि जल संरचनाओं को नदियों को संरक्षित करने के लिए पानी के पक्ष में जन अभियन चलाया जाना चाहिए। आज इस विषय पर गंभीरता से सोचने की जरूरत है और जल संरचनाओं को बचाने के लिए प्रदेश के, देश के, दुनिया के मॉडलों को अपनाना चाहिये।




---

# जापानी मियावाकी तकनीक से प्रत्येक वर्ष करते हैं एक लाख पौधों का रोपण

## भोपाल आईं इनर व्हील क्लब ऑफ इंडिया की राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्योति महिपाल ने अपने अनुभव साझा कर दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हरिभूमि चर्चा

आज देश में पर्यावरण संरक्षण की बात की जाती है, लेकिन पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए सिर्फ पौधारोपण से ही काम नहीं होगा, बल्कि पौधारोपण की भी ऐसी तकनीक अपनानी होगी, जिससे वो पौधा कम समय में पेड़ बनकर प्रकृति को हरा-भरा बना दे और इसके लिए इनर व्हील क्लब जापान की मियावाकी तकनीक से देशभर में पौधारोपण करता है। 1970 के दशक में प्रसिद्ध जापानी वनस्पतिशास्त्री अकीरा मियावाकी द्वारा विकसित की गई इस तकनीक के अंतर्गत हम प्रत्येक वर्ष एक लाख पौधों का रोपण करते हैं, इस तकनीक का उपयोग घने और विविध-वनस्पतियों वाले छोटे वन बनाने के लिए किया जाता है। जिसमें विभिन्न प्रकार के देशी पौधों को एक दूसरे के बहुत करीब लगाया जाता है, जिससे वे तेजी से बढ़ते हैं और एक सघन वन बनाते हैं.... ।

यह कहना है इनर व्हील क्लब ऑफ इंडिया की राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्योति महिपाल का। जो मंगलवार को भोपाल आईं और हरिभूमि से बातचीत में उन्होंने क्लब के लक्ष्यों और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।



### ज्ञान ज्योति स्कॉलरशिप में 40 बच्चों को स्कॉलरशिप

उन्होंने कहा कि मैं 2008 में जब क्लब की प्रेसिडेंट बनीं, तब मैंने अंडर प्रिवलेज लोगों के लिए कार्य करने को महत्व दिया। जिसमें मैंने सबसे पहले ज्ञान ज्योति स्कॉलरशिप शुरू की, जिसके जरिए कोलकाता के 40 बच्चों को उनके रिजल्ट के आधार पर स्कॉलरशिप दिलवाने का कार्य शुरू किया। क्योंकि आज शिक्षा की बात सभी करते हैं, लेकिन कई बार अंडरप्रिविलेज बच्चे बुद्धिमान होते हुए भी पैसों की कमी से वजह से शिक्षा से वंचित रह जाते हैं।

### अकाउंटेंट बनने पर थी मनाही, इसलिए मोंटेसरी में हाथ आजमाया

कॉमर्स से पोस्ट ग्रेजुएशन करने वाली ज्योति ने कहा कि मुझे परिवार द्वारा अकाउंटेंट बनने पर मनाही थी, फिर भी मेरा बेटा थोड़ा बड़ा हुआ तो मोंटेसेरी स्कूल गया। तब मुझे लगा कि इसी क्षेत्र में कुछ करना है और जब 2008 में में क्लब की अध्यक्ष बनी तो मेरा फोकस बच्चों की शिक्षा पर ही रहा।

### मासूम बच्चियों को सर्वाइकल कैंसर वैक्सीनेशन

उन्होंने कहा कि इसके अलावा हमारे कार्यों में प्रत्येक वर्ष 9 से 14 वर्ष की पचास हजार बच्चियों को सर्वाइकल कैंसर वैक्सीनेशन भी करवाया जाता है। क्योंकि आज स्वास्थ्य के क्षेत्र में महिलाओं के लिए सबसे ज्यादा घातक सर्वाइकल कैंसर ही है। ऐसे में यदि समय से पहले प्रयास किए जाएं तो कई महिलाओं को जीवन दान दिया जा सकता है।

### महिलाओं के लिए 'सहेली स्किल सेंटर' और बुजुर्गों के लिए 'गोलपो घर' की शुरुआत

वहीं, इसके बाद हमनें सहेली स्किल सेंटर शुरू किया, जिसमें हमने अंडर प्रिविलेज महिलाओं के लिए सिलाई सेंटर, ब्यूटीशियन कोर्स, कंप्यूटर लिटरेसी जैसे कोर्सेज शुरू किए, ताकि ये महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकें और अपने परिवार का पालन पोषण भी कर सकें। इसके अलावा बुजुर्गों के लिए गोलपो घर की शुरुआत की, जिसमें अंडरप्रिविलेज बुजुर्गों को एक घर दिया और जिससे उनका बुढ़ापा आसानी से कट सके।

---

# आज से उत्कर्षणी रसोई में प्रथम 100 व्यक्तियों को मुफ्त खाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कई वर्षों से पांच रुपए में जरुरतमंद व्यक्तियों को खाना खिलाने वाली उत्कर्षणी रसोई में बुधवार से प्रथम 100 व्यक्तियों को मुफ्त खाना दिया जाएगा। यह जानकारी उत्कर्षणी रसोई की संचालिका बिंदु घाटपांडे ने दी। उन्होंने कहा कि आज मुझे लगता है कि मेरे जीवन का सबसे अच्छा दिन है, क्योंकि जिसकी ख्वाहिश में बरसों से करती आ रही थी, वह आज पूरी हो गई है।

उन्होंने कहा कि मैं हमेशा से चाहती थी कि जरूरतमंदों को मुफ्त भोजन दूं, लेकिन ऐसा नहीं कर पाई। लेकिन आज जयपुर के एक इंडस्ट्रियलिस्ट की मदद से मेरा यह सपना साकार होने चला है जिसके अंतर्गत उनकी मदद से हम रोजाना प्रथम 100 व्यक्तियों को मुफ्त खाना देंगे, जिसमें दाल-चावल, रोटी-सब्जी और हलवा देंगे।



## डॉ. देव आनंद बने हिंदी विवि के कुलगुरु



**भोपाल।** डॉ. देव आनंद हिण्डोलिया सचिव प्रवेश एवं शुल्क विनियामक समिति को राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वाविद्यालय का कुलगुरु नियुक्त किया है। डॉ हिण्डोलिया पूर्व में विभिन्न प्रशासनिक पदों पर कार्य कर चुके है।

# भारत को जोड़ने में आकाशवाणी ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका



**भोपाल।** युवाओं को रेडियो प्रोडक्शन और प्रेजेन्टेशन की बारीकियों से रूबरू करवाने केंद्र सरकार के युवा मामलों के मंत्रालय ने सूचना प्रसारण मंत्रालय के सहयोग से आकाशवाणी भोपाल में एक्सपेरिमेंटल लर्निंग ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। 15 अप्रेल से शुरू हुए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन आकाशवाणी परिसर में हुआ। इस अवसर पर विजय मनोहर तिवारी, कुलगुरू, माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विवि मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। जिन्होंने सूचना के इस युग में में रेडियो की विश्वसनीयता को सराहा, साथ ही उन्होंने कहा भारत को जोड़ने में आकाशवाणी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# कविताओं में बही...पावस की धारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**सकलपर्णा समूह की ऑनलाइन पावस गोष्ठी का आयोजन**

लिख रहा है सावन अपनी बूंदों से, धरा की हथेली पर एक प्रेम गीत .. डॉ. विनीता राहुरीकर की इस रचना के साथ सकलपर्णा समूह की रिमझिम फुहार विषय पर काव्य गोष्ठी का आयोजन ऑनलाइन किया गया। सकलपर्णा समूह की अध्यक्ष अनीता सक्सेना ने ये लहराते बादल ये ऊंदी घटाएं, कभी आसमां तो कभी दिल पे छाएं सुनाई तो वहीं शेफालिका श्रीवास्तव ने गोष्ठी का सरस संचालन किया। रंजना शर्मा ने अध्यक्षीय उद्बोधन में सभी की रचनाओं पर प्रकाश डाला व स्वयं एक सुंदर कविता घोर तमी थी, घन गर्जन था, चंचल चपला चमक रही थी... सुनाई।

---

## भोपाल

### रेल किराया बढ़ाने पर यात्री बोले...

# जनता पर बढ़ेगाअतिरिक्त बोझ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रेलवे की ओर से एक जुलाई से ट्रेन का किराया बढ़ाने जा रहा है। जिसमें एसी और नॉन एसी वाली सभी एक्सप्रेस, मेल और सेकेंड क्लास टिकटों पर प्रति किलोमीटर के हिसाब के 1 पैसे और एसी कोच में 2 पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी जाएगी।

इसको लेकर हरिभूमि ने रेल यात्रियों से बातचीत की। इसमें जहां कुछ यात्रियों ने किराया बढ़ाए जाना सही बताया। तो कुछ यात्रियों का कहना था इससे जनता पर अतिरिक्त बोझ बढेगा।



### बढ़ना चाहिए किराया

रेलवे ने लंबे समय बाद किराया बढ़ाया है। विकास हो इसके लिए किराया बढ़ाया जाना चाहिए। इसमें कोई गलत नहीं है।

**शैलेन्द्र पवार**,रेल यात्री

### सुविधा मिल नहीं रही किराया बढ़ाना गलत

रेलवे की ओर से किराया बढ़ाया जाना गलत है। क्योंकि रेलवे एक तरफ जहां स्पेशल ट्रेनें चलाकर,खाने-पीने की सामग्री के दाम बढ़ाकर अपनी कमाई तो कर रहा है। अब किराया बढ़ाए जाने से यात्रियों की ओर परेशानी बढ़ेगी। इसको लेकर रेलवे को सोचना चाहिए। पहले सुविधा बढ़ाए। फिर किराया।

**रुपेश चौरसिया**, यात्री

**जनता का खर्च बढ़ेगा:** रेलवे का किराया बढ़ाया जाने का फैसला गलत है। इससे जनता पर अतिरिक्त बोझ बढ़ेगा। पहले ही रेलवे ने कई तरह की सब्सिडी को बंद कर रखा है। अब किराया बढ़ाया जाना गलत है।

**पंकज श्रीवास्तव**, यात्री



## वीरांगना दुर्गावती के बलिदान दिवस पर भाजपा कार्यालय में अर्पित की पुष्पांजलि

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में वीरांगना महारानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेन्द्र शर्मा एवं जिला प्रभारी महेन्द्र यादव सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डीजीपी ने ली बैठक, शिकायतों के निराकरण के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

- देहात आईजी, एसपी सहित राजगढ़, सीहोर और विदिशा से पहुंचे एसपी

पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने मंगलवार को पुलिस आयुक्त कार्यालय के सभागृह में समीक्षा बैठक ली। बैठक में भोपाल पुलिस कमिश्नरेट और देहात जोन के जिला भोपाल देहात, राजगढ़, सीहोर एवं विदिशा के राजपत्रित अधिकारियों मौजूद रहे। डीजीपी की बैठक में जोनवार एवं जिलेवार विगत वर्षों में घटित अपराधों की समीक्षा की गई। इस दौरान लंबित प्रकरणों और सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का निराकरण के निर्देश दिए। महानिदेशक ने अपराधों की समीक्षा कर पुलिस के काम साथ ही आमजन से बेहतर समन्वय बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी त्यौहारों के दौरान शांति और सुरक्षा व्यवस्था, कानून व्यवस्था को लेकर समुचित व्यवस्था की जाए। बैठक में पुलिस आयुक्त हरिनारायणाचारी मिश्र, आईजी देहात अभय सिंह, एडिशनल कमिश्नर अवधेश गोस्वामी, एडिशनल कमिश्नर पंकज श्रीवास्तव, डीआईजी देहात ओमप्रकाश त्रिपाठी एवं समस्त पुलिस उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक एवं राजपत्रित अधिकारी मौजूद रहे।

# भोपाल-दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस पर पथराव, सी-4 कोच की खिड़की टूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल रेल मंडल में लगातार ट्रेनों पर पथराव की घटना सामने आ रही है। अब भोपाल से दिल्ली जा रही शताब्दी एक्सप्रेस एक बार फिर असामाजिक तत्वों के निशाने पर आ गई है। मंगलवार को मंडी बामौरा स्टेशन के पास बरेठ और कल्हार रेलवे स्टेशन के बीच अज्ञात लोगों ने ट्रेन पर पथराव कर दिया। इस घटना में ट्रेन के सी-4 कोच की खिड़की का शीशा क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के वक्त ट्रेन पूरी रफ्तार से चल रही थी। यात्रियों में अचानक अफरा-तफरी मच गई, हालांकि किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। आरपीएफ विदिशा रेलवे स्टेशन के टीआई राजेंद्र कुमार ने कहा कि बीना स्टेशन पर पहुंचने पर ट्रेन के कांच टूटने की जानकारी मिली, जिसके बाद गंजबासौदा से मंडी बामौरा बीच की गश्त टीम पहुंची। आसपास के इलाकों में पूछताछ की जा रही है। रेलवे अधिकारियों ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है। दोषियों की पहचान के लिए आसपास के इलाकों में पूछताछ की जा रही है और स्टेशन के पास सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।



# नक्सलवाद गरीब आदिवासियों के विकास का सबसे बड़ा दुश्मन, मार्च 2026 तक हम इसे समाप्त करके रहेंगे

*हरिभूमि-आईएनच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के साथ साक्षात्कार में श्री शाह ने कहा कि हमारा संकल्प है कि हम हर हाल में छत्तीसगढ़ को लाल आतंक से मुक्त करके रहेंगे। हर बार बारिश के मौसम में नक्सल विरोधी अभियान रुक जाया करते थे, लेकिन इस बार हम बारिश के मौसम में भी इन अभियानों को रोकेंगे नहीं बल्कि और तेज गति से चलाया जाएगा। मैं फिर कह रहा हूं कि मोदी सरकार में 31 मार्च 2026 तक लाल आतंक का अंत होने जा रहा है।*






**मोदी सरकार ने अपने 11 वर्ष पूरे किए हैं। इन 11 वर्षों की क्या खास उपलब्धियां रहीं हैं?**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 11 वर्ष ऐतिहासिक विकास और परिवर्तन के रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय सीमा, आंतरिक सुरक्षा, अर्थव्यवस्था, विदेशी साख और गरीब उत्थान की दिशा में उल्लेखनीय परिवर्तन हुए हैं। 2014 से पहले का भारत निराशा से घिरा था। जर्जर इंफ्रास्ट्रक्चर, सरकारी योजनाओं में लूट और राजनीति में परिवारवाद का बोलबाला था। लेकिन मोदी सरकार ने आम लोगों, गरीबों, किसानों, महिलाओं और हर जरुरतमंद का ख्याल रखा है। 11 वर्ष पहले देश पूरी तरह से आयात आधारित अर्थव्यवस्था पर निर्भर था। मोदी सरकार ने मेक इन इंडिया, स्टार्टअप जैसी योजनाओं से मैन्युफैक्चरिंग को गति दी। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल एक्सपोर्टर बना। 2013-14 में भारत का कैपिटल एक्सपेंडिचर 1.9 लाख करोड़ रुपए था, वो 11 वर्षों में 5.5 गुना से अधिक बढ़कर 10.46 लाख करोड़ रुपए (वित्तीय वर्ष 2024-25) हो गया है। इलेक्ट्रॉनिक एक्सपोर्ट 7.6 बिलियन डॉलर से पिछले 11 वर्षों में बढ़कर 38.6 बिलियन डॉलर हो गया है। साथ ही विदेशी मुद्रा भंडार 309 बिलियन डॉलर से दोगुना होकर 654 बिलियन डॉलर हो गया है। हाईवे बनाने की प्रतिदिन की रफ्तार 12 किमी. से बढ़कर 21.3 किमी. हो गई है। एयरपोर्ट की संख्या 74 से बढ़कर 162 हो गई है। मेट्रो रेल नेटवर्क 248 किमी. से 1000 किमी. हो गया है। पिछले 11 साल में 55 करोड़ नए बैंक अकाउंट को खोले गए। इन अकाउंट में 2.61 लाख करोड़ रुपए जमा किए गए हैं। साथ ही नक्सलवाद और आतंकवाद के समूल नाश के लिए ठोस कदम उठाए गए। तीन नए कानून से साक्ष्य आधारित न्याय सुनिश्चित करने से लेकर डिफेंस एक्सपोर्ट पर जोर दिया गया। मोदी सरकार में कश्मीर से 370 धारा हटाकर ऐतिहासिक भूल को सुधारा गया। चाहे तीन तलाक को खत्म करना हो, महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देना हो, वक्फ संशोधन या जीएसटी लाना हो, मोदी सरकार के 11 वर्ष ऐतिहासिक परिवर्तन का कालखंड रहा। मोदीजी की सबसे बड़ी उपलब्धि देखें तो, उन्होंने अभूतपूर्व विकास के साथ-साथ राष्ट्र के आत्मविश्वास को भी बढ़ाया है।

**विपक्ष का आरोप है कि भाजपा सरकार आने के बाद चुनाव आयोग, न्यायपालिका और मीडिया स्वतंत्र नहीं रहीं। सरकार का शिकंजा इन पर कसा है। इस पर आपकी राय?**

विपक्ष खासतौर पर कांग्रेस को ऐसी बात करने का हक नहीं है। आपातकाल किसकी देन थी? क्या राहुल गांधी भूल गए कि कैसे आपातकाल लगाकर उनकी दादी ने देश को लगातार 21 माह तक बंधक बनाए रखा था। न्यायपालिका और चुनाव आयोग की शक्तियां छीन ली गई। मनमाने तरीके से कानून संशोधन कर दिए गए। आपातकाल के खिलाफ आंदोलन करने वाले समाजसेवी, महिलाओं, आदिवासी, पिछड़े और विपक्ष के लोगों को जेल में डाल दिया गया। मीडिया के अखबार निकालने पर रोक लगा दी गई। मैं पूछता हूं, आपको लिखने और बोलने की स्वतंत्रता नहीं है क्या?

**विपक्ष तो यह भी कहता है कि ईडी और सीबीआई भाजपाई और उनके सहयोगी संगठनों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करते। कितना सही मानते हैं आप इस आरोप को?**

अगर कोई भ्रष्टाचार करता है, तो उसे इसलिए नहीं छोड़ा जा सकता है कि वो विपक्ष में है। जो भ्रष्टाचार करेंगे उनके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। जिनके घर से करोड़ों-अरबों रुपए निकल रहे हैं, क्या उन्हें विपक्ष दल के नेता होने की वजह से छोड़ दें।

**विपक्ष का कहना है कि पड़ोसियों के साथ हमारे संबंध खराब हुए हैं। बांग्लादेश हमसे दूर हो गया है। पाकिस्तान के साथ हमारे रिश्ते खराब हैं। चीन भी हमसे कटा हुआ है।**

पड़ोसियों के साथ रिश्ते दोनों देशों पर निर्भर करते हैं। पाकिस्तान आतंकवाद फैलाएगा, जम्मू कश्मीर में आतंक को एक्सपोर्ट करेगा, तो भारत कैसे बातचीत कर सकता है?

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद फिर से पड़ोसी देशों के साथ संबंध को लेकर सवाल उठने लगे हैं। साथ ही ऑपरेशन सिंदूर को कैसे देखते हैं?

ऑपरेशन सिंदूर ने तीन चीजों का परिचय दिया। प्रधानमंत्री मोदी जी की दृढ़ इच्छाशक्ति, सेनाओं की मारक क्षमता व खुफिया एजेंसियों की सटीक जानकारी। हमारी सेना ने अपने सभी लक्ष्य को पूरी सटीकता से हासिल किया। आतंकी हमलों के जवाब के इतिहास में ऑपरेशन सिंदूर सबसे सटीक और सभी उद्देश्यों की पूर्ति करने वाला अभियान था। हमारी जमीन और नागरिकों पर कोई भी हमला करेगा, तो उसे दोगुना ताकत से जवाब दिया जाएगा। हम कांग्रेस नहीं है, जो डरकर बैठ जाएं। भारत पर हमले होते रहें और भारत चुप रहे ये मोदी सरकार में संभव नहीं है। हम गोली का जवाब गोले से देंगे। हमारी सरकार में उरी और पुलवामा हुआ तो हमने सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक करके दोगुनी ताकत से जवाब दिया। जब पहलगाम हुआ, तो पाकिस्तान के 100 किमी अंदर जाकर आतंक के हेडक्वॉर्टर को नेस्तानाबूत कर दिया। हमने मुजफ्फराबाद, सियालकोट, मुरीदके और बहावलपुर सहित 9 आतंकी अड्डों को तबाह किया। सुरक्षा एजेंसियों, इनपुट के आधार पर हमारी सेना ने बेहद सटीकता, संयम और धैर्य से पाकिस्तान के केवल आतंकी हेडक्वॉर्टर पर हमला किया। लेकिन पाकिस्तानी सेना ने उसे खुद पर हमला माना और भारत के निर्दोष नागरिकों पर हमला किया, लेकिन भारत की रक्षा प्रणाली ने पाकिस्तान के हर हमले को नाकाम कर दिया। पाकिस्तान के हमले के जवाब में भारत ने पाकिस्तान के एयरबेस और वायु रक्षा प्रणाली को ध्वस्त कर दिया। यह पहली बार है जब भारत ने किसी न्यूक्लियर देश पर सफल ऑपरेशन किया है।

**स्थानीय भाषाओं के प्रचार-प्रसार पर आपका बहुत जोर रहता है, जो पहले कभी किसी गृहमंत्री का नहीं देखा गया है और हिंदी को लेकर आपका आग्रह बहुत दिखता है। लेकिन तमिलनाडु जैसे राज्यों के मुख्यमंत्री हिंदी इम्पोज करने की बात करते हैं। इस पर आपकी राय क्या है?**

देखिए, सभी भारतीय भाषाएं मेरे लिए प्रिय हैं। सभी भारतीय भाषाएं एक दूसरे की सखी हैं। किसी भारतीय भाषा की दूसरी भाषा से स्पर्धा नहीं है, सभी एक दूसरे की पूरक हैं। रही बात तमिलनाडु की, तो तुष्टीकरण, भ्रष्टाचार और परिवारवाद में डूबी स्टालिन सरकार अपने घपले-घोटाले छुपाने के लिए भाषा को मुद्दा बना रही है। आपको बताता हूं हमने स्थानीय भाषाओं के लिए क्या क्या कदम उठाए। हमारी सरकार में आई शिक्षा नीति में हमने मातृ भाषा में प्राइमरी, टेक्निकल और मेडिकल शिक्षा का प्रावधान रखा है। अब सीएपीएफ के कांस्टेबल जीडी की परीक्षा हिंदी और अंग्रेजी के अलावा 13 क्षेत्रीय भाषाओं में होती है। जीईई, नीट, यूजीसी की परीक्षाएं भी अब 12 भाषाओं में होती हैं, अब तमिलनाडु का बच्चा अपनी स्थानीय भाषा में भी ये परीक्षाएं दे सकेगा। वहीं इंजीनियरिंग शिक्षा आज तमिल, तेलुगू, मराठी, बंगाली, मलयालम, गुजराती में उपलब्ध है और एमबीबीएस के प्रथम वर्ष की किताबें भी हिन्दी में उपलब्ध हैं।

**तमाम विशेषज्ञ यह मान रहे हैं कि बिहार में भाजपा अपने दम पर सरकार बना सकती है। नीतीश कुमार के स्वास्थ्य को लेकर भी बहुतेरी चर्चाएं होती हैं। क्या बिहार को अगले चुनाव में भाजपा का मुख्यमंत्री मिलने वाला है। एनडीए सरकार बिहार में सरकार बनाने जा रही है।**

देखिए, मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा के लिए गठबंधन धर्म सर्वोपरि है और भाजपा हमेशा गठबंधन धर्म का पालन करती है। बिहार में एनडीए बहुत मजबूत है। एनडीए एक साथ चुनाव लड़ेगा और बिहार में प्रचंड बहुमत से सरकार बनाएगा।

**पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन के आसार देख पा रहे हैं?**

निश्चित ही परिवर्तन होगा। ममता सरकार के भ्रष्टाचार और हिंसा से पश्चिम बंगाल की जनता त्रस्त है। भाजपा इस बार अप्रत्याशित प्रदर्शन करने जा रही है।

**और पीओके पर आप क्या कहेंगे?**

कहना क्या है मैंने संसद में भी कहा है कि पीओके हमारा है, भारत का हिस्सा है।

**आपने दो भूमिकाएं निभाईं, राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रहे और राष्ट्र के गृहमंत्री भी। कौनसी भूमिका आपको ज्यादा बेहतर लगी?**

मैंने नारणपुरा बूथ से लेकर भाजपा पार्टी में अनेक जिम्मेदारी निभाई हैं। मैं पार्टी का एक अनुशासित कार्यकर्ता हूं मुझे पार्टी जो भी जिम्मेदारी देती है, मैं उसे पूरी क्षमता से निभाता हूं। आप पत्रकार लोग हमारे कार्य को दो भूमिकाओं में बांधने की कोशिश कर सकते हैं, मैं नहीं।

**राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने को लेकर अब भारतीय जनता पार्टी इतनी उहापोह की स्थिति में क्यों नजर आ रही है। नए अध्यक्ष का ऐलान नहीं हो पा रहा है।**

भाजपा एक लोकतांत्रिक और 14 करोड़ से अधिक सदस्य वाली पार्टी है। बूथ से लेकर जिला, मंडल, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर तक पूरी तरह लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव प्रक्रिया चलती है तो, इसमें समय लगता है। जल्द ही भाजपा को नया अध्यक्ष मिल जाएगा।

**दशकों तक छत्तीसगढ़ नक्सलवाद से ग्रस्त रहा है। जब छत्तीसगढ़ नक्सलवाद से मुक्त हो रहा है, उसके विकास के लिए क्या योजनाएं चलाई जा रही हैं?**

विकास पहुंचेगा... हमने तो विकास पहुंचा कर दिखाया है, मोदी सरकार नक्सल प्रभावित इन क्षेत्रों में तेजी से विकास कर रही है। 11,503 किलोमीटर सड़कों का निर्माण किया जा चुका है और 17,589 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए 20,815 करोड़ रुपए स्वीकृत किए जा चुके हैं। संचार सुविधाओं के विस्तार के लिए दो चरणों में काम किया गया। पहले चरण में 4080 करोड़ रुपए की लागत से 2343 (2G) मोबाइल टावर स्थापित किए गए। दूसरे चरण में 2210 करोड़ के निवेश के साथ 2542 मोबाइल टावरों की स्थापना के लिए कार्य आदेश जारी किया गया। इसके अतिरिक्त प्रभावित क्षेत्रों में 8527 (4G) मोबाइल टावरों को और मंजूरी दी है। नक्सल प्रभावित जिलों में 1007 बैंक शाखाएं, 937 एटीएम और 37850 बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट स्थापित किये जा चुके हैं। 90 जिलों में हर 3 किमी पर 5,731 डाकघर खोले गए हैं। इसके साथ-साथ 48 जिलों में कौशल विकास योजना के अंतर्गत 495 करोड़ रुपए से 48 इंडस्ट्रीयल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट आईटीआई, 61 कौशल विकास केन्द्र अनुमोदित किए गए हैं।

**आपने हाल ही में कहा कि इस बरसात में नक्सली चैन की नींद नहीं सो पाएंगे। इसके पीछे की क्या वजह है?**

देखिए, हर बार बारिश के मौसम में नक्सल विरोधी अभियान रुक जाया करते थे। इस बार हम बारिश के मौसम में भी इन अभियानों को रोकेंगे नहीं बल्कि और तेज गति से चलाया जाएगा। मोदी सरकार में 31 मार्च 2026 तक लाल आतंक का अंत होने जा रहा है।

## कुर्रेगुट्टा पहाड़ी पर चला ऑपरेशन था बेहद सफल

**लंबी प्रतीक्षा के बाद जनगणना की घोषणा हुई, नोटिफिकेशन आया। लेकिन विपक्ष का आरोप है कि आपने नोटिफिकेशन में जातिगत जनगणना की चर्चा ही नहीं की?**

प्रधानमंत्री मोदी जी और मैंने कई बार कहा है कि जातिगत जनगणना होगी और मैं एक बार फिर कह रहा हूं कि जनगणना के साथ ही जातिगत जनगणना को भी किया जाएगा। गृह मंत्रालय की तरफ से तीन प्रेस रिलीज 30 अप्रैल, 4 जून और 15 जून 2025 को जारी हुई। इन तीनों में भी कहा गया है कि इस बार की जनगणना में जातीय गणना भी की जाएगी। मैं आपको बता दूं कि जनगणना का नोटिफिकेशन एक तरह से इंटेंट होता है। ऐसे में इसे लेकर किसी तरह का भ्रम नहीं होना चाहिए।

**और कब तक जनगणना की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी? और क्या ये हिंदी और अंग्रेजी में होगी?**

हमारी सरकार टेक्नोलॉजी के उपयोग से जनगणना करेगी, इसलिए पहले जनगणना में जितना समय लगता था, इस बार उससे कम समय लगेगा। जनगणना को लेकर एक ऐप बनाया जा रहा, जो स्थानीय भाषों में भी उपलब्ध होगा। इस एप के माध्यम से लोगों की जानकारियां अपलोड की जाएंगी।

**छत्तीसगढ़ तेलंगाना की सीमा पर कुर्रेगुट्टा पहाड़ी पर देश का सबसे बड़ा आपरेशन चलाया गया। ऐसा दावा है कि नक्सली लीडरों को वहां घेरकर रखा गया और बड़े अफसर भी मान रहे थे कि फोर्स को बड़ी सफलता मिलेगी। परंतु क्या आपको आशा के अनुरुप सफलता मिली?**

देखिए, कुर्रेगुट्टा पहाड़ी पर चलाया गया नक्सल विरोधी अभियान बेहद सफल रहा है। इस अभियान के 21 दिनों में 31 नक्सलियों को ढेर किया गया। ये पहला ऐसा इतना बड़ा अभियान रहा, जिसमें एक भी जवान की शहादत नहीं हुई। साथ ही, भारी मात्रा में हथियार बरामद किए गए थे। कुर्रे गुट्टा पहाड़ी क्षेत्र नक्सलियों का गढ़ रहा है, जहां नक्सली प्रशिक्षण लेते थे और हथियार बनाते थे। उनकी हथियार बनाने वाली 3 लेथ मशीने बरामद हुई, बीजीएल सेल और आईईडी बनाने वाली 3 यूनिट्स को बर्बाद किया, 214 बंकर ध्वस्त किये गए, जहां लाल आतंक की गूंज थी, वहां आज तिरंगा लहरा रहा है। नक्सल के विरुद्ध इस अभियान में सुरक्षा बल 42 से 45 डिग्री के तापमान, दुर्गम क्षेत्रों में बीहड़ों में मोर्चा संभालते हैं। ये सीरीज ऑफ ऑपरेशन हैं और सभी नक्सल अभियान हमारे लिए बड़े ही होते हैं। हम हर एक नक्सली तक पहुंचेंगे।

**दशकों पुरानी नक्सलवाद समस्या को खत्म करना आसान नहीं है। ऐसे में किस तरह से इतनी पुरानी समस्या में सफलता मिल रही है। अब तक कितने नक्सलियों को मार गिराया गया है? और कितने नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है?**

देखिए, हमारी सरकार ने नक्सलवाद के खिलाफ एक मल्टी-डायमेंशनल एप्रोच लिया। हमने पहले की सरकारों की डिफेंसिव रणनीति को छोड़ ओफेंसिव रणनीति अपनाई है। जो क्षेत्र नक्सल मुक्त हो रहे हैं, वहां सुरक्षा वैक्यूम भरने के लिए कैंप बनाए जा रहे हैं, उन क्षेत्रों का विकास किया जा रहा है और गरीब कल्याण की योजनायें पहुंचाई जा रही हैं। अब अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग कर नक्सल गतिविधियों की सटीक निगरानी और विश्लेषण किया जा रहा है। साथ ही, लोकेशन ट्रैकिंग, मोबाइल फोन की गतिविधियों, साइंटिफिक कॉल लॉग्स और सोशल मीडिया एनालिसिस जैसी तकनीकों के जरिए नक्सलियों की हरकतों पर पैनी नजर रखी जा रही है। इसी का परिणाम है कि नक्सलवाद की हिंसक घटनाएं जो 2004-14 में 16,463 थी वो 52 फीसदी घटकर 7,856 रह गई हैं। ऐसे ही सुरक्षा बलों की मृत्यु में 71 फीसदी और नागरिकों की मृत्यु में 68 फीसदी की कमी आई है। पिछले वर्ष ही 290 नक्सलियों को न्यूट्रलाईज किया, 1090 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया और 881 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। जबकि 2025 में ही 226 नक्सलियों को न्यूट्रलाईज किया गया, इस वर्ष 886 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया, 23 मई 2025 को ही



बीजापुर में 24 हार्डकोर नक्सलियों ने सरेंडर किया। पहली बार ऐसा हुआ है कि कोई जनरल सेक्रेटरी लेवल का नक्सली बसवराज मारा गया, यह एक बड़ी उपलब्धि है। सुरक्षा बलों द्वारा चलाए गए नक्सल विरोधी ऑपरेशनों के कारण आज नक्सलियों का गढ़ कहे जाने वाले बूढ़ा पहाड़, चक्रबंधा, करेंगुट्टा पहाड़ी, अबूझमाड़ जैसे इलाके नक्सल मुक्त हो गए हैं।

**एक तरफ आप नक्सलियों को मार रहे हैं, दूसरी तरफ उनसे आत्मसमर्पण की बात कहते हैं?**

मोदी सरकार की नीति स्पष्ट है अगर कोई हिंसा के रास्ते पर चला गया है, तो सरकार उसे हथियार छोड़ने की अपील करके समाज की मुख्यधारा से जुड़ने का मौका दे रही है। नक्सली आत्मसमर्पण करके विकास की यात्रा से जुड़कर कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। छत्तीसगढ़ की डबल इंजन सरकार में आत्मसमर्पण के लिए लुभावनी नीति बनाई गई है। अगर नक्सली हथियार नहीं छोड़ते हैं, तो उन्हें सुरक्षा बलों का सामना करना ही होगा।

**इससे जुड़ा सवाल है और यह छत्तीसगढ़ बड़ी चर्चा का विषय है। छत्तीसगढ़ को बस्तर से बेहद प्रेम है। लोग जानना चाहते हैं कि नक्सलियों के खात्मे के बाद वहां के जंगल और पहाड़ औद्योगिकरीकरण की भेंट न चढ़ जाएं। क्या अमित शाह ऐसा आश्वासन छत्तीसगढ़ को दे सकते हैं कि बस्तर के जंगल और पहाड़ हमेशा सुरक्षित रहेंगे?**

बस्तर हमारे भी दिल में बसता है। मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि बस्तर का विकास बस्तर के लोगों की भावनाओं के ही अनुरूप होगा।

**नक्सल मुक्त भारत के साथ आपने नशामुक्त भारत का भी ऐलान किया है, उस पर कितनी प्रगति हुई है?**

देखिए, ड्रग्स युवाओं के लिए अभिशाप है, यह आने वाली पीढ़ियों को बर्बाद करता है, हम इसकी समाप्ति की रणनीति पर काम कर रहे हैं। हम रुथलेस अप्रोच से इसके पूरे नेटवर्क को ध्वस्त कर रहे हैं। इसके लिए संस्थागत संरचना को मजबूत किया है, एजेंसियों को सशक्त किया है और उनके बीच समन्वय को सीमलेस बनाया है और विस्तृत जागरूकता अभियान भी चला रहे हैं। साल 2019 में गृह मंत्रालय ने इसके लिए चार स्तरीय एनकोर्ड मैकेनिज्म बनाया, संयुक्त समन्वय समिति का गठन किया गया। समुद्री मार्ग से तस्करी रोकने के लिए उच्च स्तरीय समर्पित टास्क फोर्स बनाये। सीजर इनफारमेशन मैनेजमेंट सिस्टम, निदान, एनकोर्ड पोर्टल बनाये गए, इनका परिणाम हुआ कि जहाँ 2004-14 में 40 हजार करोड़ रुपए के मूल्य का 25 लाख किलो ड्रग्स पकड़ा गया था, वहीं मोदी सरकार ने 2014-25 के बीच 1 करोड़ किलो से अधिक ड्रग्स जब्त किया जिसकी कीमत 1 लाख 50 हजार करोड़ रुपए है। पकडे हुए ड्रग्स का दोबारा उपयोग न हो सके इसके हमारी सरकार ने बड़े पैमाने पर ड्रग्स को नष्ट करने का अभियान शुरू किया और 31.53 लाख किलो मादक पदार्थों को नष्ट किया जो यूपीए सरकार की तुलना में 10 गुना अधिक है। सिंथेटिक ड्रग्स जो पूरी दुनिया के सामने एक नई चुनौती बन गया है, हमारी सरकार ने 5 वर्षों में 14 हजार करोड़ से अधिक का 23 हजार किलो सिंथेटिक ड्रग्स जब्त किया और विभिन्न राज्यों में लगभग 41 क्लैन्डेस्टिन लैब्स को नष्ट की गई, 86 हजार किलो ड्रग्स जब्त हुआ और 136 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

**बदलते युग में साइबर खतरे की चुनौतियां लगातार बढ़ती जा रही है। जैसा कि आपने कहा कि भारत में डिजिटल ट्रांजेक्शन में विश्व में अग्रणी है। ऐसे में साइबर हमलों से देश वासियों को सुरक्षित बनाने के लिए क्या किया जा रहा है?**

मोदी सरकार ने साइबर हेल्पलाइन '1930' शुरू की है, जिस पर प्रतिदिन करीब 60 हजार फोन कॉल आते हैं, 419 बैंक और वित्तीय मध्यस्थ इसके साथ जोड़े जा चुके हैं, इसके माध्यम से 14 लाख 47 हजार लोगों के 4,725 करोड़ रुपए की वापस दिलाने का काम भी हुआ है। 2020 में मोदी सरकार द्वारा शुरू किये गए साइबर क्राइम पोर्टल पर 65 लाख यूनिक शिकायतें दर्ज हुई और 1.5 लाख से अधिक एफआईआर दर्ज की गयी, लोगों द्वारा 20 करोड़ से अधिक बार इस पोर्टल का उपयोग किया जा चुका है। इंडियन साइबर क्राइम कार्डिनेशन सेंटर की स्थापना की गई है, 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में साइबर फारेंसिक ट्रेनिंग लेब की स्थापना की है। साइबर फ्रॉड मिटिगेशन सेंटर यानी सीएफएमसी के माध्यम से मोदी सरकार ऑनलाइन फ्रॉड के पैसों को तत्काल रिटर्न करा रही है। शिकायत दर्ज कराने के बाद बैंक फ्रॉड हुए पैसों को फ्रीज कर देता है और वेरिफिकेशन के बाद पीड़ित तक फ्रॉड हुए पैसे पहुंच जाते हैं।

**आपकी सरकार ने डिफेंस क्षेत्र में मेक इन इंडिया की शुरुआत की है। एक अच्छी चीज हथियारों के उत्पादन को लेकर दिखती है। भारत अब हथियारों का निर्यातक बन रहा है। रक्षा क्षेत्र में 'मेक इन इंडिया' की प्रगति क्या रही?**

हमारी सरकार डिफेंस के क्षेत्र में 'मेक इन इंडिया' की बड़ी शुरुआत की, लेकिन कांग्रेस ने जो गड्ढा किया है, उसे भरने में थोड़ा समय लगेगा। ऑपरेशन सिंदूर में स्वदेशी आकाशतीर डिफेंस सिस्टम की सफलता से दुनिया आश्चर्यचकित है। पाकिस्तान के हर हमले को हमारे डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया। डिफेन्स का प्रोडक्शन भी बढ़ा है और एक्सपोर्ट भी बढ़ा है। वर्ष 2023–24 में भारत का रक्षा क्षेत्र में उत्पादन 1.27 लाख करोड़ रुपए और निर्यात 21,083 करोड़ रुपए है और हम 2029 तक 3 लाख करोड़ रुपए के उत्पादन और 50,000 करोड़ रुपए निर्यात के लक्ष्य को हासिल करेंगे।



# अक्षरधाम में नजर आएंगे अक्षय फिल्म का पहला पोस्टर जारी

**मुंबई।** अक्षरधाम का निर्देशन केन घोष कर रहे हैं। फिल्म मेकर्स ने मंगलवार को अक्षरधाम का नया पोस्टर जारी कर फैंस को खुश कर दिया है। पोस्टर में अक्षय खन्ना का दमदार लुक देखकर नजर आ रहा है। सी स्टूडियोज ने इंस्टाग्राम पर फिल्म अक्षरधामका पोस्टर जारी किया और कैप्शन में लिखा, 'आतंक की एक शाम। बेमिसाल वीरता की एक रात। यहां अक्षरधाम ऑपरेशन वज्र शक्ति का पहला लुक है, एक ऐसी कहानी जिसे भारत कभी नहीं भूलेगा! ट्रेलर बुधवार को रिलीज होगा। देखते रहिए। 4 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।' फिल्म का यह पोस्टर फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। वह इस पोस्टर पर लाल दिल वाले और फॉयर इमोजी बरसा रहे हैं।

लाइफ Style


# सारा

## जाओ हमारे गाने सुनो और कोरस में कहो- कमाल है

बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर अपनी कुछ खास तस्वीरें शेयर कीं। इस शानदार लुक के साथ सारा ने एक खास शायरी भी लिखी है। सारा की इस शायरी पर उनके भाई इब्राहिम ने एक प्यारा कमेंट शायरी स्टाइल में दिया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

सारा अली खान ने इंस्टाग्राम पर अपनी शानदार तस्वीरें शेयर कीं। इस नए लुक में सारा ऑफ शोल्डर लाल जंप सूट में नजर आ रही हैं। फैंस को सारा का यह लुक बेहद पसंद आ रहा है। फैंस ने उनके इस लुक पर फायर और लाल दिल वाले इमोजी बरसाए हैं। सारा ने इन तस्वीरों के साथ कैप्शन में इस शानदार लुक के साथ एक शायरी लिखी। उन्होंने लिखा, 'लाल मेरे दिल का हाल है, आधा टाई आधा खुला मेरे बाल है, हाई हील्स में व्यस्त चाल है, लेकिन एल्बम लॉन्च के लिए तैयार रहना चाहिए क्योंकि वाह क्या सुर और ताल है।' सारा ने आगे लिखा, 'जाओ हमारे गाने सुनो और कोरस में कहो- कमाल है, कमाल है, कमाल है।' सारा की इस पोस्ट पर उनके भाई और एक्टर इब्राहिम अली खान ने भी शायरी में जवाब देते हुए सारा की तारीफ की है और साथ ही कहा कि तुम्हारी याद आती है बहन।' सारा की इस पोस्ट पर इब्राहिम अली खान ने कमेंट किया, 'तुम्हारी याद आती है बहन, तुम्हारे बिना लंदन कड़वा है, मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि मैं तुम्हारे पास जल्दी वापस आऊं और फिर निश्चित रूप से हम अपनी कलह शुरू कर देंगे। शायरी लिखना शायद मेरे खून में है और क्या बोलूं मेरी बहन सब से अच्छी है।'



## हॉलीवुड मसाला



# 24 वर्षों बाद एक साथ आए नजर

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता ब्रैड पिट की आगामी फिल्म 'एफ 1' का प्रीमियर लंदन में किया गया। इस दौरान कई दिग्गज सितारे शामिल हुए। हालांकि, यह प्रीमियर चर्चा का विषय तब बना, जब हॉलीवुड सुपस्टार टॉम क्रूज शो में भाग लेने पहुंचे और दोनों अभिनेताओं को साथ में करीब 24 साल बाद देखा गया। दोनों को आखिरी बार साल 2001 में 'अमेरिकाः ए ट्रिब्यूट टू हीरोज' कॉन्सर्ट में देखा गया था। टॉम क्रूज ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वो ब्रैड पिट के साथ नजर आ रहे हैं।




# जोनस ने खुद को बताया भाग्यशाली

**लॉस एंजिल्स।** निक जोनस अपनी पत्नी और एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा की तारीफ का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं। वो अक्सर प्रियंका की तारीफ करते रहते हैं और उन्हें अपने लिए सबसे खास बताते रहते हैं। अब एक बार फिर निक जोनस ने पत्नी प्रियंका की तारीफ की है और खुद को लकी बताया है। निक जोनस ने अपने इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर की है। इस फोटो में निक और प्रियंका एक साथ नजर आ रहे हैं। फोटो में निक एक चेयर पर बैठे हुए हैं और प्रियंका उनकी गोद में बैठी हुई हैं। इस तस्वीर को शेयर करते हुए निक ने जो कैप्शन लिखा है, उसने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा है। निक ने इस तस्वीर को शेयर करते हुए कैप्शन में सिर्फ 'लकी मी' लिखा है। साथ में उन्होंने एक रेड हार्ट भी बनाया है।



# शुरू किया निकिता रॉय का प्रमोशन...

**मुंबई।** सोनाक्षी सिन्हा ने मंगलवार को सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। एक्ट्रेस ने यह स्टाइलिश लुक अपनी आगामी फिल्म निकिता रॉय के लिए लिया है। सोनाक्षी ने इस बेहतरीन लुक के साथ एक खास नोट भी लिखा है। सोनाक्षी सिन्हा ने इंस्टाग्राम पर अपनी शानदार तस्वीरें शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। इस लुक के साथ सोनाक्षी ने कैप्शन में लिखा, 27 जून को सिनेमाघरों में मिलते हैं। एक फैन ने लिखा, सर्विंग लुक फीट. निकिता रॉय, एक और फैन ने लिखा, ग्लोइंग, एक और फैन ने लिखा, ग्लैमरस, एक और फैन ने लिखा, सुंदर, एक और फैन ने लिखा, बहुत सुन्दर लग रही है प्यारी सोना, एक और फैन ने लिखा, सोना फॉयर है'। हाल ही में सोनाक्षी सिन्हा ने अपनी शादी के एक साल पूरे होने का जश्न मनाया।



# सबके सामने कॉल पर माफी मांगते रहे

**मुंबई।** सिंगर अरिजीत के गाए गानों के कई लोग फैन है, लोग उनके म्यूजिक कॉन्सर्ट को भी एंज्वॉय करते हैं। अरिजीत के बॉलीवुड फिल्मों में गाए गाने भी खूब पॉपुलर होते हैं। हाल ही में एक इवेंट में देखा गया कि अरिजीत वीडियो कॉल पर हैं और वहां मौजूद लोगों से माफी मांग रहे हैं। सोमवार को फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' फिल्म का म्यूजिक लॉन्च इवेंट था। इस फिल्म को दो गाने अरिजीत ने भी गाए हैं, जो इस वक्त सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहे हैं। फिल्म के म्यूजिक लॉन्च इवेंट पर सभी मौजूद थे, बस अरिजीत नहीं आ पाए। ऐसे में म्यूजिक कंपोजर प्रीतम ने अरिजीत को वीडियो कॉल लगाया। वायरल वीडियो में अरिजीज कॉल पर अपने फैंस से माफी मांगते दिखते हैं, क्योंकि वह इवेंट में नहीं आए पाए। काफी देर तक प्रीतम और अरिजीत वीडियो कॉल पर बात करते हैं।

## टीवी मसाला




# महारानी वेब सीरीज को मिल चुके हैं 10 से ज्यादा अवॉर्ड्स

**नई दिल्ली।** 'पंचायत' सीरीज के सचिव जी, प्रहलाद चा और प्रधान जी के किरदार ने सभी को अपना दीवाना बना लिया। अब इसकी पॉपुलैरिटी की वजह से इसका चौथा सीजन कुछ दिनों में सबके बीच आने वाला है। हालांकि, एक और वेब सीरीज है, जिसकी कहानी ने सबका मन मोह लिया। इस सीरीज को 14 अवॉड्र्स और 33 नामांकन भी मिल चुके हैं। इस वेब सीरीज का नाम है 'महारानी', जिसके अभी तक तीन सीजन सोनी लिव पर आ चुके हैं। इसमें बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी ने मुख्य भूमिका निभाई है। इसकी कहानी बिहार की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जिसमें अभनेत्री ने रानी भारती का किरदार निभाया है और उन्हें राजनीति के लिए संघर्ष करते देखा जाता है। उनके किरदार ने दर्शकों और समीक्षकों को इस कदर प्रभावित किया कि इस सीरीज को कई अवॉर्डों से भी सम्मानित किया जा चुका है। हुमा कुरैशी अभिनीत 'महारानी' वेब सीरीज के तीन सीजन रिलीज हो चुके हैं। आईएमडीबी के मुताबिक इस सीरीज को 14 अवॉड्र्स और 33 नामांकन मिल चुके हैं। इसके लिए हुमा कुरैशी को आईटीए बेस्ट एक्ट्रेस (ड्रामा ओटीटी) का भी सम्मान मिल चुका है। वहीं, एक्ट्रेस को फिल्मफेयर क्रिटिक्स च्वाइस अवॉर्ड में भी बेस्ट एक्ट्रेस का खिताब मिला। इसके अलावा अभिनेत्री और उनकी सीरीज 'महारानी' को कई अवॉड्र्स के साथ-साथ कई बार नामांकित भी किया जा चुका है।

## सिनेमा का एक इंस्टीट्यूट है 'पंचायत'

**नई दिल्ली।** लोगों का इंतजार खत्म हुआ और साल का सबसे मच अवेटेड शो 'पंचायत सीजन 4' अब रिलीज हो चुका है। प्राइम वीडियो ने रात 12 बजे ही पंचायत के चौथे सीजन को स्ट्रीम कर दिया। अधिकांश लोग चौथे सीजन को देखने के बाद इसकी तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने एक्स पर सीरीज का रिव्यू करते हुए शो में कलाकारों के अभिनय और कहानी की तारीफ की। साथ ही इस सीजन में जो लव स्टोरी एड की गई है, उसकी भी तारीफ हो रही है। हालांकि, यूजर ने शो के कुछ एक सीन को बोरिंग बताया है। एक यूजर ने तारीफ करते हुए लिखा, 'पंचायत सीजन 4 सिर्फ एक शो नहीं है, यह सिनेमा का एक इंस्टीट्यूट है। कहानी, स्क्रीनप्ले और इमोशन सब कुछ एकदम मास्टरक्लास है। यह आपको हंसाता है, रुलाता है, हर फ्रेम बोलता है। कुछ जीत खुशी नहीं लातीं, कुछ जीतें हार से ज्यादा दुख देती हैं। यह सच है, यही पंचायत है।'कई यूजर्स को चौथे सीजन में रिंकी और सचिव जी की आगे बढ़ती लव स्टोरी काफी पसंद आ रही है। फैंस इसकी तारीफ कर रहे हैं।



# वॉर 2 ने रिलीज से 51 दिन पहले बनाया रिकॉर्ड

**मुंबई।** ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर अपनी आने वाली फिल्म वॉर 2 से धमाका करने वाले हैं। हाल में फिल्म की पहली झलक सामने आई थी जिसे देखने के बाद फैंस फिल्म रिलीज के इंतजार में बैठे हैं। फिल्म में दो सुपरस्टार्स को एक साथ एक्शन करते देखना मजेदार होने वाला है। इस फिल्म को लेकर ऑडियंस में इतनी एक्साइटमेंट है कि मूवी टिकट बुकिंग प्लेटफार्म पर वॉर 2 को डेढ़ लाख से भी ज्यादा लाइक्स मिले हैं। मतलब इतने लोगों ने फिल्म रिलीज के 51 दिन पहले से फिल्म को देखने के लिए अपनी रुचि दिखाई है।

### दो बड़े स्टार एक साथ आएंगे नजर

ट्विटर पर एक फैन ने इस बात की जानकारी देते हुए लिखा, वॉर 2 पर डेढ़ लाख लोगों ने फिल्म देखने के लिए इंटरेस्ट दिखाया है। ये नतीजे फिल्म रिलीज के 51 दिन पहले के हैं। ये फिल्म थिएटर पर धमाका करने वाली है। वॉर 2 को लेकर ऑडियंस में उत्साह है। इस फिल्म में पहली बार दो इतने बड़े सुपरस्टार एक साथ नजर आएंगे। दोनों के बीच जबरदस्त एक्शन दिखने को मिलने वाला है। इसके अलावा एक डांस सीक्वेंस भी शूट किया गया है।



### बजट और फीस

फिल्म के बजट की बात करें इस फिल्म को 200 करोड़ में बनाया गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक जूनियर एनटीआर ने अपनी फीस घटा कर सिर्फ 30 करोड़ में काम किया है। वहीं, सुपरस्टार ऋतिक रोशन ने 48 करोड़ की मोटी रकम ली है। कियारा अडवानी ने ये फिल्म 15 करोड़ में की है। फिल्म के डायरेक्टर अयान मुखर्जी ने 32 करोड़ लिए हैं। ये फिल्म 14 अगस्त को रिलीज हो रही है।

# सोनम ने 12 इंच लंबे बालों का किया दान



*मुंबई। अभिनेत्री सोनम कपूर अक्सर सोशल मीडिया पर किसी ना किसी वजह से चर्चा में रहती हैं। इस बार एक्ट्रेस ने अपने बालों को कटवाया है और एक अनोखा कदम उठाते हुए उन बालों को दान किया, जिस कारण से नेटिजंस उनका बहुत मजाक उड़ा रहे हैं। इसके साथ ही आपको बताते चलें कि अभिनेत्री ने अपने लंबे बालों के लिए पिता अनिल कपूर का शुक्रिया अदा किया है। सोनम कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें उन्हें सैलून में अपने बालों को छोटा करवाते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में उन्हें मुस्कुराते हुए देखा जा रहा है। इस पोस्ट को शेयर करते अभिनेत्री ने बताया, 'मैंने अपने 12 इंच बाल कटवाए हैं। शायद वीडियो में यह छोटा लगे, लेकिन यह सच में एक फुट लंबा है।' इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा, मैंने अपने बालों को 12 इंच छोटा करवाने और दान करने का निर्णय लिया है। इतने खूबसूरत जींस के लिए धन्यवाद अनिल कपूर। इस वीडियो के सामने आते ही नेटिजंस अभिनेत्री का खूब मजाक उड़ा रहे हैं। एक यूजर एक्ट्रेस का मजाक बनाते हुए कहते हैं, 'इतना बड़ा बलिदान, आप इतने सारे बाल कैसे दान कर सकती हैं। आप पहचान में नहीं आ रही हैं, यह कब वापस उगेंगे। हे भगवान इन बालों से पूरे गांव के लिए विग बनाई जा सकती है।' एक और यूजर ने उन पर कटाक्ष करते हुए बोला, 'लग रहा है जैसे उन्होंने अपने बेकार बालों को काट दिए और उन डैमेज बालों को दान में दे दिया। वाह क्या सोच है।' इसके अलावा एक अन्य यूजर ने कमेंट सेक्शन में गुस्से में लिखा कि ये 12 इंच नहीं, बल्कि छह इंच है। कुछ और यूजर्स ने अभिनेत्री के इस फैसले पर व्यंग्य किया है।*

## दो अलग-अलग धुरी पर खड़े लोगों के बीच हो जाती है मोहब्बत

# मेट्रो इन दिनों से लेकर बागबान तक में दिखा उम्रदराज जोड़े का प्यार


***नई दिल्ली।*** *'ना उम्र की सीमा हो, ना जन्म का हो बंधन, जब प्यार करे कोई तो देखे केवल मन'यह बॉलीवुड सॉन्ग प्यार के सच्चे अहसास को बयां करता है। बॉलीवुड में कई ऐसी फिल्में बनी हैं, जिनमें दो अलग-अलग धुरी पर खड़े लोगों के बीच मोहब्बत हो जाती है। यहां तक की उम्रदराज जोड़ियों की मोहब्बत पर भी बॉलीवुड में कई फिल्में बनी हैं। जल्द ही 'मेट्रो इन दिनों'में भी अनुपम खेर और नीना गुप्ता के किरदारों के बीच ऐसा ही रोमांस देखने को मिलेगा। इससे पहले भी कई फिल्मों में उम्रदराज जोड़ों के प्यार की कहानी को बड़ी खूबसूरती से बयां किया गया है।*




**लाइफ इन ए मेट्रो :** साल 2007 में फिल्म 'लाइफ इन ए मेट्रो' रिलीज हुई, फिल्म को अनुराग बसु ने ही निर्देशित किया था। फिल्म में अलग-अलग उम्र के लोगों की लव स्टोरीज दिखाई गई, इन्हीं में से एक लव स्टोरी धर्मेंद्र और नफीसा अली द्वारा निभाए गए किरदारों की थी। फिल्म में कई साल बाद एक जोड़ा मिलता है, अपने पुराने प्यार को अंजाम तक लेकर जाने की कोशिश करता था। इस फिल्म में धर्मेंद्र और नफीसा पर एक किसिंग सीन भी फिल्माया गया था।

**चीनी कम :** अमिताभ बच्चन और तब्बू की जोड़ी फिल्म 'चीनी कम (2007)' में नजर आई। आर बाल्की निर्देशित इस फिल्म में अमिताभ और तब्बू के किरदारों के बीच मैच्योर किस्म का प्यार देखना फैंस के लिए नया एक्सपीरियंस था।





**बागबान :** फिल्म 'बागबान (2003)' एक फैमिली ड्रामा फिल्म थी, मगर पति-पत्नी के रोल में नजर आए अमिताभ बच्चन और हेमा मालिनी का प्यार ही फिल्म की कहानी का केंद्र था। उम्रदराज जोड़ा जब किन्हीं वजहों से एक-दूसरे से दूर हो जाता है तो इनका दर्द दर्शकों से भी नहीं देखा जाता है। आखिर में दोनों मिलते हैं और फिल्म हैप्पी एंडिंग पर खत्म होती है।



**बधाई हो :** फिल्म 'बधाई हो (2018)' में आयुष्मान खुराना के माता-पिता के रोल में नीना गुप्ता और गजराज राव नजर आए। इस जोड़े के बीच भी रोमांस दिखाया गया। फिल्म की कहानी इनके रोमांस और वर्षों बाद होने वाले बच्चे पर थी। यह सिचुएशन फिल्म में कॉमेडी की वजह भी बनती है, लेकिन आखिरी में फिल्म दर्शकों को इमोशनल कर जाती है। इस फिल्म के डायरेक्टर अमित रविंद्रनाथ शर्मा थे।

***इन फिल्मों में भी दिखा मैच्योर लव :*** *रोहित शेट्टी निर्देशित गोलमाल 3 (2010) में भी रतना पाठक और मिथुन चक्रवर्ती के बीच एक मैच्योर लव स्टोरी देखने को मिली। साल 2005 में 'प्यार में ट्विस्ट' नाम की एक फिल्म रिलीज हुई, इसमें ऋषि कपूर और डिंपल कपाड़िया के किरदारों के बीच रोमांस दिखाया गया था। फिल्म को हृदय शेट्टी ने निर्देशित किया था।*

## 85.29 के सर्वश्रेष्ठ थ्रो से शीर्ष पर रहे

# नीरज चोपड़ा ने जीता गोल्डन स्पाइक टूर्नामेंट का खिताब

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने चेक गणराज्य के ओस्ट्रावा में गोल्डन स्पाइक एथलेटिक्स मीट में 85.29 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो से खिताब जीत लिया है। नीरज ने शानदार प्रदर्शन किया और वह शीर्ष पर रहे।

यह वही टूर्नामेंट हैं जिसे नीरज के कोच और विश्व रिकॉर्ड होल्डर जेन जेलेज्नी ने अपने करियर में नौ बार जीता है। उन्होंने 1986 से 2006 के बीच खिताब हासिल किए।




### तीसरे प्रयास में किया सर्वश्रेष्ठ थ्रो

*नीरज चोट के चलते पिछले दो बार से इस टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले सके थे, लेकिन इस बार उन्होंने इसमें हिस्सा लिया और शीर्ष पर रहने में सफल रहे। नीरज ने इस टूर्नामेंट में फाउल के साथ शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने दूसरे प्रयास में 83.45 मीटर का थ्रो किया, लेकिन तीसरे प्रयास में उन्होंने 85.29 मीटर का थ्रो किया जो अंत में उन्हें विजेता बनाने के लिए काफी रहा। नीरज ने चौथे प्रयास में 82.17 मीटर और पांचवें प्रयास में 81.01 मीटर का थ्रो किया। नीरज ने छठा और आखिरी प्रयास फाउल किया।*

# ईशान किशन ने पाकिस्तानी खिलाड़ी के साथ मनाया जश्न, फैंस ने उठाए सवाल

एजेंसी ▶▶| नाटिंघमशायर

भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन उस समय विवादों में आ गए, जब उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें वह काउंटी चैंपियनशिप में पाकिस्तानी गेंदबाज मोहम्मद अब्बास के साथ जश्न मनाते नजर आए। भारत और पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण रिश्तों के बीच इस वीडियो ने फैंस के बीच बहस छेड़ दी है। कई प्रशंसकों ने ईशान के इस व्यवहार पर सवाल उठाए हैं।



### अब्बास की बॉल पर ईशान ने लिया कैच

ईशान किशन इन दिनों काउंटी चैंपियनशिप में नॉटिंघमशायर की ओर से खेल रहे हैं। उनकी टीम में पाकिस्तानी तेज गेंदबाज मोहम्मद अब्बास भी शामिल हैं। एक मैच के दौरान अब्बास की गेंद पर बल्लेबाज का कैच उठा, जिसे विकेटकीपर ईशान ने लपक लिया। इसके बाद दोनों खिलाड़ी खुशी में एक साथ जश्न मनाते दिखे। इस पल का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया।

### फैंस की प्रतिक्रिया मिली-जुली रही

वायरल वीडियो को लेकर फैंस दो हिस्सों में बंट गए हैं। कुछ लोग इसे सामान्य खेल भावना मानते हैं और कहते हैं कि मैदान पर सभी खिलाड़ी एक-दूसरे के साथी होते हैं। वहीं, कुछ फैंस का मानना है कि भारत-पाकिस्तान के मौजूदा हालात में ईशान को जश्न मनाने से बचना चाहिए था। सोशल मीडिया पर एक यूजर ने लिखा, ईशान को थोड़ा संभलकर व्यवहार करना चाहिए था। यह समय संवेदनशील है। वहीं, एक अन्य फैन ने समर्थन में कहा, खेल में दोस्ती और प्रतिद्वंद्विता दोनों होती है। ईशान ने कुछ गलत नहीं किया।

## खबर संक्षेप



### पारस एशियाई स्नूकर के सेमीफाइनल में

**कोलंबो।** भारत के पारस गुप्ता ने मंगलवार को यहां एसीबीएस एशियाई 6 रेड स्नूकर चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में सनी वांग को 5-0 से करारी शिकस्त देकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। आगरा के 29 वर्षीय क्यू खिलाड़ी पारस ने सिंगापुर के खिलाड़ी के खिलाफ 5-0 (35-28, 44-9, 40-2, 53-12, 59-0) की आसान जीत दर्ज की। वांग ने पाकिस्तान के पूर्व चैंपियन मोहम्मद सज्जाद को 5-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया था। पारस सेमीफाइनल में हबीब सबा (बहरीन) और अली अल ओबैदली (कतर) के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेंगे।

### गेम्सक्राफ्ट ने चार खेल संस्थाओं के साथ करार

**नई दिल्ली।** कौशल आधारित ऑनलाइन गेमिंग कंपनी गेम्सक्राफ्ट की शाखा गेम्सक्राफ्ट फाउंडेशन ने चार भारतीय खेल संगठनों के साथ अपनी साझेदारी का नवीनीकरण किया है। यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि गेम्सक्राफ्ट फाउंडेशन ने इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट, अंजू बॉबी स्पोर्ट्स फाउंडेशन, गोस्पोर्ट्स फाउंडेशन और डोला एंड राहुल बनर्जी स्पोर्ट्स फाउंडेशन के साथ अपना करार जारी रखने का फैसला किया है। फाउंडेशन ने अब तक 140 से अधिक खिलाड़ियों को मदद पहुंचाई है जिन्होंने पिछले वित्तीय वर्ष में विभिन्न खेलों में 190 से अधिक पदक जीते।

### इंटर मियामी-पाल्मेरास क्लब विश्व कप के अगले दौर में

**मियामी गार्डन्स (अमेरिका)।** पाल्मेरास ने हार्ड रॉक स्टेडियम में इंटर मियामी के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला जिससे दोनों टीम क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतिम 16 में जगह बनाने में सफल रही।



दोनों टीमों के लिए मैच का ड्रॉ होना ही नाकआउट दौर में पहुंचने के लिए पर्याप्त था। दोनों टीमों ने ग्रुप ए में चार-चार अंक लेकर अगले दौर में कदम रखा। अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनेल मेस्सी इस मैच में कोई कमाल नहीं दिखा पाए। उन्होंने गोल करने के कुछ अच्छे मौके गंवाए।

### श्रीलंका को झटका, मिलन रथनायके दूसरे टेस्ट से बाहर

**कोलंबो।** श्रीलंका क्रिकेट ने दूसरे मैच के लिए 18 सदस्यीय टीम की घोषणा करते हुए बताया कि मिलन रथनायके पहले टेस्ट के दौरान बाएं हिस्से में खिंचाव के कारण बांग्लादेश के खिलाफ दूसरा टेस्ट नहीं खेलेंगे।



यह टीम श्रीलंका द्वारा बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए घोषित की गई टीम के समान ही है, जिसमें एंजेलो मैथ्यूज को एकमात्र अपवाद माना गया है, जिन्होंने शनिवार (21 जून) को गॉल में पहले टेस्ट के बाद इस प्रारूप से संन्यास ले लिया था। यह टेस्ट 25 से 29 जून तक कोलंबो के सिंहली स्पोर्ट्स क्लब में खेला जाएगा।

## डकेट ने लगाया शतक, पांच मैचों की सीरीज में इंग्लैंड 1-0 से आगे

# इंग्लैंड ने पहले टेस्ट में भारत को 5 विकेट से हराया, बने कई रिकॉर्ड्स

एजेंसी ▶▶| हेडिंग्ले

इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने पहले टेस्ट में भारतीय क्रिकेट टीम को 5 विकेट से हराते हुए सीरीज में 0-1 से बढ़त हासिल की। हेडिंग्ले टेस्ट में जीत के लिए मिले 371 रन के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य को मेजबान टीम ने बेन डकेट के शतक (149) की बदौलत हासिल किया। भारत की ओर से फील्डिंग में बहुत कैच छोड़े गए, जिसका खामियाजा मेहमान टीम को भुगतना पड़ा। सीरीज का दूसरा मैच 2 जुलाई से बर्मिंघम में खेला जाएगा। लीड्स के हेडिंग्ले क्रिकेट स्टेडियम में मंगलवार को मुकाबले के आखिरी दिन इंग्लैंड को 350 रन बनाने थे, जिसे टीम ने 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया। बेन डकेट ने 149 और जैक क्रॉली ने 65 रन की पारी खेली। बेन स्टोक्स ने 33 रन बनाए। भारत से शार्दूल ठाकुर और प्रसिद्ध कृष्णा को दो-दो विकेट। पहली पारी में इंग्लैंड 465 और भारत 471 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत को पहली पारी में 6 रन की बढ़त मिली थी। मैच में भारतीय टीम से 9 कैच ड्रॉप हुए। टीम ने पहली पारी में 6 और दूसरी पारी में 3 कैच छोड़े।



### गिल ने कप्तानी में डेब्यू के साथ रचा इतिहास

गिल टेस्ट कप्तान के रूप में पहली पारी में शतक जड़कर इतिहास रच दिया था। वह भारत के उन चुनिंदा कप्तानों की सूची में शामिल हुए, जिन्होंने डेब्यू टेस्ट की पहली पारी में ही शतक लगाया। उनसे पहले यह कारनामा विजय हजारे (1951, दिल्ली) सुनील गावस्कर (1976, ऑकलैंड) और विराट कोहली (2014, एडिलेड) ने किया था। हेडिंग्ले में मंसूर अली खान पटौदी (1967) और सौरव गांगुली (2002) के बाद टेस्ट शतक लगाने वाले गिल तीसरे भारतीय कप्तान बने हैं।

### पंत ने दोनों पारियों में लगाए शतक

पंत इस शतक के साथ ही एक टेस्ट मैच की दोनों पारियों में शतक जड़ने वाले दुनिया के दूसरे विकेटकीपर बल्लेबाज बन गए हैं। उनसे पहले जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज एंडी फ्लावर ने यह कारनामा किया था। उन्होंने साल 2001 में हरारे में दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ खेले गए टेस्ट की दोनों पारियों में क्रमशः 142 और 199* के स्कोर बनाए थे। इन दोनों के अलावा अन्य कोई विकेटकीपर ऐसा नहीं कर पाया है।

### बुमराह ने पहली पारी में लिए 5 विकेट

बुमराह ने पहली पारी में 83 रन देते हुए 5 विकेट लिए। यह उनके टेस्ट करियर का 14वां 5 विकेट हॉल रहा। इसके साथ-साथ उन्होंने एसईएलए देशों (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) में अपने 150 विकेट पूरे किए।

### इस तरह से जीती इंग्लिश टीम

भारत ने पहली पारी में यशस्वी जायसवाल (101), शुभमन गिल (147) और ऋषभ पंत (134) के शतकों की बदौलत 471 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड ने ओली पोप (106) और हैरी ब्रूक (99) की पारियों की बदौलत 465 रन बनाए। भारत से बुमराह ने 5 विकेट लिए। इसके बाद भारत ने केएल राहुल (137) और पंत (118) की बदौलत 364 रन बनाए। आखिर में इंग्लैंड से बेन डकेट ने शतक (149) लगाया और रूट ने जीत दिलाई।

### 15 साल बाद किसी इंग्लिश सलामी बल्लेबाज ने चौथी पारी में जड़ा शतक

*डकेट ने इस शतक के साथ अहम मुकाम हासिल किया है। वह डेढ़ दशक बाद किसी टेस्ट की चौथी पारी में शतक जड़ने वाले इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बने हैं। इससे पहले आखिरी बार 2010 में एलिस्टर कुक ने बतौर सलामी बल्लेबाज शतक जड़ा था। बता दें कि कुक ने मीरपुर में बांग्लादेश के खिलाफ पारी में नाबाद 109 रन बनाए थे। इसके साथ-साथ यह डकेट का दूसरी पारी में पहला शतक है।*

### स्कोर बोर्ड

भारत पहली पारी : 471 रन,
इंग्लैंड पहली पारी : 465 रन
भारत दूसरी पारी : 364 रन

| इंग्लैंड दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जैक क्रॉली का राहुल बो कृष्णा | 65 | 126 | 21 | 1 |
| बेन डकेट का रेड्डी बो ठाकुर | 149 | 170 | 21 | 1 |
| ओली पोप बो कृष्णा | 08 | 08 | 2 | 0 |
| जो रूट नाबाद | 53 | 84 | 6 | 0 |
| हैरी ब्रूक का पंत बो ठाकुर | 00 | 01 | 0 | 0 |
| बेन स्टोक्स का गिल बो जडेजा | 33 | 51 | 4 | 0 |
| जैमी स्मिथ नाबाद | 44 | 55 | 4 | 2 |

अतिरिक्त : 21 रन, योग : 82 ओवर में 373/5 रन
गेंदबाजी : बुमराह 19-3-57-0, सिराज 14-1-51-0, जडेजा 24- 1-104-1, कृष्णा 15-0-92-2

## क्रिकेट

# तिलक का काउंटी चैंपियनशिप में डेब्यू, पहली पारी में ही जड़ा शतक



एजेंसी ▶▶| हैम्पशायर

भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाज तिलक वर्मा ने अपना काउंटी क्रिकेट में जोरदार डेब्यू किया है। उन्होंने हैम्पशायर का प्रतिनिधित्व करते हुए एसेक्स के खिलाफ मुकाबले में शतक (100) लगाया है।

यह उनके प्रथम श्रेणी क्रिकेट करियर का कुल छठा शतक रहा। उनकी इस पारी की मदद से हैम्पशायर ने पहली पारी के आधार पर बढ़त हासिल की है। हैम्पशायर ने जब 34 रन के स्कोर पर अपना दूसरा विकेट खोया, तब तिलक क्रीज पर आए। उन्होंने एक छोर से टिककर बल्लेबाजी की और फ्लेचा मिडलटन (61) के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए 62 रन की साझेदारी की। इसके बाद उन्होंने कप्तान बेन ब्राउन (40) के साथ मिलकर 68 रन जोड़े। डटकर बल्लेबाजी कर रहे तिलक 241 गेंदों में 100 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने 11 चौके और 3 छक्के भी लगाए।

### ऐसा है तिलक का प्रथम श्रेणी करियर

तिलक ने अपने प्रथम श्रेणी करियर में अब तक 19 मैच खेले हैं, जिसमें 50 से अधिक की उम्दा औसत के साथ 1,304 रन बनाए हैं।इस बीच उन्होंने 6 शतक और 4 अर्धशतक लगाए हैं। इस बीच उनका सर्वोच्च स्कोर 121 रन रहा है। अपने लिस्ट-ए करियर में उन्होंने 36 मैच खेले हैं, जिसमें 48.19 की औसत के साथ 1,494 रन बनाए हैं। उन्होंने लिस्ट-ए क्रिकेट में 5 शतक भी लगाए हैं।

**हैम्पशायर ने हासिल की बढ़त :** काउंटी चैंपियनशिप डिवीजन वन के 37वें मैच में एसेक्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 296 रन बनाए। एसेक्स की ओर से चार्ली एलिसन ने शतक (101) लगाया। जवाब में हैम्पशायर ने 101 ओवर खेलने के बाद 5 विकेट के नुकसान पर 339 रन बनाए हैं।हैम्पशायर से तिलक के अलावा लियाम डावसन ने भी शतक लगाया है और अपनी टीम को बढ़त दिलाने में अहम भूमिका निभाई है।

## ग्रेंडमास्टर टूर्नामेंट

# ललित-दास को मुंबई अंतरराष्ट्रीय शतरंज टूर्नामेंट में संयुक्त बढ़त





एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारत के ललित बाबू और नीलोत्पल दास ने मंगलवार को मुंबई अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट के आठवें दौर में अपनी-अपनी बाजी जीतकर आर्मेनिया के घरीबयान मामिकोन के साथ संयुक्त बढ़त बना ली।

ललित बाबू ने सफेद मोहरों से खेलते हुए बेलारूस के ग्रैंडमास्टर एलेक्सी फेडोरोव को 39 चाल में हराया जबकि नीलोत्पल ने आर्मेनिया के अंतरराष्ट्रीय मास्टर आर्सेन देवत्यान के खिलाफ जीत दर्ज की। मामिकोन ने बड़ा उलटफेर करते हुए काले मोहरों से खेलते हुए शीर्ष पर चल रहे बेलारूस के ग्रैंडमास्टर एलेक्सेज एलेक्जेंड्रोव को हराया।

### खिलाड़ियों के अंक

संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे खिलाड़ियों के आठ मैच में सात अंक हैं। ग्रैंडमास्टर एलेक्जेंड्रोव, ग्रैंडमास्टर लेवन पेंटसुलिया, ग्रैंडमास्टर मैनुअल पेट्रोसियन, ग्रैंडमास्टर दीपन चक्रवर्ती और ग्रैंडमास्टर एनगुएन डुक होआ सहित नौ खिलाड़ी आठ में से 6.5 अंक जुटाकर संयुक्त रूप से चौथे पायदान पर हैं।

### अन्य खिलाड़ियों का प्रदर्शन

जूनियर वर्ग में फिडे मास्टर अंश नेरुरकर ने माधवेंद्र शर्मा पर जीत के साथ वापसी की जबकि मधेश कुमार को अद्विक अग्रवाल ने ड्रॉ पर रोका। नेरुरकर और मधेश आठ मैच में सात अंक लेकर संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। उनके पीछे व्योम मल्होत्रा, अद्विक और शौनक बडोले हैं जिनके समान 6.5 अंक हैं।

### पीएसजी क्लब विश्व कप के अंतिम 16 में

**सिएटल।** यूरोप के शीर्ष क्लब पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने सिएटल साउंडर्स को 2-0 से हराकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया। सोमवार की रात को खेले गए मैच में पीएसजी ने 35वें मिनट में पहला गोल किया, जब विटिना का शॉट नेट से काफी दूर जाकर टीम के साथी ख्विचा क्वारात्सेलिया से टकराया और डिफ्लेक्ट होकर गोल के अंदर चला गया। चैंपियंस लीग के चैंपियन की तरफ से अशरफ हकीमी ने 66वें मिनट में दूसरा गोल किया। इस जीत से पीएसजी ग्रुप बी में गोल अंतर के आधार पर शीर्ष पर रहकर अगले दौर में जगह बनाने में सफल रहा।

## पंत ने दोबरा ये गलती की तो आईसीसी लगा देगी बैन

**हेडिंग्ले।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को इंग्लैंड के खिलाफ चल रहे पहले टेस्ट मैच में अंपायर के फैसले पर असहमति जताने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने फटकार लगाई है। अगर पंत ने दोबारा ऐसी गलती की, तो उन पर बैन का खतरा मंडरा सकता है।



हेडिंग्ले में खेले जा रहे टेस्ट मैच के तीसरे दिन इंग्लैंड की पहली पारी के दौरान ऋषभ पंत ने मैदान पर गलत व्यवहार किया। 27 साल के इस खिलाड़ी ने अंपायर के फैसले पर नाराजगी जताई, जिसके कारण उन्हें आईसीसी की आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन का दोषी पाया गया। यह नियम खिलाड़ियों द्वारा अंतरराष्ट्रीय मैच में अंपायर के फैसले पर असहमति जताने से संबंधित है। यह विवाद इंग्लैंड की पारी के 61वें ओवर में हुआ, जब हैरी ब्रूक और बेन स्टोक्स बल्लेबाजी कर रहे थे। पंत ने गेंद की स्थिति को लेकर अंपायरों से बहस की। अंपायरों ने बॉल गेज से गेंद की जांच की और उसे बदलने से मना कर दिया। इस पर पंत ने गुस्से में गेंद को जमीन पर फेंककर अपनी नाराजगी जाहिर की। यह व्यवहार आईसीसी नियमों के खिलाफ था।

# एलिसा हीली की नजरें लगातार दो विश्व कप और 2026 में भारत के खिलाफ श्रृंखला जीतने पर

एजेंसी ▶▶| सिडनी

ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम की कप्तान एलिसा हीली ने आगामी एकदिवसीय विश्व कप के बाद संन्यास लेने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा है कि लगातार चोटिल होने के कारण उनकी कम से कम 2026 में भारत के खिलाफ श्रृंखला तक खेलने की भूख और बढ़ गई है।

पैंतीस साल की विकेटकीपर-बल्लेबाज हीली पिछले साल से ही लगातार चोटों से जूझ रही हैं जिसमें टी20 विश्व कप के दौरान उनके पैर में स्ट्रेस फ्रेक्चर भी शामिल है। इसके बाद घुटने की समस्या के कारण उन्हें कई मैचों से बाहर होना पड़ा। हीली ने स्वीकार किया कि उन्होंने शुरू में इस साल भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप के बाद संन्यास लेने के बारे में सोचा था लेकिन अब उनका नजरिया बदल गया है।




### मैं विश्व कप घर लाना चाहती हूं

हीली ने कहा, ''कभी-कभी जीवन में ऐसी चीजें होती हैं जो हरे और सुनहरे रंग की जर्सी पहनने से थोड़ी अधिक महत्वपूर्ण होती हैं। इसलिए यह सिर्फ लगातार आकलन है।'' उन्होंने कहा, ''लेकिन इस समय मैं निश्चित रूप से स्वदेश में गर्मियों में खेलना चाहती हूं। मैं विश्व कप घर लाना चाहती हूं लेकिन भारत के खिलाफ (2026 में घरेलू मैदान पर) भी खेलना चाहती हूं।

### शायद संन्यास लेने की तारीख बढ़ गई है : हीली

हीली ने ऑस्ट्रेलियाई एसोसिएटेड प्रेस (एएपी) से कहा, ''शायद यह (संन्यास लेने की तारीख) थोड़ी बदल गई है। इसने (चोटों ने) मुझे एहसास दिलाया है कि मैं अब भी शायद जितना सोचा था, उससे थोड़ा अधिक करना चाहती हूं।'' हालांकि वह ऑस्ट्रेलिया की घरेलू मैदान पर एशेज जीत के दौरान कुछ मैच खेलीं लेकिन न्यूजीलैंड के दौरे और भारत में महिला प्रीमियर लीग में भाग नहीं ले पाईं।

## जोफ्रा आर्चर चार साल बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी के लिए पूरी तरह तैयार

# दूसरे टेस्ट मैच से फिट हुआ इंग्लैंड का खतरनाक गेंदबाज

एजेंसी ▶▶| हेडिंग्ले

भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही टेस्ट सीरीज के दूसरे मैच से पहले भारतीय टीम के लिए एक चिंताजनक खबर सामने आई है। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर चार साल बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी के लिए पूरी तरह तैयार हैं। आर्चर ने हाल ही में काउंटी क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन कर अपनी फिटनेस का सबूत दिया है, जो भारतीय बल्लेबाजों के लिए खतरे की घंटी है। आर्चर ने 2021 के बाद से कोई टेस्ट मैच नहीं खेला है। चोटों के कारण



वह लंबे समय तक क्रिकेट से दूर रहे, लेकिन अब वह पूरी तरह फिट नजर आ रहे हैं।

जोफ्रा आर्चर ने सोमवार को डरहम के खिलाफ ससेक्स के लिए काउंटी मैच में हिस्सा लिया। इस मैच को उनकी टेस्ट क्रिकेट में वापसी के लिए एक बड़ा टेस्ट माना जा रहा था। चेस्टर-ले-स्ट्रीट में खेले गए इस मैच के दूसरे दिन आर्चर ने 14 ओवर फेंके और एक विकेट हासिल किया। यह उनके लिए एक बड़ा मौका था, जिसमें उन्होंने अपनी फिटनेस और गेंदबाजी की धार को साबित किया।

### चार साल बाद टेस्ट में वापसी की तैयारी

मैच के बाद उन्होंने कहा, मैं इस खेल को पूरा खेलकर खुश हूं. पिछली बार मैं सिर्फ चाय के समय तक खेल पाया था, लेकिन इस बार मैंने पूरे दिन गेंदबाजी की। मुझे लगता है कि मैं ठीक था। अब मेरे सामने मानसिक चुनौती है, क्योंकि मेरा शरीर अब गेंदबाजी के लिए तैयार है। आर्चर का यह आत्मविश्वास इंग्लैंड के लिए अच्छी खबर है, लेकिन भारत के लिए मुश्किलें बढ़ा सकता है।

### भारत के लिए क्यों है खतरा?

जोफ्रा आर्चर अपनी रफ्तार और उछाल के लिए जाने जाते हैं। उनकी गेंदबाजी में गति और आक्रामकता भारतीय बल्लेबाजों के लिए हमेशा से चुनौती रही है। खासकर यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल और ऋषभ पंत जैसे बल्लेबाजों को आर्चर की तेज गेंदों का सामना करने के लिए अपनी रणनीति बदलनी पड़ सकती है। पहले टेस्ट में भारत ने शानदार बल्लेबाजी की थी, लेकिन आर्चर की वापसी इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण को और मजबूत कर सकती है।




## नौकैंची लैंडस्लाइड के बाद यमुनोत्री धाम की यात्रा पर ब्रेक, रोके गए हजारों श्रद्धालु

# मलबे से एक किशोरी समेत दो शव निकाले गए, एक घायल

एजेंसी ⏭ बड़कोट (उत्तरकाशी)

यमुनोत्री धाम के पैदल पर मार्ग पर सोमवार को पहाड़ी से हुए भूस्खलन के बाद आज सुबह से फिर खोज बचाव अभियान शुरू किया गया। नौकैंची के समीप मलबा बोल्डर आने से कई लोग उसमें दब गए थे। सोमवार देर शाम तक एक 12 वर्षीय किशोरी समेत दो शव निकाल दिए गए थे, वहीं एक घायल को उपचार के लिए भेजा गया था।

जानकीचट्टी-यमुनोत्री पैदल मार्ग पर भैरव मंदिर के पास भूस्खलन के कारण यात्रा मार्ग बाधित हो गया है। दो लापता श्रद्धालुओं की खोजबीन जारी है, जिस कारण यमुनोत्री धाम की आवाजाही फिलहाल बंद कर दी गई है। बड़कोट, दुबाटा बैंड, गंगनानी, खराड़ी, पालीगाड़ सहित कई स्थानों पर श्रद्धालुओं को रोका गया है। सैकड़ों वाहनों में हजारों श्रद्धालु कल से मार्ग खुलने का इंतजार कर रहे हैं।

### श्रद्धालुओं से धैर्य बनाए रखने की अपील

दो लापता श्रद्धालुओं की खोजबीन जारी

राहत व बचाव दल मार्ग खोलने में जुटा



प्रशासन ने श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्थानों पर रोका है, जिससे किसी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके। उपजिलाधिकारी बृजेश कुमार तिवारी ने बताया कि सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है। राहत व बचाव दल लगातार खोजबीन और मार्ग खोलने के कार्य में जुटे हैं।

**जानकीचट्टी से धाम के लिए भेजेंगे**

*जिलाधिकारी प्रशांत आर्या के आदेशानुसार यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिगत यमुनोत्री धाम पैदल यात्रा मार्ग के नौकैंची के पास सुरक्षा के दृष्टिगत पैदल मार्ग के ऊपर रुके हुए पत्थरों को हटाने, यात्रा मार्ग के मरम्मत कार्य, रेलिंग आदि लगाए जा रहे हैं। वहीं यमुनोत्री धाम पैदल वैकल्पिक मार्ग की सफाई और सुव्यस्थित सुविधा किए जाने आदि का काम भी तेजी से चल रहा है। जिसके मंगलवार रात तक पूरा होने की संभावना है। इसके बाद ही यमुनोत्री पैदल मार्ग को कल सुरक्षित आवागमन के लिए सुचारू कर यात्रियों को जानकीचट्टी से धाम के लिए भेजा जाएगा।*

### वैष्णो देवी मार्ग श्रद्धालुओं के लिए खुला

**कटड़ा।** करीब 20 घंटे के उपरांत महत्वपूर्ण बैटरी कार मार्ग को श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया है। इसके साथ ही इस मार्ग पर श्रद्धालुओं की आवाजाही एक बार फिर शुरू हो गई। दूसरी और इस महत्वपूर्ण मार्ग पर चलने वाली बैटरी कार सेवा को भी बहाल कर दिया गया। श्राइन बोर्ड ने तत्काल ऐसा कर यात्रियों को बड़ी राहत दी है। ऐसे में श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के अपनी यात्रा शुरू कर सकते हैं। बता दें, सोमवार दोपहर को एकाएक हुई मूसलाधार बारिश के कारण महत्वपूर्ण बैटरी कार मार्ग पर कई जगहों पर भूस्खलन हुआ था। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने इस मार्ग को बंद कर दिया था।

पाक अभिनेत्री संग फिल्म बनाने पर घिरे दोसांझ

# मौलाना रजवी ने फिल्म न देखने के साथ की गिरफ्तारी की मांग

एजेंसी ⏭ बरेली



पंजाबी गायक और अभिनेता दिलजीत दोसांझ अपनी आने वाली फिल्म 'सरदार जी 3' को लेकर विवादों में घिर गए हैं। इस फिल्म में उन्होंने पाकिस्तानी अभिनेत्री हानिया आमिर संग काम किया है। इसका विरोध हो रहा है। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने पंजाबी सिंगर और अभिनेता दिलजीत दोसांझ की फिल्म 'सरदार जी 3' पर तीखी प्रतिक्रिया दी है।

मौलाना ने कहा कि दलजीत दोसांझ ने इस फिल्म में पाकिस्तान की अभिनेत्री एक्टर हानिया आमिर के साथ काम किया है। इससे भारत में गलत संदेश जा रहा है। इस फिल्म पर तत्काल रोक लगाई जाए। अभिनेता पर कार्रवाई की जाए। रजवी ने देशवासियों से सरदार जी फिल्म न देखने की अपील की है। इसके साथ केंद्र सरकार से दलजीत दोसांझ के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग भी की। उन्होंने कहा कि सरकार को चाहिए कि इस फिल्म पर तत्काल रोक लगाई जाए। अभिनेता दलजीत दोसांझ को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए। रजवी ने कहा कि दलजीत दोसांझ ने अपने फायदे के लिए भारत के दुश्मन मुल्क से आखिर रिश्ता क्यों रखा है? उनको भारत में कोई अभिनेत्री क्यों नहीं मिली? वह क्यों आतंकवादी सोच के लोगों की सराहना करते हैं? दलजीत दोसांझ को यह तमाम बातें स्पष्ट करनी होंगी।

### हिंदी तो दिखावा केंद्र ने संस्कृत को दिया सबसे ज्यादा फंड



**नई दिल्ली।** भारत में भाषा को लेकर सियासत एक बार फिर गरमा गई है। तमिलनाडु के सीएम एम. के. स्टालिन ने केंद्र सरकार पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा है कि हिंदी केवल दिखावे के लिए है, असली एजेंडा संस्कृत को देश पर थोपने का है। एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि केंद्र ने पिछले दस वर्षों में संस्कृत के प्रचार-प्रसार पर हजारों करोड़ रुपए खर्च किए हैं, जबकि तमिल, तेलुगू, कन्नड़, मलयालम और ओडिया जैसी अन्य शास्त्रीय भाषाओं को नाम मात्र का फंड मिला है।

सुप्रीम कोर्ट ने लगा दी हत्या के आरोपी ब्लैक कैट कमांडो की क्लास

# ऑपरेशन सिंदूर में शामिल होने से उसे किसी तरह के प्रतिरोध का 'अधिकार' नहीं मिलता

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पत्नी की हत्या के आरोपी ब्लैक कैट कमांडो ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि वह पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर में शामिल था। इसके बावजूद सुप्रीम कोर्ट ने उसे किसी भी तरह की छूट देने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में शामिल होने से उसे किसी तरह के प्रतिरोध का अधिकार नहीं मिलता है। कोर्ट एक स्पेशल लीव पिटिशन पर सुनवाई कर रहा था। कमांडो ने सुप्रीम कोर्ट से पुलिस के सामने आत्मसमर्पण करने से छूट मांगी थी। जस्टिस उज्जल भुयान ने कहा कि ब्लैक कैट कमांडो होने से आपको छूट नहीं मिलेगा। आप इतने फिट हैं कि पत्नी का अकेले ही गला घोंट सकते हैं। जिस तरह से आरोपी पर गला घोंटकर हत्या करने का आरोपा है, उसे छूट नहीं दी जा सकती। जस्टिस विनोद चंद्रन ने कहा कि हाई कोर्ट भी कामांडो को किसी तरह की छूट देने से इनकार कर चुका है।






हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930